| 147200 | 1 | 0.01 | 147,200 | 0.14 | 342 | 800 | 0 | 1 | | 0.00 |
| 149600 | 2 | 0.02 | 299,200 | 0.29 | 348 | 800 | 1 | 2 | 800 | 0.33 |
| 152000 | 2 | 0.02 | 304,000 | 0.30 | 353 | 800 | 1 | 2 | 800 | 0.33 |
| 152800 | 1 | 0.01 | 152,800 | 0.15 | 355 | 800 | 0 | 1 | | 0.00 |
| 155200 | 1 | 0.01 | 155,200 | 0.15 | 361 | 800 | 0 | 1 | | 0.00 |
| 156000 | 1 | 0.01 | 156,000 | 0.15 | 363 | 800 | 0 | 1 | | 0.00 |
| 158400 | 1 | 0.01 | 158,400 | 0.15 | 368 | 800 | 0 | 1 | | 0.00 |
| 160000 | 6 | 0.07 | 960,000 | 0.93 | 372 | 800 | 1 | 2 | 2,400 | 1.00 |
| 160800 | 4 | 0.05 | 643,200 | 0.63 | 374 | 800 | 1 | 2 | 1,600 | 0.67 |
| 161600 | 1 | 0.01 | 161,600 | 0.16 | 376 | 800 | 0 | 1 | | 0.00 |
| 163200 | 1 | 0.01 | 163,200 | 0.16 | 379 | 800 | 0 | 1 | | 0.00 |
| 164000 | 2 | 0.02 | 328,000 | 0.32 | 381 | 800 | 1 | 2 | 800 | 0.33 |
| 164800 | 1 | 0.01 | 164,800 | 0.16 | 383 | 800 | 0 | 1 | | 0.00 |
| 169600 | 1 | 0.01 | 169,600 | 0.16 | 394 | 800 | 0 | 1 | | 0.00 |
| 172000 | 1 | 0.01 | 172,000 | 0.17 | 400 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 172800 | 1 | 0.01 | 172,800 | 0.17 | 402 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 175200 | 1 | 0.01 | 175,200 | 0.17 | 407 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 176800 | 1 | 0.01 | 176,800 | 0.17 | 411 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 177600 | 1 | 0.01 | 177,600 | 0.17 | 413 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 178400 | 1 | 0.01 | 178,400 | 0.17 | 415 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 180000 | 3 | 0.04 | 540,000 | 0.52 | 419 | 800 | 2 | 3 | 1,600 | 0.67 |
| 181600 | 1 | 0.01 | 181,600 | 0.18 | 422 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 184000 | 2 | 0.02 | 368,000 | 0.36 | 428 | 800 | 1 | 2 | 800 | 0.33 |
| 184800 | 1 | 0.01 | 184,800 | 0.18 | 430 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 185600 | 2 | 0.02 | 371,200 | 0.36 | 432 | 800 | 1 | 2 | 800 | 0.33 |
| 186400 | 1 | 0.01 | 186,400 | 0.18 | 433 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 189600 | 1 | 0.01 | 189,600 | 0.18 | 441 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 197600 | 1 | 0.01 | 197,600 | 0.19 | 459 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 198400 | 1 | 0.01 | 198,400 | 0.19 | 461 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 200000 | 1 | 0.01 | 200,000 | 0.19 | 465 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 202400 | 1 | 0.01 | 202,400 | 0.20 | 471 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 208000 | 1 | 0.01 | 208,000 | 0.20 | 484 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 214400 | 2 | 0.02 | 428,800 | 0.42 | 498 | 800 | 1 | 2 | 800 | 0.33 |
| 215200 | 1 | 0.01 | 215,200 | 0.21 | 500 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 216000 | 2 | 0.02 | 432,000 | 0.42 | 502 | 800 | 1 | 2 | 800 | 0.33 |
| 220000 | 1 | 0.01 | 220,000 | 0.21 | 512 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 220800 | 3 | 0.04 | 662,400 | 0.64 | 513 | 800 | 2 | 3 | 1,600 | 0.67 |
| 224800 | 1 | 0.01 | 224,800 | 0.22 | 523 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 226400 | 2 | 0.02 | 452,800 | 0.44 | 526 | 800 | 1 | 2 | 800 | 0.33 |
| 227200 | 1 | 0.01 | 227,200 | 0.22 | 528 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 232800 | 1 | 0.01 | 232,800 | 0.23 | 541 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 234400 | 1 | 0.01 | 234,400 | 0.23 | 545 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 239200 | 1 | 0.01 | 239,200 | 0.23 | 556 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 240000 | 1 | 0.01 | 240,000 | 0.23 | 558 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 244000 | 1 | 0.01 | 244,000 | 0.24 | 567 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 248000 | 1 | 0.01 | 248,000 | 0.24 | 577 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 250400 | 1 | 0.01 | 250,400 | 0.24 | 582 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 251200 | 1 | 0.01 | 251,200 | 0.24 | 584 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 252800 | 1 | 0.01 | 252,800 | 0.25 | 588 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 257600 | 1 | 0.01 | 257,600 | 0.25 | 599 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 258400 | 1 | 0.01 | 258,400 | 0.25 | 601 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 262400 | 1 | 0.01 | 262,400 | 0.26 | 610 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 267200 | 1 | 0.01 | 267,200 | 0.26 | 621 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 276000 | 1 | 0.01 | 276,000 | 0.27 | 642 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 278400 | 1 | 0.01 | 278,400 | 0.27 | 647 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 280000 | 3 | 0.04 | 840,000 | 0.82 | 651 | 800 | 2 | 3 | 1,600 | 0.67 |
| 284000 | 1 | 0.01 | 284,000 | 0.28 | 660 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 284800 | 1 | 0.01 | 284,800 | 0.28 | 662 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 286400 | 1 | 0.01 | 286,400 | 0.28 | 666 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 287200 | 1 | 0.01 | 287,200 | 0.28 | 668 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 288000 | 1 | 0.01 | 288,000 | 0.28 | 670 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 291200 | 1 | 0.01 | 291,200 | 0.28 | 677 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 305600 | 1 | 0.01 | 305,600 | 0.30 | 711 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 308000 | 1 | 0.01 | 308,000 | 0.30 | 716 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 310400 | 5 | 0.06 | 1,552,000 | 1.51 | 722 | 800 | 1 | 1 | 4,000 | 1.67 |
| 312000 | 1 | 0.01 | 312,000 | 0.30 | 725 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 312800 | 1 | 0.01 | 312,800 | 0.30 | 727 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 320000 | 2 | 0.02 | 640,000 | 0.62 | 744 | 800 | 1 | 1 | 1,600 | 0.67 |
| 332000 | 1 | 0.01 | 332,000 | 0.32 | 772 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 340000 | 1 | 0.01 | 340,000 | 0.33 | 791 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 361600 | 1 | 0.01 | 361,600 | 0.35 | 841 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 372000 | 2 | 0.02 | 744,000 | 0.72 | 865 | 800 | 1 | 1 | 1,600 | 0.67 |
| 376800 | 1 | 0.01 | 376,800 | 0.37 | 876 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 384000 | 1 | 0.01 | 384,000 | 0.37 | 893 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 392000 | 1 | 0.01 | 392,000 | 0.38 | 911 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 394400 | 1 | 0.01 | 394,400 | 0.38 | 917 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 417600 | 1 | 0.01 | 417,600 | 0.41 | 971 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 450400 | 1 | 0.01 | 450,400 | 0.44 | 1,047 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 458400 | 1 | 0.01 | 458,400 | 0.45 | 1,066 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 480000 | 1 | 0.01 | 480,000 | 0.47 | 1,116 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 513600 | 1 | 0.01 | 513,600 | 0.50 | 1,194 | 800 | 1 | 1 | 800 | 0.33 |
| 541600 | 1 | 0.01 | 541,600 | 0.53 | 1,259 | 1,600 | 1 | 1 | 1,600 | 0.67 |
| 575200 | 1 | 0.01 | 575,200 | 0.56 | 1,337 | 1,600 | 1 | 1 | 1,600 | 0.67 |
| 597600 | 1 | 0.01 | 597,600 | 0.58 | 1,389 | 1,600 | 1 | 1 | 1,600 | 0.67 |
| 621600 | 1 | 0.01 | 621,600 | 0.60 | 1,445 | 1,600 | 1 | 1 | 1,600 | 0.67 |
| 683200 | 1 | 0.01 | 683,200 | 0.66 | 1,588 | 1,600 | 1 | 1 | 1,600 | 0.67 |
| 720000 | 1 | 0.01 | 720,000 | 0.70 | 1,674 | 1,600 | 1 | 1 | 1,600 | 0.67 |
| 745600 | 1 | 0.01 | 745,600 | 0.72 | 1,734 | 1,600 | 1 | 1 | 1,600 | 0.67 |
| 782400 | 1 | 0.01 | 782,400 | 0.76 | 1,819 | 1,600 | 1 | 1 | 1,600 | 0.67 |
| 793600 | 1 | 0.01 | 793,600 | 0.77 | 1,845 | 1,600 | 1 | 1 | 1,600 | 0.67 |
| 796000 | 3 | 0.04 | 2,388,000 | 2.32 | 1,851 | 1,600 | 1 | 1 | 4,800 | 2.01 |
| 796000 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | | 800 | 1 | 3 | 800 | 0.33 |
| 796800 | 9 | 0.11 | 7,171,200 | 6.97 | 1,853 | 1,600 | 1 | 1 | 14,400 | 6.02 |
| 796800 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | | 800 | 1 | 3 | 2,400 | 1.00 |
| **TOTAL** | **8180** | **100.00** | **102,879,200** | **100.00** | | | | | **239,200** | **100.00** |

The Board of Directors of our Company at its meeting held on July 03, 2025 has taken on record the basis of allotment of Equity Shares approved by the designated Stock Exchange, being NSE and has allotted the Equity Shares to various successful applicants. The Allotment Advice Cum Refund Intimation will be dispatched to the address of the investors as registered with the depositories. Further, instructions to the SCSBs have been dispatched / mailed for unblocking of funds and transfer to the Public Issue Account on or before July 4, 2025.In case the same is not received within ten days, Investors may contact the Registrar to the Issue at the address given below. The Equity Shares allotted to the successful allottees shall be uploaded on July 04, 2025 for credit into the respective beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company is in the process of obtaining the listing and trading approval from NSE and the trading of the Equity Shares is expected to commence trading on July 07, 2025.

**Note:** All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus dated July 03, 2025 filed with the Registrar of Companies, Delhi (“RoC”).

Disclosures pertaining to the BRLM's track record on past issues with a break up of holding of ipos for the last 3 years: Gretex Corporate Services Limited

| TYPE | FY 2022-23 | FY 2023-24 | FY 2024-25 | FY 2025-26* |
|---|---|---|---|---|
| SME IPO | 9 | 10 | 5 | 2 |
| MAIN BOARD | 0 | 0 | 1 | 0 |

*As on July 04, 2025

**INVESTORS, PLEASE NOTE**

**The details of the allotment made has been hosted on the website of the Registrar to the Issue, Skyline Financial Services Private Limited at website: www.skylinerta.com** All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the first/ sole applicants, serial number of the application form, number of shares applied for and Bank Branch where the application had been lodged and payment details at the address of the Registrar given below:

GRETEX

**GRETEX CORPORATE SERVICES LIMITED**
A-401, Floor 4th, Plot FP-616, (PT), Naman Midtown, Senapati Bapat Marg, Near Indiabulls, Dadar (W), Delisle Road, Mumbai - 400013, Maharashtra, India.
**Contact No.:** +91 93319 26937
**Email:** info@gretexgroup.com
**Website:** www.gretexcorporate.com
**Contact Person:** Mr. Pradip Agarwal
**SEBI Registration No:** INM000012177
**CIN:** L74999MH2008PLC288128

Skyline Financial Services Pvt.Ltd. Towards Excellence

**SKYLINE FINANCIAL SERVICES PRIVATE LIMITED**
D-153A, First Floor, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110020, India
**Contact No.:** 011-40450193-197
**E-mail:** ipo@skylinerta.com
**Investor Grievance E-mail:** grievances@skylinerta.com
**Website:** www.skylinerta.com
**Contact Person:** Mr. Anuj Rana
**SEBI Registration No.:** INR000003241
**CIN:** U74899DL1995PTC071324

**On behalf of Board of Directors**
**Silky Overseas Limited**
**Sd/-**
**Sawar Mal Goyal**
**Managing Director**
**DIN: 01896767**

**Place:** Delhi
**Date:** July 04, 2025

**THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF SILKY OVERSEAS LIMITED.**

***Disclaimer:*** *Silky Overseas Limited has filed the Prospectus with the RoC on July 03, 2025 and thereafter with SEBI and the Stock Exchanges. The Prospectus is available on the website of NSE Limited at https://www.nseindia.com/ and on the websites of the BRLM, Gretex Corporate Services Limited at Silky Overseas Limited - Gretex Corporate Service and Investors and on the website of the company www.silkyoverseas.com should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please see **“Risk Factors”** beginning on page 34 of the Prospectus.*

*The Equity Shares have not been and will not be registered under U.S. Securities Act of 1993, as amended (“the Securities Act”) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be offered or sold within United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. state securities laws. The Equity Shares are being offered and sold outside the United States in ‘offshore transactions’ in reliance on Regulations under Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such offers and sales were made. There will be no public offering in the United States.*

# दिल्ली : खिलौना व्यापारियों को टॉय पॉलिसी की उम्मीद, सीएम रेखा गुप्ता ने दिया आश्वासन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में टॉय एग्जीबिशन का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम ने प्रदर्शनी का बारीकी से निरीक्षण किया और यहां आए एक्जीबिटर्स को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि एक दिन विदेशों में भारत निर्मित खिलौनों की धूम मचेगी। सीएम ने अपने संबोधन में टॉय पॉलिसी और खिलौनों के व्यापार से जुड़े लोगों की समस्याओं का भी संज्ञान लिया। सीएम ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली में व्यापारियों और टॉय इंडस्ट्रीज के लिए एक अलग माहौल विकसित करना चाहती है। उन्होंने खिलौने के बारे में मजाकिए अंदाज में कहा कि आमतौर पर कार्यक्रमों में फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया जाता है। आज इस प्रदर्शनी में आने के दौरान मुझे लगा था कि यहां पर फूलों के गुलदस्ते की जगह खिलौने मिलेंगे। रेखा गुप्ता ने वर्तमान समय में खिलौनों के बदलते स्वरूप पर कहा कि पहले के दौर और आज के दौर में खिलौनों का स्वरूप बदला है। हालांकि, मुझे बचपन से खिलौने बहुत पसंद हैं, लेकिन खिलौनों का स्वरूप अब पहले जैसा नहीं रहा। उन्होंने प्रदर्शनी में विविध प्रकार के खिलौनों को देखकर खुशी जताई और व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान से सुना। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि दिल्ली सरकार उनकी सुविधाओं और समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। खिलौना एसोसिएशन के अध्यक्ष मनु गुप्ता ने कहा कि हम मुख्यमंत्री के आगमन के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि टॉय पॉलिसी, जो खिलौना उद्योग के विकास के लिए एक प्रमुख स्तंभ है, को सक्रिय रूप से समर्थन और बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, बिहार सहित दूसरे राज्यों में यह पॉलिसी है। अब दिल्ली में इस पॉलिसी के लिए आश्वासन मिला है। टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार गौतम ने कहा कि कई राज्य वर्तमान में खिलौनों से संबंधित नीतियां बना रहे हैं। पहले, लगभग 90 प्रतिशत खिलौने का उत्पादन दिल्ली में होता था, लेकिन अब निमार्ता दिल्ली से बाहर जा रहे हैं। इसलिए हमने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से दिल्ली के लिए भी एक टॉय पॉलिसी लाने का अनुरोध किया है, ताकि निमार्ता दिल्ली में ही रहें। यहां पर टॉय के व्यापार को बढ़ाया जाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस क्षेत्र से जुड़ें।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के नाम को बदलने की मांग, सांसद खंडेलवाल ने रेल मंत्री को लिखा पत्र



नई दिल्ली,। राजधानी दिल्ली के सबसे प्रमुख रेलवे स्टेशन (नई दिल्ली रेलवे स्टेशन) का नाम बदलकर "अटल बिहारी वाजपेयी रेलवे स्टेशन" किए जाने की मांग उठी है। इस संबंध में भाजपा के लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर आग्रह किया है। अपने पत्र में खंडेलवाल ने लिखा है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन देश का सबसे व्यस्त और प्रतिष्ठित रेलवे स्टेशन है, जो राजधानी का प्रमुख प्रवेश द्वार भी है। ऐसे में इसका नाम भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखना, उनके योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। खंडेलवाल ने कहा कि पूर्व पीएम वाजपेयी न केवल एक प्रखर वक्ता और दूरदर्शी नेता थे, बल्कि उन्होंने आर्थिक सुधार, बुनियादी ढांचे के विकास और भारत की वैश्विक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। दिल्ली न सिर्फ उनकी राजनीतिक कर्मभूमि रही, बल्कि उनके जीवन से गहरे रूप में जुड़ी भी रही है। ऐसे में दिल्ली के इस ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन का नामकरण उनके नाम पर करना जनभावनाओं का सम्मान होगा। उन्होंने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि देशभर में कई महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों और सार्वजनिक स्थलों का नाम राष्ट्रीय नायकों पर रखा गया है, जैसे कि मुंबई का "छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और बेंगलुरु का क्रांतिवीर संगोली रायन्ना स्टेशन। इसी तर्ज पर नई दिल्ली स्टेशन का नाम भी अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा जाना उपयुक्त होगा। सांसद खंडेलवाल ने रेल मंत्री से इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने की अपील की है। बता दें कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन काफी व्यस्त स्टेशन है, जहां से रोजाना सैकड़ों ट्रेनें परिचालित होती हैं।

# इंडियन ऑयल टैंकर से तेल चोरी करने वाले आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली,। बाहरी जिला पुलिस ने इंडियन ऑयल टैंकर से तेल चोरी करने वाले एक गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने एक सूचना पर निगरानी कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 12 लीटर डीजल, 25 लीटर चोरी का पेट्रोल और ईंधन निकालने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए हैं। तेल चोरी करने के बाद आरोपित उसे खुले बाजार में बेच देते थे। बाहरी जिले के डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि 3 जुलाई को जिले की विशेष टीम पीतमपुरा इलाके में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग मंगोलपुरी के फेज-2 स्थित ट्रक मार्केट में खड़े इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसीएल) के ट्रकों से अवैध रूप से पेट्रोल और डीजल की चोरी करते हैं। ईंधन को कंटेनरों में भरकर उसे बाजार में कालाबाजारी करते हैं। इस सूचना को पुख्ता करने के बाद टीम ने वहां पर घेराबंदी कर ली। कुछ देर बाद टीम ने देखा कि एक ट्रक के पास तीन लोग कुछ संदिग्ध गतिविधि कर रहे हैं। वहां पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि आरोपी एडाप्टर का इस्तेमाल कर ट्रक से ईंधन निकाल रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही सभी आरोपित वहां से भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान छेदी राम मौर्य, सुरेंद्र सिंह और बाबू लाल पासवान के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से पेट्रोलियम ईंधन से भरे तीन ड्रम बरामद किए।

# अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का विशाल रक्तदान शिविर

## सीएम रेखा गुप्ता करेंगी स्मार्ट रक्त ऐप लॉन्च

● शाहदरा ज़िले से शुरू हुई देशव्यापी सेवा की पहल

प्रात: किरण .मनोज जैन









दिल्ली के शाहदरा ज़िले स्थित श्री राम मंदिर, आनंद विहार में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा रविवार को एक विशाल महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार एक स्मार्ट ऐप लॉन्च करने जा रही है, जिसमें रक्तदाताओं की डायरेक्टरी उपलब्ध होगी। ऐप के जरिये किसी भी जरूरतमंद को हर ब्लड ग्रुप के कम से कम तीन रक्तदाताओं की जानकारी तुरंत उपलब्ध कराई जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने इसे "हजारों ज़िंदगियाँ बचाने वाला ऐप" बताया। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रक्तदान को महादान बताया और कहा कि समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आज देशभर में 500 से अधिक स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाकर सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने संस्था को धन्यवाद देते हुए इसे जनसेवा की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने भी रक्तदान के लाभ गिनाए और कहा कि यह सिर्फ किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने का कार्य नहीं, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने बताया कि नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन संतुलन रहता है, हृदय रोगों का खतरा कम होता है और लगभग 650 कैलोरी तक बर्न होती हैं। युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की अपील भी उन्होंने मंच से की। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, शाहदरा ज़िला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा, विधायक ओमप्रकाश शर्मा, पार्षद डॉ. मोनिका पंत, भाजपा शाहदरा ज़िला प्रवक्ता एडवोकेट भारत गौड़, संस्था अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, रामनिवास गुप्ता, सुषमा गर्ग, पूर्व पार्षद गुंजन गुप्ता, प्रियंक गुप्ता, विनोद गुप्ता, सारिका जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों का दो दिवसीय राष्टीय सम्मेलन

● प्रदेश सरकार द्वारा मुझे जनपद अमरोहा की नगर पंचायत से समारोह में आमंत्रित किया गया इससे मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ: जुबैर अहमद

प्रात: किरण संवाददाता





अमरोहा/जोया। संवेधानिक लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की सहभगिता सुनिश्चित करने के लिए शासन द्वारा उ०प्र० राज्य की 762 नगर निकायों में से केवल 80 जनप्रतिनिधियों को राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने हेतु नामित किया गया। जिसमें जनपद अमरोहा की नगर पंचायत जोया के अध्यक्ष जुबैर अहमद, नगर पालिका परिषद अमरोहा की अध्यक्षा शशि जैन तथा सभासद अंकित गुप्ता को राष्टीय सम्मेलन में हरियाना राज्य के गुरुग्राम में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दो दिवसीय राष्टीय सम्मेलन में प्रतिभाग कर लौटे नगर पंचायत जोया के अध्यक्ष जुबैर अहमद ने बताया कि सम्मेलन के प्रथम दिन मानेसर के आईकैट (रिसर्च सेन्टर) में देशभर के विभिन्न राज्यों से आये नगर निगम के महापौरो, नगरपालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों की उपस्थिति में हरियाना के मुख्यमंत्री नयाब सैनी द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं सभी का गार्ड आफ आनर दंकर स्वागत किया गया। तदोपरान्त मुख्यमंत्री विधान सभा अध्यक्ष एवं लोकसभा अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्जलित कर सम्मेलन का शुभारंभकिया गया। विभिन्न प्रदेशो से आये महापोरो, अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने नगरों के संबंध में सम्वाद किया गया तथा गणतंत्र को मजबूत बनाने, नवाचार करने, निकायों की मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थायें सुनिश्चित करने एवं सालिडवेस्ट के निस्तारण की नई-2 पद्धति विकसित करने हेतु अपने विचार व्यक्त किये गये, तपशचात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य आकर्षक हरयाणवी कलाकारों की भूमिका रही। राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन सभी जनप्रतिनिधियों को मानेसर हरयाना से बसो द्वारा नया एवं पुराना संसद भवन, संविधान सदन, लाईब्रेरी, एवं प्रेरणा स्थल का भ्रमण कराया गया। संसद भवन में ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष द्वारा सदन में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित कर 21वीं सदी के भारत, ई-गर्वनेन्स को मजबूत बनाने एवं शहर को स्वच्छ बनाने के साथ ही कहा कि नगरीय स्थानीय निकाय लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ होता है। जिस कारण जनप्रतिनिधियों का जनता से सीधा संवाद होता है। इससे आमजन लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्यक्ष भागीदार बनता है। लोकतंत्र की सबसे बडी विशेषता यही है, इसमें जमीनी स्तर पर लोगों की कठिनाईयों एवं जरूरतो को समझतें हुए नीतियां बनाने का अवसर मिलता है और जब नीतियों जनभागीदारी से बनती हैं तो उसका लाभ व्यापक रूप से मिल पाता है, यही हमारी लोकतांत्रिक कार्यशैली की जडे है जो सदियों से मिली हैं। इस अवसर पर सदन में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किये तथा अपने सुझाव भी रखें। जुबैर अहमद अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मुझे जनपद अमरोहा की नगर पंचायत से समारोह में आमंत्रित किया गया इससे मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ, जनपद अमरोहा का प्रतिनिधित्व मेरे अतिरिक्त नगरपालिका परिषद अध्यक्ष शशि जैन, सभासद अंकित गुप्ताव एक्सर्ट के रूप में नदीम अख्तर डीपीएम शहरी अमरोहा द्वारा राष्टीय सम्मेलन में भाग लिया गया।

# दिल्ली : अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, पांच आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (इंटर-स्टेट सेल) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय गांजा तस्करी रैकेट का पदार्फाश किया है। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें सप्लायर, ट्रांसपोर्टर, रिसीवर और नेटवर्क के मुख्य सूत्रधार शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक ओडिशा का सप्लायर और नोएडा का रिसीवर भी शामिल है। पुलिस ने नोएडा स्थित आरोपी के घर से 25 किलोग्राम गांजा की अतिरिक्त बरामदगी भी की है। इस कार्रवाई की शुरूआत पहले हुई एक बड़ी जब्ती से जुड़ी है। कुछ दिन पहले क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों (मुकेश और राजेश) को गिरफ्तार कर उनके ट्रक से छुपाकर ले जाया जा रहा 288 किलोग्राम गांजा बरामद किया था। पूछताछ और जांच के आधार पर पुलिस ने नेटवर्क के बाकी सदस्यों की पहचान की और उन्हें दबोचने के लिए अभियान चलाया। पुलिस ने 29 जून को मुख्य सप्लायर भारी मल नायक उर्फ नायक को ओडिशा के गजपति जिला में उसके गांव से गिरफ्तार किया। यह आरोपी नेटवर्क के गांजा सप्लाई का प्रमुख स्रोत था। गांजा को ओडिशा से दिल्ली-एनसीआर लाने वाले ट्रांसपोर्टर यशवीर दहिया उर्फ सतबीर को भी गिरफ्तार किया गया है जो उत्तराखंड के हरिद्वार का रहने वाला है। इसके अलावा गांजा का मुख्य रिसीवर सुनील नागर उर्फ गुल्लू भी पुलिस की गिरफ्त में आया है जो उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्ध नगर का निवासी है। आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि यशवीर दहिया ने भारी मल नायक से गांजा खरीदा और सुनील नागर के कहने पर उसे दिल्ली-एनसीआर में पहुंचाया। पुलिस ने सुनील नागर के ग्रेटर नोएडा स्थित फ्लैट में छापा मारकर 25 किलोग्राम गांजा के पांच पैकेट और बरामद किए। डीसीपी (क्राइम ब्रांच) आदित्य गौतम ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और संभावना है कि यह नेटवर्क और भी बड़े स्तर पर फैला हुआ हो। पुलिस दूसरे सदस्यों की तलाश में जुटी है।

# भाजपा शाहदरा ज़िला द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124वीं जयंती पर भव्य गोष्ठियों का आयोजन

प्रात: किरण . मनोज जैन





भारतीय जनता पार्टी शाहदरा ज़िला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा के नेतृत्व में रविवार 6 जुलाई 2025 को भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124वीं जयंती के पावन अवसर पर शाहदरा ज़िले के सभी 18 मंडलों में पुष्पांजलि अर्पण के साथ-साथ भव्य विचार गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों, बलिदान और राजनीतिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। ज़िला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने कहा कि डॉ. साहब ने देश की एकता व अखंडता के लिए जो बलिदान दिया, वह आज भी प्रेरणा का स्रोत है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए दीपक मदनलाल गाबा ने बताया कि 23 जून 1953 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत्यु हुई थी, जब उन्हें जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा परमिट के विरोध में गिरफ्तार किया गया था। वे स्वतंत्र भारत के पहले वैचारिक शहीद थे जिन्होंने "एक विधान, एक प्रधान, एक निशान" का नारा देकर देश की एकता के लिए संघर्ष किया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, विशेषकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाकर उस अधूरे संकल्प को पूरा किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी शाहदरा ज़िला के मीडिया प्रमुख अधिवक्ता भारत गौड़ ने भी विचार रखते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक थे। उन्होंने बंगाल से लेकर जम्मू-कश्मीर तक अखंड भारत के लिए संघर्ष किया और बलिदान दिया। वे न केवल भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे, बल्कि कांग्रेस की तथाकथित धर्मनिरपेक्ष राजनीति के विरोध में एक सशक्त राजनीतिक विकल्प भी बनकर उभरे। वे देश के लिए जिये और देश के लिए ही शहीद हुए। इन सभी आयोजनों में भारतीय जनता पार्टी शाहदरा ज़िला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा, ज़िला प्रभारी डॉ. अनिल गुप्ता, पूर्व ज़िलाध्यक्ष महेंद्र आहूजा, लोकसभा क्षेत्र विस्तार अभियान प्रभारी नरेश वशिष्ठ, पूर्व मंत्री सरदार अरविंदर सिंह लवली, ज़िला उपाध्यक्ष एवं गोष्ठी संयोजक सुशील उपाध्याय, ज़िला मीडिया प्रमुख अधिवक्ता भारत गौड़, विधायकगण ओमप्रकाश शर्मा, अभय वर्मा, संजय गोयल, अनिल गोयल, क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, गीता शर्मा व रमेश गुप्ता सहित सभी पार्षदगण, सभी मंडल अध्यक्षगण, आवासीय कल्याण समितियों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

# महिला से हुई लूट का पुलिस ने किया 12 घंटे मे खुलासा, पचास हजार रुपये भी बरामद

प्रात: किरण संवाददाता



स्योहारा। थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला से 50 हजार रुपये की लूट की घटना का पुलिस ने तत्प्रता से खुलासा कर दिया है। मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया। जिसके पास से लूटी गई पूरी रकम, अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हो गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्योहारा में 5 जुलाई को एसबीआई बैंक से 50,000 निकालकर ई-रिक्शा से घर जा रही महिला से लूट की सनसनीखेज वारदात हुई थी। तो अमित कुमार थाना प्रभारी निरीक्षक स्योहारा ने इस घटना को चुनोती के रूप में लेते हुए तुरंत अपनी टीम को साथ लेकर उच्च अधिकारियों की दिशा निर्देशन और पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे के मार्गदर्शन में घटना का खुलासा करने के लिये तेजी से कार्यवाही की।पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडेय ने बताया कि जब पुलिस ने कार्यवाही के दौरान संदिग्ध मोटर साइकिल सवार युवक को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। पीछा करने पर आरोपी की बाइक बहादुरपुर बाग के पास फिसल गई। पुलिस टीम को आता देख युवक ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। घायल आरोपी की पहचान शाकिब पुत्र शहाबुद्दीन निवासी थाना स्योहारा के रूप में हुई। उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, तीन जिंदा कारतूस, एक मोबाइल,एक मोटरसाइकिल तथा लूट के पूरे 50,हजार बरामद किए गए। पूछताछ में शाकिब ने स्वीकार किया कि उसी ने 5 जुलाई को महिला से थैला छीनकर 50 हजार लूटे थे। इस घटना से संबंधित मामला पहले ही थाना स्योहारा में दर्ज है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया । घटना का खुलासा करने वाली टीम में अमित कुमार थाना प्रभारी निरीक्षक स्योहारा, उप निरीक्षक हरिओम सिंह,उप निरीक्षक असकार खान, उप निरीक्षक उमेश चंद्र, हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह, कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल पंकज कुमार, कांस्टेबल मोनू, थाना गाड़ी चालक कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार रहे।

# एम्स-आरएमएल में मनाया गया पीएमआर दिवस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। एम्स और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रविवार को राष्ट्रीय शारीरिक चिकित्सा एवं पुनर्वास (पीएमआर) दिवस मनाया गया। इस दौरान डॉक्टरों और मरीजों में संवाद हुआ। डॉक्टरों ने बताया कि कैसे भविष्य में होने वाली समस्याओं को कम किया जा सकता है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के शारीरिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें दिव्यांगों के लिए व्यावसायिक मार्गदर्शन सत्र, आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए ग्रुप डिस्कशन और सहारा देने वाली बैठकों का आयोजन हुआ। वहीं, एम्स के शारीरिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग ने कार्यक्रम आयोजित कर मरीजों को आत्मनिर्भर होने की जानकारी दी। विभाग के प्रमुख डॉ. प्रोफेसर संजय वाधवा ने कहा कि ऊंचाई से गिरने, चोट लगने सहित दूसरे कारणों में पीएमआर विभाग की जरूरत बढ़ी है। अस्पताल में ऐसे मरीज आते हैं जिन्हें जल्द ठीक करने के लिए एआई सहित अन्य तकनीकों का सहारा लिया जाता है। वहीं, विभाग की प्रोफेसर डॉ गीता हांडा ठुकराल ने बताया कि ऊंचाई से गिरने, सड़क दुर्घटना के कारण लोगों में स्पाइनल कॉर्ड इंजरी की समस्याएं बढ़ी हैं। ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से मरीजों को जागरूक करने के साथ उनके परिवार को विशेष जानकारी दी जा सकती है जिससे भविष्य में ऐसी समस्याओं को रोका जा सकता है।

# या हुसैनए या हुसैन पुकारते कर्बला पहुंचे अजादार, जनपद भर में निकाले गये ताजिये





प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। 10 मोहर्रम आशूरा वह दिन है जब कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन के 72 साथियोंके साथ यजीद की एक बड़ी फौज जिसमें लाखों सिपाही थे उन्होंने जंग की थी। उस समय जंग में एक-एक करके मैदान में जाते थे।सब से पहले इमाम हुसैन पर हजरत हुर जो पहले यजीद की फौज में थे इमाम हुसैन से प्रभावित होकर उनकी फौज में शामिल हुए थे ने अपनी जान दी और इसके बाद दोस्त व अंसार शहीद होते गये। खेमों में बच्चे तीन रोज से बच्चे भूखे प्यासे थे। इमाम हुसैन की साहबजादी हजरत सकीना ने अपने चाचा अब्बास से कहा कि मुझे प्यास लगी थी। तब इमाम हुसैन ने एक मश्क देकर हजरत अब्बास से कहा कि भैया बच्चों के लिए पानी ले आओ। नहरे फुरात पर दुश्मन फौज का कब्जा था। हजरत अब्बास अपने जमाने के नामी योद्धा थे। जब वह पानी भरके चले तो दुश्मन के फौजियों ने एक साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया और उनके हाथ काट दिए जिससे वह शहीद हो गये। हजरत अली अकबर और छह माह के अली असगर इमाम हुसैन के बेटों ने जंग में शहादत पाई। आज इमाम हुसैन और उनके परिवार वालों कि याद में ताजिए निकाले जाते हैं और पूरी दुनिया में उनका गम मनाती है। इंसान को बेदार तो हो लेने दो।हर कौम पुकारेगी हमारे हैं हुसैन। इमाम हुसैन ने अपनी कुर्बानी देकर रसूल अकरम के इस्लाम को जिंदा कर दिया। दस मोहर्रम को शहर में ताजिए का जुलूस निकाला गया। अजादारों ने जुलूस निकाल कर तुरबतें बिजनौर रोड स्थित कर्बला व लाइनपार स्थित कर्बला में दफन की। अजाखानों में मजलिसों का दौर चला तथा अजादारों ने गमे हुसैन में सीनाजनी कर मातम किया। सुबह छह बजे मुहल्ला गुजरी स्थित इमामबाड़ा नूरन से तुरबतों का जुलूस निकाला गया। नौबतखाना से होता हुआ यह जुलूस बिजनौर रोड स्थित कर्बला पहुंचा तथा वहां पर तुरबतों को दफन किया गया। जबकि आठ बजे मुहल्ला दानिशमंदान स्थित इमामबाड़े से भी तुरबतों का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस रेलवे लाईन पार कर दानिशमंदान की कर्बला में जाकर तुरबतों को दफन किया गया। उसके बाद मुहल्ला हक्कानी सट्टी,जाफरी, काजीजादा, पचदरा, गुजरी, काजी गली के इमामबाड़ों से भी तुरबतों का जुलूस निकाला गया। सभी तुरबतें बिजनौर रोड स्थित कर्बला में जाकर दफन हुए। मुहल्ला शफातपोता के अजाखाना से भी तुरबतों का जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में तुरबतों के साथ दुलदुल भी था। यह जुलूस चाहगौरी से होता हुआ वापस शफातपोता में आकर खत्म हुआ। दोपहर दो बजे से ताजियों के जुलूस निकलने शुरु हुए। लकड़ा हक्कानी, सट्टी का ताजिया नौबतखाने के चौराहे से होता हुआ खारी कुआं पहुंचा। जहां से जाफरी व सद्दो के ताजिए जुलूस में शामिल हो गए। उसके बाद सभी मुहल्लों से ताजिए जुलूस में शामिल रहे। शाम को सभी ताजिए अपने-अपने इमामबाड़ों में शामिल हो गए। सबसे बड़ा ताजिया अजाखाना शफातपोता से निकाला गया। इस ताजिया की गश्त के लिए हाइडल व इंटरनेट विभाग के कर्मचारियों ने तारों को ऊंचा किया। अजाखानों में मजलिसें हुई और अजादारों ने सीनाजनी मातम किया। अंजुमन-ए-तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ कमेटी के तत्वावधान में मुख्तलिफ मोहल्लों से जुलूस बरामद किया गया। अंजुमने तहफ्फुजे अजादारी को नामजद जुलूस में जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा जुलूस अजा के लिए नामित अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ समिति के सदस्य लियाकत अली, बाकर रजा नकवी, ज़िया एजाज, नदीम नकवी, शेजाद रजा, कासिम जैदी आदि रहे। जुलूस का संचालन अन्जुमन रजा कराने हुसैनी ने किया रजाकरान- के काइद गुलाम सज्जाद, जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी, अख्तर अब्बास अप्पू, डॉ0 चन्दन नकवी, वसीम जैदी, मौहम्मद तकी खाँ, शाने मुजतबा, इमदाद आब्दी, सलीम जैदी, मौ गालिब, हुसैन हैदर रजा शमीम नजीर हैदर आदि।

# झुग्गी से आया बच्चा बदल रहा लाखों जिंदगियां

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली की झुग्गियों से एक परित्यक्त बच्चे की यह प्रेरणादायक कहानी आज अंतरराष्ट्रीय स्तर के समाज सुधारक के रूप में सामने आई है। यह उसकी जिजीविषा और निःस्वार्थ सेवा की ताकत का प्रमाण है जिससे वह आज लाखों गरीब बच्चों और महिलाओं की जिंदगी में बदलाव ला चुका है। उसकी यह अद्भुत सफलता संभव नहीं थी अगर आरएसएस सेवा भारती ने उसे सहारा नहीं दिया होता। उसकी जिंदगी तब बदली जब सेवा भारती ने उसका हाथ थाम कर अपराध और शोषण से बचाया। भारत सरकार ने उन्हें दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया है और संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी महिलाओं की स्थिति पर आयोग में उनके कार्यों की सराहना की है। वह बालक हैं देवेंद्र कुमार "लाड़ली फाउंडेशन" के संस्थापक, जो भारत और विदेशों में जमीनी स्तर पर काम करने वाला ऐसा संगठन चला रहे हैं जो समाज के सबसे कमजोर वर्गों से जुड़े अहम मुद्दों को हल करने में जुटा है। देवेंद्र के निरंतर प्रयासों के चलते उन्हें भारत सरकार के दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। साथ ही उन्हें देश के चार राष्ट्रपतियों डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, प्रणब मुखर्जी, रामनाथ कोविंद और वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सराहना भी प्राप्त हुई है। 2020 में उनके असाधारण सामाजिक कार्यों के लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय ने उन्हें पद्मश्री के लिए नामित किया। आज देवेंद्र "लाड़ली फाउंडेशन इंडिया", "लाड़ली फाउंडेशन यूएसए" और "लाड़ली फाउंडेशन अफ्रीका" का नेतृत्व कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए सामाजिक बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने इंडिया एवं ब्रिक्स समिट और क्लाइमेट कॉन्क्लेव जैसे बड़े वैश्विक सम्मेलनों का सफल आयोजन किया, जहां दुनियाभर के नेताओं ने सामाजिक चुनौतियों पर चर्चा की। सेवा भारती द्वारा दिए गए संस्कारों ने उनकी यात्रा को एक उम्मीद की मिसाल बना दिया है।

# नए पदों और वित्तीय आवश्यकताओं की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित करे डीयू प्रशासन: डूटा

नई दिल्ली,। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) प्रशासन की ओर से अकादमिक परिषद में पूरक एजेंडा के माध्यम से प्रस्तुत पांच प्रतिशत क्रेडिट स्वयं और मूक्स जैसे ऑनलाइन माध्यमों से अर्जित करने के प्रस्ताव को सिरे से नकार दिया है। डूटा ने दिल्ली विश्वविद्यालय कुलपति प्रो योगेश सिंह को पत्र लिख कर साफ कर दिया है कि यह प्रस्ताव स्पष्ट रूप से विश्वविद्यालय में चौथे वर्ष के लागू होने से उत्पन्न अतिरिक्त अध्यापन पदों और वित्तीय आवश्यकताओं को टालने की मंशा को दशार्ता है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पूर्णतया खिलाफ है। इसलिए डूटा ऐसी किसी भी कोशिश को कतई स्वीकार नहीं करेगा। डूटा के अध्यक्ष प्रो. ए के भगी और महासचिव अनिल कुमार का कहना है कि हमने अपने पत्र में चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन इस तरह के प्रयासों के माध्यम से प्रशासन शैक्षणिक गुणवत्ता से समझौता करने का प्रयास करता है तो आगामी 12 जुलाई, 2025 से शिक्षक अधिकारों की रक्षा और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मूल्यों को सुरक्षा के लिए विरोध प्रदर्शन शुरू होगा। डूटा अध्यक्ष प्रो एके भागी ने कुलपति को लिखे पत्र में बताया कि है कि अकादमिक परिषद की बैठक में शामिल पूरक एजेंडा बिंदु 6.1.5 के प्रति उनका कड़ा विरोध है। इस एजेंडा बिंदु में नियमित स्नातक (यूजी) एवं स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों में पांच प्रतिशत क्रेडिट स्वयं और मूक्स जैसे ऑनलाइन माध्यमों से अर्जित करने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। डूटा का मानना है कि इस प्रस्ताव के पीछे विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत चौथे वर्ष को लागू करने से उत्पन्न अतिरिक्त अध्यापन पदों और वित्तीय आवश्यकताओं को टालने की मंशा है। डूटा अध्यक्ष ने कहा है कि हम विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करते है कि 2025-26 के शैक्षणिक कैलेंडर में शिक्षकों के बढ़ते शैक्षणिक कार्यभार को देखते हुए शीतकालीन अवकाश की अवधि बढ़ाई जाए इसके साथ-साथ सेमेस्टर ब्रेक को शिक्षकों के लिए औपचारिक अवकाश अवधि के रूप में घोषित किया जाए। प्रो. भागी ने डूटा का मत स्पष्ट करते हुए अपने पत्र में कहा है कि नियमित विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से शैक्षणिक क्रेडिट अर्जित करने की अनुमति देना, विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्तर और गुणवत्ता से समझौता करने का प्रयास है जोकि यह कक्षा में शिक्षण के महत्व को कम करेगा, विद्यार्थी-शिक्षक संवाद को बाधित करेगा और शिक्षकों पर कार्यभार को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला परिषद सदस्य मुखिया संघ के साथ कि बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जिले के सभी विधान सभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के सत्यापन हेतु चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 2025 को सुगमता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह-जिलाधिकारी मुंगेर अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय संवाद कक्ष में जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिप सदस्य, मुखिया संघ अध्यक्ष एवं सभी प्रखंड प्रमुख के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सुगमता पूर्वक संपन्न कराने तथा संबंधित जनप्रतिनिधि के क्षेत्र के शत प्रतिशत मतदाताओं का गणना प्रपत्र फॉर्म भराने हेतु सहयोग की अपील की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में बीएलओ सहित अन्य कर्मियों के साथ साथ आप सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी अत्यंत ही महत्वपूर्ण एवं अपेक्षित है। बीएलओ अपने अपने क्षेत्र में घर घर जाकर फॉर्म दे तो रहे हैं, परन्तु उन्हें उस क्षेत्र की समुचित जानकारी के अभाव में थोड़ी विलंब हो रही है, जिसका प्रभाव फॉर्म वितरण कर उसे भराने पर पड़ रहा है। इस लिए आप सभी से अपील है कि, चुंकि आप अपने क्षेत्र के जन प्रतिनिधि हैं और अपने क्षेत्र के लगभग सभी घरों एवं मतदाताओं को जानते हैं। इस लिए इसमें आप स्वयं तथा अपने अपने कार्यकताओं के माध्यम से सभी बीएलओ को मतदाताओं के घरों तक गणना प्रपत्र फॉर्म उपलब्ध कराने में सहयोग करें। साथ ही सभी मतदाताओं को इसके लिए अपने स्तर से भी जागरूक एवं प्रोत्साहित करें कि वे अपने क्षेत्र के बीएलओ से मिलकर फॉर्म भरें अथवा [illegible] इस पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना प्रपत्र फॉर्म के साथ संबंधित दस्तावेज के संकलन का भी निर्देश था, जिसे अब तत्काल बदल कर पहले फॉर्म भर कर उपलब्ध कराने तथा एक सप्ताह के अंदर संबंधित सभी दस्तावेज संकलित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं, ताकि फॉर्म भर कर उसे संबंधित एप पर अपलोड किया जा सके। इस लिए अब पहले ऑफलाइन मोड में सिर्फ फॉर्म भरकर जमा कराने में अपना पूर्ण सहयोग दें। इससे कार्य काफी सुगमता से संपन्न हो सकेगा और शत प्रतिशत मतदाताओं को इसका लाभ भी मिलेगा।

# मोहर्रम को लेकर हवेली खड़गपुर में फ्लैग मार्च, प्रशासन पूरी तरह रहा सतर्क

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर// हवेली खड़गपुर (मुंगेर) ।मोहर्रम पर्व को लेकर प्रशासनिक सतर्कता अपने चरम पर रहा है। शनिवार को क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से एक विशाल फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीओ हवेली खड़गपुर, डीएसपी हवेली खड़गपुर, थानाध्यक्ष, तथा हवेली खड़गपुर के अंचलाधिकारी कर रहे थे।फ्लैग मार्च का कारवां हवेली खड़गपुर मुख्यालय से प्रारंभ होकर गंगटा थाना, शामपुर थाना, खाजेचक सहित अन्य संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस बल वाहनों और मोटरसाइकिलों के माध्यम से पूरे क्षेत्र में गश्त करता नजर आया। प्रशासन की मुस्तैदी और चौकसी हर मोड़ पर दिखाई दी। सुरक्षा बलों का यह मार्च पूरी तरह अनुशासित रहा। अधिकारी संवेदनशील स्थानों पर खुद मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण करते रहे। आम जनता से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाह से दूर रहने की अपील की गई। अनुमंडल प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि मोहर्रम का पर्व शांति, भाईचारा और सौहार्द का प्रतीक है। इसे सभी समुदायों को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। किसी प्रकार की समस्या होने पर आम लोग नजदीकी थाना या प्रशासन से संपर्क करें।

# ऐतिहासिक किला का उपरी हिस्सा रविवार को एकाएक ढह गया, कई यात्री बाल बाल बचें

## सोमवार से मरम्मती का किया जाएगा काम : जिला प्रशासन

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर/बरियारपुर (मुंगेर) ।। मुंगेर का ऐतिहासिक किला उत्तरी गेट जो काफी जर्जर स्थिति में आ गया है रविवार को एकाएक उसका ऊपरी भाग ढहा गया। आने जाने वाले यात्री बाल बचे गए,इस सम्बन्ध में जिला प्रशासन ने कहा कि सोमवार से मरम्मती का कार्य शुरू किया जाएगा। :सोमवार सेमुंगेर का ऐतिहासिक किला सिर्फ एक किला ही नहीं बल्कि मुंगेर की एक पहचान है । इस किला में आज भी जीवन बसता है । जिला प्रशासन के सारे आला अधिकार के आवास घर , जेल न्यायालय और घर बना आज भी लोग यहां रहते है। कहा जाए तो पहले यहां से ही शासन चलता था आज भी मुंगेर के शासन का मुख्य केंद्र बिंदु मुंगेर किला है। इस किला का इतिहास काफी पुराना है महाभारत काल से लेकर मीरकासिम तक इस किला से अपना राज्य पाठ चलाया करते थे । 1934 में भूकंप के बाद इस क्षतिग्रस्त किला का पुनः जीर्णोद्धार कराया गया था एक बार पुनः इस किला का उत्तरी गेट जो पूरी तरह जर्जर हो गया था एकाएक उसका ऊपरी भाग ढह गया ।जिसमें आने जाने वाले लोग बाल बाल बचे ।जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान बड़े वहां इस किला से होकर गुजर रहे थे। और उन्हीं वाहनों से ठोकर लगते लगते गेट पूरी तरह जर्जर हो चुका था। हालांकि जब इसके निर्माण के सरकार ने राशि भी मुहैया करवा दी थी पर कार्य में देरी के कारण गेट का ऊपरी भाग ढह गया । हालांकि मुंगेर सदर एसडीओ ने बताया कि कल सोमवार से गेट के मरम्मती के लिए कार्य शुरू करवा दिया जाएगा । लोगों ने बताया कि यह किला मुंगेर की पहचान है इसे बचाइए रखा सभी की जिम्मेदारी है। पर अब यह किला जर्जर हों चुका है । जिसका उत्तर गेट का ऊपरी भाग ढह चुका है ।

# अलौली में विभिन्न चौक चौराहे पर हाई मास्ट लाइट लगने पर किया हर्ष व्यक्त, पहल रंग लाई

- विभिन्न चौक चौराहे पर पावरफुल सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं शौचालय का निर्माण करने की किया मांग : किरण देव यादव

प्रात : किरण संवाददाता



खगड़िया। अलौली में विभिन्न चौक चौराहे पर हाई मास्ट लाइट लगने पर हर्ष व्यक्त किया है तथा खुशियों का इजहार किया। उक्त आशय की जानकारी देश बचाओ अभियान खरकिया मिशन के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने देते हुए कहा कि अलौली के विभिन्न चौक चौराहे पर हाय मास्ट लाइट लगाई गई है जिसके लिए देश बचाओ अभियान का पहला रंग लाया। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष का जीत है। बिगत दिनों इसके लिए मजबूत पहल किया गया था समाचार पत्रों में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित हुई थी । खबर भी, असर भी, पैनी नजर भी, कहावत चरितार्थ हुआ। श्री यादव ने कहा कि हाईलाइट तेज प्रकाश से चौक जगमगाने पर अंधेरा से निजात मिला। सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष समाजसेवी किरण देव यादव ने ग्रामीणों को हार्दिक बधाई दिया है तथा विभाग को साधुवाद दिया है। श्री यादव ने कहा कि आठ स्थलों पर हाई मास्ट लाइट लगाई गई है हालांकि अन्य चौक अंबेडकर आवासीय कॉलेज निकट एवं सरपंच चौक पर लगाने की मांग किया है। समाजसेवी किरण देव यादव ने विभिन्न चौक चौराहे पर पावरफुल सीसीटीवी कैमरा एवं सामूहिक व दिव्यांग शौचालय निर्माण करने की मांग जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से किया है ताकि अपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके एवं व्यस्ततम चौक चौराहे पर महिला पुरुषों को सुविधा मिल सके।

# मोहर्रम के दशमी पर हवेली खड़गपुर में शांतिपूर्ण जुलूस, छः अखाड़ों ने लिया भाग

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर/हवेली खड़गपुर (मुंगेर) । मोहर्रम के दशमी के अवसर पर रविवार को क्षेत्र में शांति और भाईचारे के माहौल में जुलूस निकाला गया। जुलूस सुबह 6:00 बजे से आरंभ हुआ और दोपहर 12:00 बजे शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।अनुमंडल प्रशासन ने बताया कि इस बार कुल छः अखाड़ों से मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस में भाग लिया है। अखाड़ा प्रदर्शन में युवाओं ने पारंपरिक करतब, लाठी, तलवारबाजी व कलाबाजी का प्रदर्शन कर लोगों को मोहित कर दिया। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने जुलूस में शामिल प्रतिभागियों के स्वागत हेतु पानी व शरबत की व्यवस्था की थी।जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही। एसडीओ, डीएसपी सहित स्थानीय थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल लगातार निगरानी में लगे रहे। जुलूस का समापन हुसैनी चौक के पास हुआ, जहां पर परंपरागत ढंग से मातम मनाया गया और हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद किया गया। अनुमंडल प्रशासन और जनता की आपसी सहयोग से इस बार का मोहर्रम जुलूस शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# बैजनाथपुर में मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, नशा युक्त टैबलेट जब्त



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले के बैजनाथपुर थाना क्षेत्र स्थित बैजनाथपुर चौक पर एक मेडिकल स्टोर में शनिवार देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा छापेमारी की गई। बैजनाथपुर थानाध्यक्ष चंद्रजीत प्रभाकर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि पपलेश मेडिकल स्टोर में अवैध रूप से नशा युक्त टैबलेट की बिक्री की जा रही है। इसी आधार पर पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई। छापेमारी की सूचना ड्रग इंस्पेक्टर को भी दी गई, जो मौके पर पहुंचकर गहन जांच में जुट गए। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर से नशा युक्त टैबलेट बरामद की गई जिसे जप्त कर लिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर संचालक से दवाओं के बिल की मांग की, लेकिन बिल प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस पर ड्रग विभाग द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

# महदेवा मध्य विधालय बरियारपुर के खेल मैदान में खिलाड़ियों का लगेगा मेला

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर(मुंगेर)। बिहार सरकार के खेल एवम क्रिड़ा विभाग द्वारा प्रतिभागियों के चयन के लिए महदेवा मध्य विद्यालय के फुटवाल मैदान में बरियारपुर शिक्षा अंचल के प्रतिभागियों के चयन के लिए 11 सी आर सी के 34 अधिनस्थ प्राथमिक बिद्यालय के 32 माध्यमिक विद्यालय एवम 11 उच्च बिद्यालय के छात्र/छात्राओं के प्रतिभागियों का चयन किया जायेगा। जिनमें सभी बिद्यालयों के शारिरिक शिक्षक उपस्थिति रहे । इस आशय के जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी स्वेता कुमारी बरियारपुर के निर्देश पर सभी आयोजन होना सुनिश्चित किया गया है।

# जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित अभियान का लागातार किया जा रहा प्रचार



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय! 03 जुलाई को विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 अभियान हेतु लखीसराय जिले के सभी प्रखंडों में प्रचार प्रसार के लिए प्रचार रथ को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र के द्वारा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। प्रचार रथ द्वारा लखीसराय जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित अभियान का लगातार प्रचार किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 हेतु 25 जून से 27 जुलाई तक का समय निर्धारित किया गया है। इस गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो और मतदाता सूची में नाम जोड़ना यह हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे। बिहार है तैयार -घर -घर दस्तक देने आ रहा है चुनाव आयोग,के मिशन को लेकर लखीसराय जिला प्रशासन एक्टिव मोड में है !

# सीएनजी और पीकअप में आमने-सामने हुई भिड़ंत सीएनजी पर सवार दो लोगों की मौत, सात लोग जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिले के सौरबाजार थाना क्षेत्र के चकला गांव के समीप शनिवार देर रात को सीएनजी और पीकअप में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें सीएनजी पर सवार दो लोगों की मौत हो गई और सात लोग जख्मी हो गए। सभी जख्मी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरबाजार में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पहुंची सौरबाजार थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि शनिवार की देर संध्या को खगड़िया जिले के बेलदौर थाना अंतर्गत वोविल फुलवरिया गांव से दर्जनो की संख्या में सीएनजी से सहरसा रेलवे स्टेशन जा रहा था। उसी दौरान सौरबाजार-सोनवषार्राज मुख्य मार्ग स्थित चकला गांव के पास रात के करीब 12 बजे सीएनजी और पीकअप की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें सीएनजी पर सवार सभी लोग जख्मी हो गए, स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना सौरबाजार थाना पुलिस को दी। सौरबाजार पुलिस ने सदर-बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर घटना की तहकीकात करते हुए सभी जख्मी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरबाजार में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृत की पहचान खगड़िया जिले के बेलदौर थाना अंतर्गत वोविल फुलवरिया वार्ड नंबर 7 निवासी कैसो राम के करीब 40 वर्षीय पुत्र जमार राम और रघुनंदन राम के करीब 35 वर्षीय पुत्र विजय राम के रूप में हुई है। वही सौरबाजार पुलिस नें घटनास्थल से सीएनजी और पीकअप को जप्त कर थाना लाया। साथ ही दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सहरसा भेज दिया।

# मुहर्रम बना सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक, हिन्दू-मुस्लिमों ने मिलकर पेश की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिले में इस बार मुहर्रम का पर्व सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की एक अनूठी मिसाल बनकर सामने आया। जिले के कई इलाकों में हिन्दू समुदाय के लोगों ने न केवल ताजिया बनाने में भाग लिया, बल्कि जुलूस निकालने और इमाम हुसैन की शहादत पर मातम मनाने में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और आज भी कई गांवों में इसे पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ निभाया जा रहा है। यह दशार्ता है कि सहरसा में धर्म की सीमाएं नहीं, बल्कि इंसानियत और आपसी प्रेम की दीवारें मजबूत है। सहरसा के मीर टोला, अली नगर, मछली बाजार, बनगांव पूर्वी, बरियाही, नरियार, लतहा, रहुआमणि, नौलक्खा आदि क्षेत्रों में हिन्दू परिवारों द्वारा ताजिया तैयार किए गए और मुहर्रम के जुलूसों में शामिल हुए। कई स्थानों पर तो पीढ़ियों से यह परंपरा कायम है, जहां हिन्दू परिवार मुसलमानों के साथ मिलकर यह पर्व मनाते आ रहे हैं। रविवार को जब विभिन्न इलाकों के ताजिया जुलूस रणखेत पहुंचे, तो वहां ताजिया मिलान का दृश्य एकता और सांस्कृतिक समरसता का जीवंत प्रमाण बन गया। रणखेत पर सभी समुदायों के लोगों ने मिलकर लड़वारी खेली, और एक-दूसरे के साथ गले मिलकर गंगा-जमुनी तहजीब की भावना को जीवित रखा। सहरसा में देखा गया यह नजारा उन ताकतों को सीधी चुनौती देता है जो धर्म के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश करते हैं। यहां हिन्दू-मुस्लिम समुदाय एक-दूसरे के पर्वों में भाग लेते हैं। जहां होली में मुसलमानों के घर पुआ और पकवान बनते हैं, वहीं मुहर्रम में हिन्दू युवक, बुजुर्ग और बच्चे ताजिया और जुलूस का हिस्सा बनते हैं। कुछ गांवों में यह परंपरा पुराने सांप्रदायिक समझौतों और वादों पर आधारित है, जहां हिन्दू-मुस्लिम परिवारों ने साथ मिलकर मुहर्रम मनाने की प्रतिज्ञा की थी। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सद्भाव और सामाजिक समरसता की जड़ें मजबूत करने का प्रतीक बन गया है। जब देश के कई हिस्सों में धार्मिक आधार पर तनाव की खबरें आती हैं, तब सहरसा जैसे जिलों से ऐसी मिसालें उम्मीद और इंसानियत की रौशनी बनकर सामने आती हैं। मुहर्रम जैसे अवसर पर धर्म की सीमाएं मिटाकर एक-दूसरे के पर्व में सहभागी बनना भारतीय संस्कृति की सबसे सुंदर तस्वीर है।

# मुहर्रम को लेकर सहरसा पुलिस अलर्ट, एसडीपीओ के नेतृत्व में किया गया फ्लैग मार्च



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा मुहर्रम पर्व को लेकर सहरसा में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार शाम एसडीपीओ आलोक कुमार ने स्वयं कमान संभाली। करीब शाम 6 बजे शहर के प्रमुख इलाकों से एक भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च थाना चौक से प्रारंभ होकर शंकर चौक, दहलान चौक, गांधी पथ, कुंवर सिंह चौक होते हुए नया बाजार तक पहुंचा और अंत में पुलिस लाइन में समाप्त हुआ। मार्च में एसडीपीओ आलोक कुमार के साथ यातायात डीएसपी, स्थानीय थाना प्रभारी व सैकड़ों पुलिसकर्मी एवं अधिकारी मौजूद रहे। खास ट्रेनिंग प्राप्त जवानों की सशक्त उपस्थिति और तेज सायरनों की गूंज ने शहरवासियों को सुरक्षा का संदेश दिया। एसडीपीओ आलोक कुमार ने स्पष्ट कहा बिना लाइसेंस के किसी भी ताजिया जुलूस को अनुमति नहीं दी जाएगी, और जुलूस में डीजे बजाने की अनुमति भी नहीं है। पुलिस हर गतिविधि पर नजर रखेगी और शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बाबा राज राजेश्वर स्थान 300 वर्ष से भी अधिक पुराना धार्मिक स्थल है : राज सिंह



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा नगर पंचायत नवहट्टा के शाहिडीह वार्ड नं. 14 स्थित बाबा राज राजेश्वर स्थान को लेकर हाल के दिनों में कुछ भ्रम और रुकावटें उत्पन्न की जा रही हैं। इस विषय पर वक्तव्य जारी करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राज सिंह ने कहा बाबा राज राजेश्वर स्थान शाहिडीह कोई नया स्थल नहीं, बल्कि यह मंदिर तीन सौ वर्षों से भी अधिक पुराना है, जिसका प्रमाण सरकारी दस्तावेजों में भी दर्ज है। यह स्थल सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत का हिस्सा है। सावन के अवसर पर होने वाला दो दिवसीय श्रावणी महोत्सव स्थानीय जनता की आस्था और परंपरा से जुड़ा आयोजन है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए इसे बाधित करने की कोशिश कर रहे है। स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह आयोजन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि ग्रामवासियों और मंदिर कमिटी के सहयोग से श्रद्धा और समर्पण के साथ किया जाता है। राज सिंह ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से आग्रह किया है कि वे सत्य को समझें और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें, ताकि सनातन परंपरा को मजबूती मिल सके और धार्मिक सौहार्द बना रहे।

# लोजपा आर के प्रधान कार्यालय तारापुर में रामविलास पासवान का मनाया गया समारोह पूर्वक जयंती

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जिले के तारापुर लोजपा आर के प्रधान कार्यालय में देश के दूसरे अम्बेडकर गरीब शोषित वंचितों को मुख्य धारा में लाने वाले लोजपा के संस्थापक पदम् भूषण पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान की 79 वीं जयंती धूम धाम से मनाया गया वहीं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी जिसकी अध्यक्षता तारापुर प्रखंड अध्यक्ष जयराम मण्डल के द्वारा किया गया जहाँ मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मिथलेश कुमार सिंह प्रदेश महासचिव दुर्गेश कुमार सिंह, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अंटूश राणा जिलाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि प्रमोद पासवान आईटी सेल जिलाध्यक्ष रोहित सिंह छात्र जिलाध्यक्ष नितेश कुमार लोजपा नेता छोटु मण्डल टेटिया बम्बर प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह असरगंज प्रखंड अध्यक्ष उदय पासवान संग्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष जीवन सिंह खरगपुर प्रखंड अध्यक्ष ज्योतिष पासवान राजेश पासवान असरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनिजर पासवान प्रधान महासचिव पंकज पासवान नगर अध्यक्ष विशाल आनंद प्रखंड अध्यक्ष मनीराम पासवान धनंजय पासवान हीरालाल चौधरी बासुकी यादय संजय सिंह नकुल पासवान संजय सिंह संजय पासवान नकुल पासवान दर्वेश पासवान आदि मौजूद थे

# प्रशांत किशोर के सहरसा आगमन पर कार्यकताओं ने किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा बिहार में संपूर्ण क्रांति और व्यवस्था परिवर्तन के उद्देश्य से शुरू की गई बिहार बदलाव यात्रा के तहत जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर एक दिवसीय दौरे पर 13 जुलाई को सहरसा आ रहें है। आगमन को लेकर रविवार को आयोजित बैठक जिला कार्यलय सहरसा में हुई जहां संगठन के वरीय पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष नवल किशोर सिंह ने बताया सहरसा की धरती पर प्रशांत किशोर का भव्य स्वागत किया जाएगा। बिहार में व्यवस्था परिवर्तन के उद्देश्य से निकले प्रशांत किशोर का 13 जुलाई को जिले के कोने-कोने से भरपूर सहयोग मिलेगा। इस बैठक में जिला अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, महासचिव इरफान खान, जिला युवा अध्यक्ष अनिल कुमार महतो, जिला किसान अध्यक्ष नौशाद आलम, जिला अभियान समिति संयोजक प्रभात कुमार स्थाना, क्षेत्रीय युवा प्रभारी सोहन झा, प्रमंडल चुनाव अभियान समिति सदस्य विमल कांत झा, अनुमंडल प्रवक्ता मो वसीम जिला उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, सहरसा सदर अनुमंडल अध्यक्ष कुमार मौलेश सिंह, महिला अध्यक्ष नीलू देवी, उपाध्यक्ष योगेंद्र झा।

सम्पादकीय

## इस गुरुवार को गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर आईए जानें शिष्य के जीवन में गुरु का महत्व....




गुरु कौन हैं ? जो शिष्य का अज्ञान नष्ट कर, उसकी आध्यात्मिक उन्नति हेतु जो साधना बताते हैं तथा उससे वह करवाते हैं एवं अनुभूति भी प्रदान करते हैं, उन्हें गुरु कहते हैं । गुरु का ध्यान शिष्य के ऐहिक सुख की ओर नहीं होता (क्योंकि वह प्रारब्धानुसार होता है), केवल उसकी आध्यात्मिक उन्नति की ओर रहता है । वर्तमान जन्म में छोटी-छोटी बातों के लिए भी प्रत्येक व्यक्ति किसी अन्य से अर्थात शिक्षक, डॉक्टर, वकील इत्यादि से मार्गदर्शन लेता है ।ऐसी स्थिति में जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति देनेवाले गुरु का महत्त्व कितना होगा, इसकी कल्पना कर पाना भी असंभव है ।

वास्तव में ईश्वर और गुरु में हम भेद ही नहीं कर सकते ।ईश्वर निर्गुण रूप हैं, तो गुरु ईश्वर के सगुण रूप हैं ।गुरु हमारा हाथ पकडकर हमसे प्रत्यक्ष साधना करवाकर लेते है ।संत कबीर गुरु का महत्त्व बताते हुए कहते हैं,गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय ।
बलिहारी गुरु आपनो, जिन गोविंद दियो बताय ॥
अर्थ : इस दोहे से तात्पर्य है कि गुरु और भगवान दोनों ही मेरे सम्मुख खडे हैं, परंतु ईश्वर ने गुरु को जानने का मार्ग दिखा दिया है ।कहने का भाव यह है कि जब आपके समक्ष गुरु और ईश्वर दोनों विद्यमान हों, तो पहले गुरु के चरणों में अपना शीश झुकाना चाहिए, क्योंकि गुरु ने ही हमें भगवान के पास पहुंचने का ज्ञान प्रदान किया है ।
हमारे यहां कहा गया है,गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वर ।
गुरु साक्षात परम ब्रह्मा तस्मै श्री गुरुवे नमः ॥
इस श्लोक में गुरु की महिमा को मण्डित किया गया कि गुरु यदि मिल जाएं, तो जीवन में भगवान को पाना सरल हो जाता है और गुरु के रूप में साक्षात ईश्वर की प्राप्ति हो जाती है ।
श्री शंकराचार्यजीने कहा है, ज्ञानदान करनेवाले सद्गुरु को जो शोभा दे, ऐसी उचित उपमा इस त्रिभुवन में कहीं भी नहीं है ।यद्यपि उन्हें पारस की उपमा दी जाए, तो वह भी अपर्याप्त होगी; क्योंकि पारस लोहे को सुवर्णत्व तो दे सकता है; परंतु उसे पारसत्व नहीं दे सकता ।समर्थ रामदासस्वामीजी ने भी दासबोध में (दशक १, समास ४, पंक्ति १६ में) कहा है, पारस के स्पर्श से लोहा सोना बन जाता है; परंतु सोना अपने स्पर्श से लोहे को सोना नहीं बना सकता; परंतु गुरु शिष्य को गुरुपद प्राप्त करवाते हैं ।इसलिए पारस की उपमा भी गुरु के लिए अपर्याप्त है ।इसलिए जीवन में गुरु का होना आवश्यक है ।
गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुदेवी महेश्वरः ।
गुरुरेव परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥ ३२ ॥गुरु स्वयं ही ब्रह्मा, श्रीविष्णु तथा महेश्वर हैं ।वे ही परब्रह्म हैं ।ऐसे श्री गुरु को मैं नमस्कार करता हूं ।शिष्य के जीवन में गुरु का महत्त्व क्या है ?शिष्य के जीवन में गुरु का महत्त्व अनन्यसाधारण है !ध्यानमूलं गुरोर्मूर्तिः पूजामूलं गुरोः पदम् ।मन्त्रमूलं गुरोवार्क्यं मोक्षमूलं गुरोः कृपा ॥ ८६ ॥अर्थ : ध्यान का आश्रयस्थान गुरुमूर्ति है ।पूजा का मूलस्थान गुरुचरण, मन्त्र का उगमस्थान गुरुवाक्य एवं मोक्ष का मूल आधार गुरु की कृपा है ।श्री शंकराचार्यजी ने कहा है, ह्यज्ञानदान करनेवाले सद्गुरु को जो शोभा दे, ऐसी उचित उपमा इस त्रिभुवन में कहीं भी नहीं है ।यद्यपि उन्हें पारस की उपमा दी जाए, तो वह भी अपर्याप्त होगी; क्योंकि पारस लोहे को सुवर्णत्व तो दे सकता है; परंतु उसे पारसत्व नहीं दे सकता ।समर्थ रामदासस्वामीजी ने भी दासबोध में (दशक १, समास ४, पंक्ति १६ में) कहा है, पारस के स्पर्श से लोहा सोना बन जाता है; परंतु सोना अपने स्पर्श से लोहे को सोना नहीं बना सकता; परंतु गुरु शिष्य को गुरुपद प्राप्त करवाते हैं ।इसलिए पारस की उपमा भी गुरु के लिए अपर्याप्त है ।गुरु हमारे प्रारब्ध भोगने की क्षमता कैसे बढाते हैं ?

## नोटबंदी के बाद अब वोटबंदी लोकतंत्र के मूल पर प्रहार

बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची मैं संशोधन के लिए जो नियम लागू किए हैं।उसके बाद एक बार फिर 2016 की नोटबंदी चर्चा में आ गई है।नोटबंदी ने देश को जिस आर्थिक अस्थिरता और अव्यवस्था में झोंका था।उसकी गूंज आज भी गरीबों और मध्यम वर्ग की स्मृतियों में ताजा है। उस समय सरकार ने कहा था, नोटबंदी, काला धन और भ्रष्टाचार खत्म करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। नोटबंदी हुई लोगों को वर्षों तक इसका खामयिजा भुगतना पड़ा। नोटबंदी का कोई नतीजा नहीं निकला।जितने नोट प्रचलन में थे, वह सब वापस आ गए।ना काला धन कम हुआ, नाही भ्रष्टाचार खत्म हुआ। उल्टे भ्रष्टाचार बढ़ गया, काला धन भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है।स्विस बैंक में तीन गुना ज्यादा काला धन जमा है। नतीजा? जीरो बटा सन्नाटा रहा। अब उसी तर्ज पर बिहार में मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसको देखकर यह कहने में कोई हिचक नहीं रहा है। देश मैं जिस तरह से नोटबंदी लागू की गई थी। अब वोटबंदी के रूप में फिर एक बार उसी तरह की कार्यवाही सामने आ गई है। मतदाता के अधिकार को बनाए रखने के लिए अपने जन्म से लेकर माता-पिता के जन्म के कागज एकत्रित करना पड़ रहे हैं। मां बाप ने गलती करी,उनका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना। लाखों माता-पिता स्कूल पढ़ने भी नहीं गए। 2003 के पहले और बाद का जन्म प्रमाण पत्र कहीं से नहीं मिल रहा है। अब उन्के बच्चों को मत के अधिकार से वंचित किया जा रहा है ।पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव द्वारा इस मुद्दे को जिस आक्रामकता से उठाया गया है। वह सिर्फ एक राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं है। बल्कि लोकतंत्र की रक्षा तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा का बिगुल पप्पू यादव ने बिहार में बजा दिया है। चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट से कथित फर्जी मतदाताओं को हटाने के नाम पर नागरिकों से ऐसे दस्तावेजों की मांग की जा रही है।

## डिप्रेशन में आत्महत्या के विचार



अंकित श्रीवास्तव

डिप्रेशन एक गंभीर मानसिक विकार है, जो व्यक्ति की सोच, भावनाओं और व्यवहार को बुरी तरह प्रभावित करता है। जब यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो व्यक्ति के मन में निराशा, असहायता और आत्मग्लानि की भावना गहराने लगती है। कई बार यह मानसिक पीड़ा इतनी तीव्र हो जाती है कि व्यक्ति को जीवन बोझ लगने लगता है, और तब उसके मन में आत्महत्या जैसे खतरनाक विचार जन्म लेने लगते हैं। आत्महत्या के विचार डिप्रेशन के सबसे खतरनाक लक्षणों में से एक हैं।

जब व्यक्ति यह महसूस करता है कि उसकी समस्याओं का कोई हल नहीं है, वह अकेला है, उसकी कोई परवाह नहीं करता, या वह दूसरों के लिए बोझ बन चुका है—तब ये विचार और भी मजबूत हो जाते हैं। कई बार व्यक्ति बाहर से सामान्य दिखाई देता है, लेकिन अंदर ही अंदर वह तीव्र मानसिक संघर्ष से जूझ रहा होता है। ऐसे में वह मौत को शांति या मुक्ति का रास्ता समझने लगता है। डिप्रेशन में आत्महत्या के विचार आने का मतलब यह नहीं कि व्यक्ति मरना चाहता है, बल्कि वह उस मानसिक और भावनात्मक दर्द से छुटकारा पाना चाहता है, जिससे वह लगातार जूझ रहा है।इसलिए इस स्थिति में भावनात्मक समर्थन, समझदारी और पेशेवर सहायता अत्यंत आवश्यक हो जाती है। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सहायता, साइकोथेरेपी, दवाओं और परिवार के सहयोग से व्यक्ति इस अंधेरे से बाहर निकल सकता है। जरूरी है कि हम आत्महत्या जैसे विचारों को शर्म या कमजोरी न समझें, बल्कि इसे एक मानसिक संकट मानते हुए उचित सहायता प्रदान करें। डिप्रेशन एक इलाज योग्य बीमारी है, और समय रहते सहायता मिलने से जीवन को एक नई दिशा दी जा सकती है।

# 15वें दलाई लामा के चयन पर भारत का मिला साथ

तिब्बत के मामले में विदेशी प्रभाव या दखलंदाजी तुलनात्मक रूप से बहुत ही सीमित समय के लिए रही थी इस शोध पत्र में उनके स्वायित्व व चीन के अमानवीय व्यवहार जो भगवान बुद्ध के शांति के मार्ग पर चलने के लिए तिब्बत शरणार्थी शिविरों जो भारत में अपने देश की आजादी के लिए संघर्षरत है उस पर विश्व पटल पर मानवाधिकार हनन के लिए बहुत ही मुश्किल लेकिन उनकी आजादी की मांग करें क्योंकि इससे मानवता की रक्षा होती है





संजय गोस्वामी
लेखक

तिब्बत हमेशा अपनी आजादी के लिए लगभग 70सालों से चीन के चंगुल से अपने आप को छुड़ाने की गुहार विश्व पटल पर लगा रहा है दुनिया में आज कोई ऐसा देश खोजना मुश्किल है, जिस पर इतिहास के किसी दौर में किसी विदेशी ताकत का प्रभाव या अधिपत्य न रहा हो. तिब्बत के मामले में विदेशी प्रभाव या दखलंदाजी तुलनात्मक रूप से बहुत ही सीमित समय के लिए रही थी इस शोध पत्र में उनके स्वायित्व व चीन के अमानवीय व्यवहार जो भगवान बुद्ध के शांति के मार्ग पर चलने के लिए तिब्बत शरणार्थी शिविरों जो भारत में अपने देश की आजादी के लिए संघर्षरत है उस पर विश्व पटल पर मानवाधिकार हनन के लिए बहुत ही मुश्किल लेकिन उनकी आजादी की मांग करें क्योंकि इससे मानवता की रक्षा होती है. हिमालय के उत्तर में स्थित तिब्बत 12 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ और अशांति से भरा एक कटा हुआ इलाका है. इसका इतिहास कई तरह के झटकों और परेशानियों से भरा हुआ है. 1013 ई0 में नेपाल से धर्मपाल तथा अन्य बौद्ध विद्वान तिब्बत गए। 1042 ई0 में दीपंकर श्रीज्ञान अतिशा तिब्बत पहुँचे और बौद्ध धर्म का प्रचार किया। शाक्यवंशियों का शासनकाल 1207 ई0 में प्रारंभ हुआ। मंगोलों का अंत 1720 ई0 में चीन के माँछु प्रशासन द्वारा हुआ। तत्कालीन साम्राज्यवादी अंग्रेंजों ने, जो दक्षिण पूर्व एशिया में अपना प्रभुत्व स्थापित करने में सफलता प्राप्त करते जा रहे थे, यहाँ भी अपनी सत्ता स्थापित करनी चाही, पर 1788-1792 ई0 के गुरखों के युद्ध के कारण उनके पैर यहाँ नहीं जम सके। परिणाम स्वरूप 19 वीं शताब्दी तक तिब्बत ने अपनी स्वतंत्र सत्ता स्थिर रखी यद्यपि इसी बीच लद्दाख पर कश्मीर के शासक ने तथा सिक्किम पर अंग्रेंजों ने आधिपत्य जमा लिया। अंग्रेंजों ने अपनी व्यापारिक चौकियों की स्थापना के लिये कई असफल प्रयत्न किया। इतिहास के मुताबिक तिब्बत को दक्षिण में नेपाल से भी कई बार युद्ध करना पड़ा और नेपाल ने इसको हराया। नेपाल और तिब्बत की सन्धि के मुताबिक तिब्बत को हर साल नेपाल को ५००० नेपाली रुपये हरजाना भरना पड़ा। इससे आजित होकर नेपाल से युद्ध करने के लिये चीन से मदद माँगी चीन के मदद से उसने नेपाल से छुटकारा तो पा लिया लेकिन इसके बाद 1906-07 ई0 में तिब्बत पर चीन ने अपना अधिकार कर लिया और याटुंग ग्याड्से एवं गरटोक में अपनी चौकियाँ स्थापित की। 1912 ई0 में चीन से मांछु शासन अंत होने के साथ तिब्बत ने अपने को पुनः स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया। सन 1913-14 में चीन, भारत एवं तिब्बत के प्रतिनिधियों की बैठक शिमला में हुई जिसमें इस विशाल पठारी राज्य को भी भागों में विभाजित कर दिया गयाः 23 मई, 1951 को तिब्बत ने चीन के इस विवादित समझौते पर साइन किए थे. 13वीं शातब्दी में तिब्बत, मंगोल साम्राज्य का हिस्सा था और जीत के बाद से इसे हमेशा स्वायत्तता हासिल रही. इस सरकार की विस्तारवादी नीतियों के चलते 1950 में चीन ने हजारों सैनिकों के साथ तिब्बत पर हमला कर दिया। करीब 8 महीनों तक तिब्बत पर चीन का कब्जा चलता रहा। आखिरकार तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 17 बिंदुओं वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।इस समझौते के बाद तिब्बत आधिकारिक तौर पर चीन का हिस्सा बन मुख्यतः बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के तिब्बत सुदूर इलाके को संसार की छत के नाम से भी जाना जाता है. चीन में तिब्बत का दर्जा एक स्वायत्तशासी क्षेत्र के तौर पर है.चीन का कहना है कि इस इलाके पर सदियों से उसकी संप्रभुता रही है जबकि बहुत से तिब्बती लोग अपनी वफादारी अपने निर्वासित आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के प्रति रखते हैं.दलाई लामा को उनके अनुयायी एक जीवित ईश्वर के तौर पर देखते हैं तो चीन उन्हें एक अलगाववादी खतरा मानता है.तिब्बत का इतिहास बेहद उथल-पुथल भरा रहा है.

कभी वो एक खुदमुख़्तार इलाके के तौर पर रहा तो कभी मंगोलिया और चीन के ताकतवर राजवंशों ने उस पर हुकूमत की. लेकिन साल 1950 में चीन ने इस इलाके पर अपना झंडा लहराने के लिए हजारों की संख्या में सैनिक भेज दिए. तिब्बत के कुछ इलाकों को स्वायत्तशासी क्षेत्र में बदल दिया गया और बाकी इलाकों को इससे लगने वाले चीनी प्रांतों में मिला दिया गया.लेकिन साल 1959 में चीन के खिलाफ हुए एक नाकाम विद्रोह के बाद 14वें दलाई लामा को तिब्बत छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी जहां उन्होंने निर्वासित सरकार का गठन किया. साठ और सत्तर के दशक में चीन की सांस्कृतिक क्रांति के दौरान तिब्बत के ज्यादातर बौद्ध विहारों को नष्ट कर दिया गया. माना जाता है कि दमन और सैनिक शासन के दौरान हजारों तिब्बतियों की जाने गई थीं.चीन और तिब्बत के बीच विवाद, तिब्बत की कानूनी स्थिति को लेकर है. चीन कहता है कि तिब्बत तेरहवीं शताब्दी के मध्य से चीन का हिस्सा रहा है लेकिन तिब्बतियों का कहना है कि तिब्बत कई शताब्दियों तक एक स्वतन्त्र राज्य था और चीन का उसपर निरंतर अधिकार नहीं रहा. मंगोल राजा कुबलई खान ने युआन राजवंश की स्थापना की थी और तिब्बत ही नहीं बल्कि चीन, वियतनाम और कोरिया तक अपने राज्य का विस्तार किया था. फिर सत्रहवीं शताब्दी में चीन के चिंग राजवंश के तिब्बत के साथ संबंध बने. 260 साल के रिश्तों के बाद चिंग सेना ने तिब्बत पर अधिकार कर लिया.

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग तकनीकी बनाम उन्नत अपडेट तेजी से परिष्कृत होते साइबर हमले व धोखाधड़ी

साइबर क्राइम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो बैंक अकाउंट साइबर क्राइम से बहुत आगे बढ़कर अबव्हाट्सएप मेल, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अनेकों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच गए है, तो इधर किसी लिंक पर क्लिक किया उधर आप साइबर क्राइम का शिकार हुए, जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही है, जिसका संज्ञान लेकर अब यह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स भी चौकन्ने हो गए हैं





किशन सनमुखदास भावनानीं
लेखक

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ के आधुनिक प्रौद्योगिकी के बढ़ते क्रम में साइबर क्राइम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो बैंक अकाउंट साइबर क्राइम से बहुत आगे बढ़कर अबव्हाट्सएप मेल, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अनेकों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच गए है, तो इधर किसी लिंक पर क्लिक किया उधर आप साइबर क्राइम का शिकार हुए, जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही है, जिसका संज्ञान लेकर अब यह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स भी चौकन्ने हो गए हैं, थोड़ा सा भी डाउट हुआ या ब्रिच ऑफ टर्म एंड कंडीशन हुए, तो तुरंत वह मीडिया प्लेटफॉर्म लॉक कर दिया जाता है ।अभी अनेकों लोगों के व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम अकाउंट लॉक कर दिए गए हैं जिस पर ब्रिच आफ टर्म्स एंड कंडीशंस लिखकर आ रहे हैं ।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र इस आर्टिकल के माध्यम से पूरी दुनियाँ के मीडिया प्लेटफॉर्म्स के उपयोगकताओं से अपील करना चाहता हूं कि अपने इंस्ट्रूमेंट का आति सावधानी से उपयोग करें, जिसके बारे में नीचे पैराग्राफ में चर्चा की गई है ।हमारा वहमीडिया प्लेटफॉर्म भी बंद कर दिया जा सकता है, जिसमें हमारे बहुमूल्य डाटा या ग्रुप होते हैं,नया नंबर लेकर के वह प्लैटफॉर्म तो चालू किया जा सकता है परंतु उसके सारे डेटा उड़ जाते हैं,, इसलिए हमें साइबर क्राइम वालों को कोई मौका नहीं देना है और बहुत ही सावधानी के साथ अपने इंस्ट्रूमेंट का उपयोग करना है ।चूँकि पूरे विश्व के लिए साइबर अपराधों से जुड़ी कुल लागत और जोखिम का लगातार बढ़नां एक चुनौती है तथा उससे निपटने तात्कालिक अपडेट की आवश्यकता बढ़ गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग तकनीकी बनाम उन्नत अपडेट तेजी से परिष्कृत होते साइबर क्राइम व धोखाधड़ी होने की संभावना है।
साथियों बात अगर हम वर्तमान समय में साइबर क्राइम के मामले तेजी से बढ़ाने की करें तो, कई ऐसे मामले सामने आए हैं,जिसमें नकली पुलिस, सीबीआई ऑफिसर बनकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट किया गया और लाखों रुपये ठग लिए गए, इंटरनेट पर स्टोर जानकारी को एक्सेस करके ठग, लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। हालांकि,जिन लोगों के पास इंटरनेट नहीं है उनको भी ठग अपना शिकार बना ले रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि बिना इंटरनेट के उनके पास हमारी जानकारी कैसे है ?आज के दौर में अगर हम खुद को सुरक्षित नहीं रखते तो हम साइबर ठगी के शिकार हो सकते हैं,हम इससे बचने के लिए अगर ईमेल या किसी ऑनलाइन सर्विस का यूज कर रहे हैं तो कोशिश करें कि उसका पासवर्ड काफी मजबूत हो, गलती से भी अपने नाम, मोबाइल नम्बर या डेट ऑफ वर्थ को पासवर्ड न रखें, कोशिश करें कि हमेशाटू-फैक्टरऑथोटिकेशन का इस्तेमाल करें,अगर हमको कोई अनजान मेल या मैसेज आता है और उसमंक कोई लिंक दिया गया है तो गलती से भी उसको खोलने की कोशिश न करें, अपने फोन को हमेशा अपडेट रखें,अगर कोई सिक्योरिटी फीचर अपडेट आता है तो उसको जरूर करें, इससे हमारा फोन सुरक्षित रहता है ।अगर हम इंटरनेट यूज नहीं करते हैं तो भी ठग आराम से हमको शिकार बना सकते हैं,दरअसल, इसके लिए वे हमारे डेटा को दूसरी जगह से उठाते हैं, इसमें वे सोशल साइट्स, अस्पताल, दुकान या फिर सरकारी ऑफिस आदि जगहों से डेटा लीक करते हैं या फिर किसी तरह निकालते हैं, फिर इस डेटा का इस्तेमाल करके हमारे साथ ठगी के लिए करते हैं, कई लोगों का डेटा उनके किसी रिलेटिव के फोन से भी निकाल लिया जाता है। जो बेहद गंभीर बात है।
साथियों बात अगर हम आरबी आई की रिपोर्ट में वित्तवर्ष 2024-25 में धोखाधड़ी के मामले घटनें परंतु धोखाधड़ी की रकम तीन गुना बढ़ने की करें तो, धोखाधड़ी के अधिकांश मामले डिजिटल भुगतान से जुड़े हैं आरबीआई की 2024-25 की सालाना रिपोर्ट के अनुसार बैंकों से जुड़े धोखाधड़ी के कुल 23, 953 मामले सामने आए, जो 2023-24 की तुलना में 34 प्रतिशत कम रहे ।किंतु2024-25 में 36,014 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई और यह रकम उससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में करीब 3 गुना अधिक रही ।इसके दो मुख्य कारण रहे। पहला, उससे पिछले वित्त वर्ष में 18,674 करोड़ रुपये के 122 मामलों को धोखाधड़ी की श्रेणी से हटा दिया गया और दोबारा जांच के बाद इस वित्त वर्ष में फिर से उनकी शिकायत की गई। दूसरा, उच्चतम न्यायालय के 27 मार्च, 2023 के फैसले का अनुपालन सुनिश्चित किया गया। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में 1 लाख रुपये और उससे अधिक की धोखाधड़ी के मामले शामिल किए गए हैं। इसमें वे मामले भी हो सकते हैं, जिनमें धोखाधड़ी कई साल पहले हुई थी मगर शिकायत इस साल दर्ज कराई गई थी। केंद्रीय बैंक के आंकड़े बताते हैं कि पिछले वित्त वर्ष में धोखाधड़ी के सबसे ज्यादा मामले निजी क्षेत्र के बैंकों ने आए। उन बैंकों में धोखाधड़ी के 14,233 मामले सामने आए हैं, जो बैंकिंग क्षेत्र में कुल धोखाधड़ी के 59.4 प्रतिशत हैं ।सरकारी बैंकों की तुलना में ये बहुत अधिक हैं। सरकारी बैंकों में धोखाधड़ी के केवल 6,935 मामले आए,जो कुल मामलों के 29 प्रतिशत ही रहे ।किंतुसरकारी बैंकों में 25,667 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई, जो इस तरह के मामलों में शामिल रकम की कुल 71.3 प्रतिशत है।

## गुरु-शक्ति और स्वर्णाकर्षण भैरव की दिव्यता का संगम है - गुरु पूर्णिमा



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

गुरु पूर्णिमा भारतवर्ष की आत्मा से जुड़ा एक ऐसा पर्व है, जिसकी गूंज केवल मंदिरों और आश्रमों तक सीमित नहीं रहता है, बल्कि हर साधक, हर शिष्य और हर आत्मा के भीतर गुंजायमान होता है। यह केवल एक तिथि नहीं, एक अनुभूति है- जब ज्ञान का सूर्य गुरु रूप में उदय होता है और अज्ञानता का तिमिर नष्ट हो जाता है।

गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है, क्योंकि यह महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने चारों वेदों, ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद का विभाजन कर उन्हें संरचित किया था। महाभारत, ब्रह्मसूत्र, 18 पुराण और भगवद गीता जैसे ग्रंथ उनकी ही देन है। महर्षि वेदव्यास न केवल एक ऋषि थे, बल्कि वे भारतीय संस्कृति के शिल्पकार भी थे ।गुरु पूर्णिमा केवल महर्षि वेदव्यास की स्मृति नहीं है, बल्कि ज्ञान परंपरा की नींव रखने वालों की श्रद्धा का प्रतीक भी है। इस दिन हमलोग केवल उन्हें नहीं, बल्कि सभी गुरुओं को नमन करते हैं जिन्होंने हमें आत्मा से परमात्मा की ओर ले जाने वाला मार्ग दिखाया है।

गुरू का वास्तविक अर्थ होता है- गु का अर्थ है अंधकार, और रु का अर्थ है प्रकाश। इस प्रकार गुरु वह होता है जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश देता है। इसलिए कहा जाता है कि - गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वरः, गुरु साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः ।गुरु का स्थान केवल शैक्षणिक व्यवस्था में नहीं है, बल्कि चेतना के हर स्तर पर होता है। भारतीय परंपरा में गुरु को ईश्वर से भी ऊंचा स्थान दिया गया है ।गुरु और शिष्य का संबंध केवल शरीर या विचारों तक सीमित नहीं होता है। यह आत्मा का आत्मा से जुड़ाव होता है। एक सच्चा गुरु, शिष्य को, उसके सत्य स्वरूप से मिलवाता है। शिष्य का भी धर्म है कि वह गुरु के प्रति, तन-मन-धन से समर्पित हो। गुरु से प्रश्न करें, जिज्ञासा करें और विनम्रता से उत्तर प्राप्त करे। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं-

तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया। उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ।गुरु केवल ज्ञान नहीं देता है, वह शिष्य का संपूर्ण रूपांतरण करता है। वह जीवन की गुत्थियों को सुलझाता है, मोह-माया के जाल से बाहर निकालता है और आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। ह्गुरु वही है जो शिष्य को उसके स्वरूप से मिला दे ।ह्व ऐसा गुरु जीवन के मार्गदर्शक के साथ-साथ आत्मा के पथप्रदर्शक भी होते हैं ।स्वर्णाकर्षण भैरव तत्व का और गुरु पूर्णिमा का दिव्य संगम भी है गुरु पूर्णिमा। भैरव का अर्थ है- भय को हरने वाला। वे शिव के रौद्र रूप हैं और साधक को जीवन की असुरक्षा, भय, दुर्घटना, शत्रुता, तंत्र-मंत्र बाधा, ग्रहदोष आदि से मुक्त करते हैं। स्वर्णाकर्षण भैरव पीले वर्ण के होते हैं, धन कलश धारण किए रहते हैं, भैरवी गोद में स्थित रहती है, गुरु ग्रह के प्रतीक हैं और तांत्रिक, मंत्रिक और भौतिक बलों के रक्षक भी हैं। गुरु पूर्णिमा पर इनकी उपासना से न केवल आध्यात्मिक बल की प्राप्ति होता है, बल्कि आर्थिक समृद्धि, ग्रह शांति और भयमुक्ति भी मिलता है।

यह दिन केवल पूजन का नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का भी है। हमलोगों को यह देखना होता है कि हमलोग अपने जीवन में गुरु के मार्गदर्शन का कितना पालन कर रहे हैं। गुरु पूर्णिमा वह द्वार होता है जिससे आत्मिक यात्रा आरंभ होता है। यह दिवस शिष्य को प्रेरित करता है कि वह सांसारिकता से ऊपर उठकर आत्म-ज्ञान की ओर अग्रसर हो ।गुरुजी के प्रवचनों में एक बात विशेष रहती है कि प्रणाम केवल औपचारिकता नहीं, आत्मा का समर्पण होता है। पहले ईश्वर या गुरु के गुरु को प्रणाम किया जाता है, फिर गुरु को उसके बाद फिर माता-पिता और परिवारजन को किया जाता है। इसलिए गुरु का कहना होता है कि प्रणाम शिष्टाचार नहीं, साधना है- ह्जो झुकना जानता है, वही ऊँचाइयों को छू सकता है ।शास्त्रों में रामचरित मानस में तुलसीदास जी ने कहा है कि वंदे बोधमयं नित्यं गुरु शंकर रूपिणम्। कबीरदास ने कहा है कि गुरु गोविंद दोउ खड़े, काके लागूं पाय। बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय ॥।उपनिषदों में कहा गया है कि ह्आचार्यवान् पुरुषो वेद- जो गुरु से दीक्षित है, वही सत्य को जान सकता है। यह है गुरु की महत्ता। लेकिन आधुनिक युग में जीवन की गति इतनी तेज हो गई है कि व्यक्ति दिशाहीन हो गया है। गुरु एक नैतिक मार्गदर्शक बनते जा रहे हैं। चाहे वह शिक्षा हो, अध्यात्म, योग, कला, तकनीक या जीवन मूल्य- हर क्षेत्र में गुरु अनिवार्य है ।गुरु पूर्णिमा की रात मानसिक स्थिरता के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। चंद्रमा का प्रभाव मानस पर अधिक होता है, जिससे ध्यान और साधना में गहराई आता है।

अध्यात्मिक ऊर्जा ग्रहण करने के लिए यह सर्वोत्तम दिन होता है ।गुरु परंपरा के प्रेरक में भगवान श्रीराम के गुरु वशिष्ठ ऋषि थे, श्रीकृष्ण के गुरु सांदीपनि मुनि थे, शिव के गुरु दक्षिणामूर्ति थे, हनुमान के गुरु सूर्यदेव थे, संत एकनाथ के गुरु गुरु जनार्दन स्वामी और संत ज्ञानेश्वर के गुरु उनके अपने भाई निवृत्तिनाथ थे ।मान्यता है कि गुरु पूर्णिमा का उत्सव प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण कर गुरु या उनके चित्र के समक्ष दीप जलाकर पुष्प अर्पित कर गुरु मंत्र या ध्यान कराना चाहिए ।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 07 जुलाई, 2025



# अदालत का आया ऐतिहासिक फैसला, पहली बार महिला शराब कारोबारी को मिली पांच साल की सजा

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बिहार में शराबबंदी कानून के तहत स्पेशल कोर्ट द्वारा एक और सख्त कार्रवाई हुआ है। जिसमें महिला शराब कारोबारी को 5 साल सश्रम कारावास समेत एक लाख जुर्माना देने का फैसला आया है। दरअसल नेपाल और उतर प्रदेश की सीमा पर स्थित बगहा पुलिस जिला में पहली बार किसी आरोपी महिला शराब कारोबारी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए बड़ी सज़ा सुनाई है यह ऐतिहासिक फैसला विशेष न्यायाधीश मद्यनिषेध उत्पाद राजीव कुमार द्विवेदी द्वारा दिया गया। मामला बगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत जीतपुर मटियरिया गाँव निवासी मोहनती देवी (35) पति अशोक उरांव से जुड़ा है। जिसपर वर्ष 2022 में टाउन थाना कांड संख्या 156/22 के तहत महिला के विरुद्ध मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30( ) और 30( ) में मुकदमा दर्ज हुआ था उत्पाद पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में आरोपी महिला के पास से 32 लीटर चुलाई देशी शराब,80 किलो अर्द्धनिर्मित शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए थे। मामले की सुनवाई ट्रायल नंबर 4142/22 के तहत विशेष न्यायालय बगहा में हुई। जिसकी जानकारी एसपीपी अनवर हुसैन अंसारी ने दिया है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोषी महिला को बगहा जेल भेज दिया गया। बता दें कि बगहा एडीजे 2 विशेष न्यायाधीश राजीव कुमार द्विवेदी के न्यायालय ने शनिवार को मोहनती देवी को दोषी करार देते हुए 5 साल सश्रम कारावास और एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने की स्थिति में अतिरिक्त 6 महीने की सजा भुगतनी होगी।

# 1.40 करोड़ से बनने जा रहा एयरकंडिशन टाउन हॉल जिला मुख्यालय की शान और पहचान, निविदा जारी:गरिमा

- **उम्दा रिपेयरिंग, नया छप्पर, फाल्स सीलिंग और फ्लोरिंग की निविदा पर 19 जुलाई तक हो सकती है दावेदारी**
- **नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति द्वारा 21 जुलाई को खोला जाएगा निविदा के फाइनेंशियल बीड**

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि वर्षों से बदहाल महारानी जानकी कुंवर नगर भवन का वातानुकूलित स्वरूप में जीर्णोद्धार की निविदा जारी कर दी गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि करीब 1,40,46,144 रुपए की लागत वाली नगर निगम की इस योजना की जारी निविदा के आधार पर कार्यादेश प्राप्त करने के लिए चालू माह की 19 तारीख तक इच्छुक संवेदक दावेदारी कर सकेंगे। वहीं 21 जुलाई को सशक्त स्थायी सशक्त समिति की बैठक में निविदा का तकनीकी और उसके बाद आवश्यकता अनुसार फाइनेंशियल बीड खोला जाएगा। महापौर ने बताया कि वर्षों से बदहाल और उपेक्षित महारानी जानकी कुंवर नगर भवन के नव निर्माण के बाद जिला मुख्यालय की शान और महत्वपूर्ण पहचान के रूप में जाना जाएगा। इस बाबत महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम बोर्ड द्वारा स्वीकृत टाउन हॉल के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की योजना पूरी होने के बाद जिला मुख्यालय का यह विशाल वातानुकूलित टाउन हॉल बहुत मामूली सरकारी शुल्क के आधार आम जनता के लिए उपलब्ध कराया जाना शुरू कर दिया जाएगा। महापौर ने बताया कि स्वीकृत योजना के अनुसार पूरा नगर भवन वातानुलित बन जाने के साथ इस पूरी बिल्डिंग की उच्च गुणवत्ता के साथ रिपेयरिंग की जाएगी। वहीं फाल्स सीलिंग लगाने के साथ पुराना डैमेज एसबेस्टस हटाकर नया एसबेस्टस लगाया जाएगा। इसके साथ ही सभी चौखट दरवाजा नया लगाने के साथ आकर्षक स्वरूप में नए फ्लोरिंग अर्थात फर्श का भी निर्माण कराया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में घुसकर बकरी को उठा ले गया तेंदुआ,दहशत से ग्रामीण कर रहे रतजगा

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से भटककर बगहा के गुदगुदी पंचायत में पहुंचा तेंदुआ ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। बीते तीन दिनों से यह तेंदुआ लगातार अपना ठिकाना बदल रहा है। शुक्रवार रात संतपुर बलुहवा गांव में तेंदुए ने एक घर में बंधी बकरी को शिकार बना लिया। पीड़ित महिला ने बताया कि शाम को वह बकरियों को खेत से चरा कर लाई थी और उन्हें घर के अंदर बांधकर दरवाजा बंद कर दिया था। लेकिन थोड़ी देर बाद बकरियों के मिमियाने की आवाज सुनकर जब वह बाहर निकली तो देखा कि तेंदुआ एक बकरी को जबड़े में दबाकर भाग रहा है। तेंदुए को देखकर महिला सहम गई। हालांकि उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए और वन विभाग को सूचना दी गई। वनकर्मी मौके पर पहुंचे और रातभर गांव में पहरेदारी करते रहे। फिलहाल वन विभाग की टीम तेंदुए को ट्रैक करने की कोशिशों में जुटी है। बतादें, तेंदुए की इस हरकत के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। बच्चे और बुजुर्गों को लेकर लोग बेहद चिंतित हैं। वहीं वन विभाग के अधिकारी और कर्मी लगातार रातभर पहरा दे रहे हैं। वन विभाग का कहना है कि जब तक तेंदुए की सही स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती,तब तक सभी ग्रामीण सतर्क रहें।

### ताजिया जुलूस को पहले आगे ले जाने को लेकर दो पूजा समितियों के बीच विवाद के बाद मारपीट

छपरा कार्यालय। मांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत मटियार गांव में ताजिया जुलूस के दौरान उस समय अफरातफरी मच गई जब ताजिया जुलूस के दो समितियों के बीच झड़प हो गई. उस दौरान एक दूसरे पर पथराव भी शुरू हो गया और देखते ही देखते कई लोग जख्मी हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जिनमें दो लोगों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है. गंभीर रूप से जख्मी में मांझी थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव निवासी ताज मोहम्मद अंसारी का पुत्र अमजद अली तथा हिदायत हुसैन का पुत्र चांद मोहम्मद शामिल है. 17 साल में उपचार के दौरान दोनों जख्मी ने बताया कि वे लोग ताजिया जुलूस में शामिल थे, तभी दूसरे ताजिया जुलूस में शामिल फिरोज, इम्तियाज व अल्ताफ सहित अन्य ने मारपीट के बाद पत्थर बरसाने शुरू कर दिया. जिससे उन लोगों का सिर फट गया है. उस दौरान जुलूस के साथ मौजूद पुलिसकर्मियों के द्वारा थाना अध्यक्ष को सूचना दी गई. जिसके बाद मांझी थाना अध्यक्ष दल बल के साथ मौके पर पहुंचे मामला को शांत कराया. उन्होंने बताया कि फिलहाल स्थिति सामान्य है. ताजिया जुलूस को पहले आगे ले जाने को लेकर दो पूजा समितियों के बीच विवाद के बाद मारपीट हुई है.

### कायस्थ परिवार की कार्यकारिणी समिति का हुआ गठन

छपरा कार्यालय। चित्रांश परिवार को जोड़ने की संकल्प को लेकर संस्कृति,संगठन एवं स्वाभिमान का प्रतीक कायस्थ परिवार ने आम सभा की बैठक कर यह साबित कर ही दिया कि अपने समाज को कौन कहे सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति संवेदनशील एवं समर्पित है। मात्र तीन वर्षों की अवधि में कायस्थ परिवार नामक संस्था यहां चर्चा का केंद्र बिंदु बन गया है जहां इसके कार्यकताओं,सदस्यों एवं पदाधिकारियों में एक समर्पण भाव का बोध दिखता है। रविवार को शहर के भगवान बाजार स्थित आशीर्वाद मार्केट कम्प्लेक्स के सभागार में मुख्य संयोजक डॉ. अभिजीत कुमार श्रीवास्तव के संयोजकत्व में कायस्थ परिवार का विधिवत रूप से कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया । जिसमें संस्थापक सदस्य राजेश कुमार सिंगर उर्फ मिंटू को अध्यक्ष,डॉ.विद्या भूषण श्रीवास्तव को कार्यकारी अध्यक्ष,अनिलेश्वर माधव उर्फ टुन्ना जी एवं कमल किशोर सहाय को उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया वहीं अजय कुमार सहाय को महासचिव।

# जंगल सफारी बंद के बावजूद पर्यटकों से गुलजार रहता है वाल्मीकिनगर पर्यटक स्थल



बगहा। वीटीआर परिक्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से देसी विदेशी सैलानियों के लिए एक आकर्षक डिस्टिनेशन बना हुआ है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पर्यटक पहुंच रहे है। इन्हें जल,जंगल और पहाड़ की खूबसूरती खूब भा रही है बतादें, छुट्टियां मनाने के लिए पर्यटक शनिवार से ही वाल्मीकिनगर पहुंचने लगते हैं। पर्यटक सबसे पहले माता नरदेवी का दर्शन करते हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर रविवार की सुबह शैक्षणिक भ्रमण पर आने वाले छात्र-छात्राओं सहित सरकारी कार्यालय में कार्यरत कर्मियों के भीड़ से मेला जैसा माहौल बना हुआ रहता है बताते चलें कि जंगल सफारी मानसून सत्र में अक्टूबर नवंबर तक के लिए बंद कर दिया गया है,बावजूद इसके पर्यटकों से वीटीआर का पर्यटक डिस्टिनेशन गुलजार रहता है। वाल्मीकिनगर भ्रमण पर आने वाले गोरखपुर के शुक्ला परिवार एवं मुजफ्फरपुर से आए उमेश कुमार निषाद,उषा निषाद एवं मनीष कुमार निषाद ने बताया कि इस मानसूनी मौसम में ऐसी जगह पर आने के बाद मन को शांति और दिल को सुकून मिलता है। वाल्मीकिनगर के बारे में हमलोग सुना करते थे। लेकिन जंगल सफारी नहीं कर पाना हमारे लिए अफसोस का विषय है। हमें नहीं पता था कि पर्यटन सत्र की समाप्ति के बाद जंगल सफारी की सेवा भी बंद हो जाती है। इसके लिए हम आगामी फरवरी महीने में वाल्मीकिनगर फिर से जरूर आएंगे।

# मानसून की पहली बरसात में गोरखपुर बगहा एनएच 727 मुख्य सड़क मार्ग तालाब में हुआ तब्दील

## यात्रियों के जान जोखिम में डालकर चालक वाहन चलाने पर मजबूर

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। मानसून की पहली बरसात में हीं गोरखपुर बगहा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क एनएच 727 तालाब में तब्दील हो गई है। नतीजतन दैनिक यात्रियों समेत इस रूट से बगहा और गोरखपुर जाने वाले वाहन सवार चालकों और यात्रियों की जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूरी है। दरअसल एनएच 727 पर मदनपुर पनियहवा के बीच तकरीबन 7 किलोमीटर तक सड़क निर्माण वर्षों से अधूरा है एक तो वीटीआर प्रशासन की अड़ंगा तो वहीं एनएच की अनदेखी के कारण यह सड़क निर्माण की बाट जोह रहा है। हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले साल सड़क मार्ग से यात्रा के दौरान इसपर वैकल्पिक सड़क बनाने का निर्देश भी दिया है,बावजूद इसके प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मदनपुर देवी स्थान में पूजा अर्चना करने और वाल्मीकि टाइगर रिजर्व भ्रमण करने यूपी और नेपाल समेत बिहार के कई हिस्सों से आने जाने वाले श्रद्धालुओं और सैलानियों को खासा परेशानी होती है। तो वहीं ओवर लोड वाहनों को भी गड्ढे और पानी के बीच फस जाने पर ट्रैफिक जाम की समस्याओं से जूझना पड़ता है। बताया जा रहा है की उतर प्रदेश और नेपाल समेत बिहार को जोड़ने वाली इस सड़क में गड्ढों का कलंक आपको छह से सात किमी की राह में 60 जगह गड्ढे हैं,जो गिने और नापे हुए हैं। ये गड्ढे छह किमी की राह के काली सड़क के बदले कलंक हैं। यह सड़क उत्तर प्रदेश और बिहार के साथ साथ वाल्मीकिनगर व नेपाल को जोड़ने के लिए प्रमुख मार्ग है। लेकिन बगहा के मदनपुर पनियहवा के बीच मुख्य सड़क की बदहाली सिस्टम पर कालिख जैसा है।

# मुहर्रम जुलूस को कारण बताकर ठप की बिजली आपूर्ति, पानी के लिए तरसते दिखे लोग



प्रात : किरण संवाददाता

नगरा सारण। मुहर्रम जुलूस के चलते प्रखंड के अलग-अलग मोहल्लों के तकरीबन 20 हजार घरों की बिजली शनिवार रात्रि एवं रविवार दोपहर से बिजली देर शाम तक गुल रही। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि ऊंचे ताजिये के तार में छूने का खतरा होने के चलते सुरक्षा के मद्देनजर विद्युत आपूर्ति बंद की गयी थी। शनिवार की रात प्रखंड से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई जुलूस निकाले गये, इनमें कई ताजिये की ऊंचाई काफी थी। इतने ऊंचे ताजिये होने के कारण बिजली विभाग ने हादसा रोकने के लिए पहले ही प्रखंड के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित कर दी थी। बिजली नहीं होने से पानी के लिए लोग काफी परेशान दिखे। इस दौरान सबसे ज्यादा परेशानी मुख्य रूप से नगरा चौक, नगरा बाजार,पटेढा रोड, कादीपुर, नगरा मोहल्ला, नगरा खैरा रोड आदि इलाकों में रही, जहां जुलूस को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर विद्युत सप्लाई बंद की गयी थी। इसके बाद सबसे ज्यादा ताजिया निकलने से नगरा क्षेत्र और खैरा थाना क्षेत्र में परेशानी रही। भीषण गमी से बचने को ले ग्रामीण इधर-उधर भटकते रहे तो कोइ हाथ पंख के सहारे तो कई छत पर समय गुजारने को विवश बने रहे।

# शहादत की याद और इंसानियत का संदेश देता है मोहर्रम का मातमी जुलूस

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। इस्लामिक नववर्ष के पहले महीने मोहर्रम की 10वीं तारीख (यौमे आशूरा) के अवसर पर शनिवार को शहर में शिया समुदाय द्वारा पारंपरिक ताजिया का मातमी जुलूस निकाला गया। यह जुलूस करबला में इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में निकाला जाता है, जो अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, सत्य और इंसानियत की रक्षा का प्रतीक माना जाता है। शहर के दहियावां स्थित करबला से प्रारंभ हुआ यह मातमी जुलूस मोहम्मद चौक, नारायण चौक, थाना चौक, करीमचक, खनुआ आदि मार्गों से गुजरते हुए पुनः करबला पहुंचा, जहां मुस्लिम परंपराओं के अनुसार ताजिया को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने ह्या हुसैनह्व की सदा के साथ मातम किया, नौहे पढ़े और अलम उठाकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। ताजिया, इमाम हुसैन की दरगाह का प्रतीकात्मक स्वरूप होता है, जिसे कलाकार विशेष आकर्षक रूप में तैयार करते हैं। श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव से ताजिया को अपने कंधों पर उठाकर गली-गली से गुजारते हैं। इस दौरान शहर में गमगीन माहौल व्याप्त रहता है, और लोग इमाम हुसैन की कुबार्नी को याद कर भाव-विह्वल हो जाते हैं। मोहर्रम का यह मातमी जुलूस न केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन है, बल्कि यह एक सामाजिक-सांस्कृतिक संदेश भी देता है। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का सजीव उदाहरण है, जहां विभिन्न समुदायों के लोग मिलकर सहयोग करते हैं और मानवता, भाईचारे व सहिष्णुता का संदेश देते हैं। इस जुलूस का मुख्य उद्देश्य करबला की उस ऐतिहासिक घटना को याद करना है, जिसमें इमाम हुसैन ने अत्याचार और अन्याय के खिलाफ अपनी जान देकर भी झुकने से इनकार किया। यह जुलूस समाज को यह सिखाता है कि सत्य, न्याय और धर्म की रक्षा के लिए सब्र, बलिदान और हिम्मत आवश्यक हैं।

# विश्व हिंदू परिषद ने मंदिरों में चलाया सफाई अभियान

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार जिला प्रमुख अरुण पुरोहित ने विभिन्न मंदिरों में सामूहिक सफाई अभियान चलाया। श्रावण मास में सभी मंदिरों में भक्तों की संख्या अधिक होती है इसको ध्यान में रखते हुए विशेष सफाई अभियान मां कामाख्या देवी मंदिर सलेमपुर पोखरा दर्शन नगर से प्रारंभ किया गया। सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर सांडा ढाला मंदिर सफाई कर संपन्न हुआ। अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों से आग्रह किया कि गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आप भी अपने घर के आसपास के मंदिर में सामूहिक सफाईअभियान चलाएं। विश्व हिंदू परिषद लगातार इस अभियान को जारी रखेगा। स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा स्वच्छता में ही भगवान का वास होता है। मंदिरों को साफ सुथरा रखना भी पूजा है। बहुत जल्द ही सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर सांडा ढाला का होगा जिर्णोद्धार। इस अवसर पर अजय कुमार गुप्ता, चंद्र मोहन प्रसाद ,स्वामी नाथ, प्रेम कुमार विकास कुमार भोला जी, संजय पुरोहित,राजेश गुप्ता, अजय कुमार सिंह पूर्व बजरंग दल ,राजकुमार सिंह, राजेश डाबर, लायंस सुधाकर प्रसाद विकी ,राजू गुप्ता, रमेश मिश्रा लायंस प्रवीण कुमार, मंदिर के पुजारी शहीद दर्जनों लोगों ने कर सेवा के द्वारा सफाई अभियान में सम्मिलित हुए अरुण पुरोहित ने स्वच्छता के प्रति सबों को शपथ दिलाई हम सभी प्लास्टिक का उपयोग नही करेंगे और दूसरे को नहीं करने के जागरूक करेंगे

# नाकाब पोश अपराधियों ने हार्डवेयर व्यवसायी पर 8 माह के अंदर दूसरी बार चलाई गोली, बाल बाल बचे

एकमा। मांझी बरौली पथ के हंसराजपुर राम-जानकी मन्दिर के समीप शिवांगी ट्रेडर्स के संचालक स्वर्गीय नागेश्वर सिंह के पुत्र शेखर सिंह पर नकाबपोश अपराधियों ने सुबह के 8:30 बजे दो गोली फायर कर आसानी से फरार हो गए । दुकान के संचालक बाल बाल बच गए। लेकिन दुकान के संचालक सहित व्यवसायी यो में भय का माहौल व्याप्त है। घटना कि जानकारी मिलते ही एसडीपीओ राजकुमार एवं थाना अध्यक्ष उदय कुमार ने दल बल के साथ पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए दुकान के संचालक से गहन पूछताछ किया। इसके पश्चात आस पास लगी सीसी कैमरे का फुटेज खंगाल रही हैं पुलिस। इस संबंध में दुकान के संचालक शेखर सिंह ने बताया कि हम सुबह 8:30 बजे अपनी दुकान खोलकर साफ-सफाई कर कुर्सी पर बैठे हुए थे। इसी दौरान उत्तर दिशा से हथियार से लैस नकाबपोश दो अपराधी एक बाइक पर सवार होकर आए और अंधाधुंध दो गोली फायर करते हुए दक्षिण दिशा होते हुए पश्चिम की नहर सड़क कि ओर भाग गए । बाइक चला रहा अपराधी हेमलेट लगाया हुआ था । वही पीछे बैठा अपराधी मुंह बांधे हुए था मुंह पीछे बैठा अपराधी अपनी मुंह बांधे हुए था । ओर मुझ पर दो गोलियां फायर कर दिया लेकिन दोनों गोली मुझे लगी नहीं और अपराधी नहर सड़क पड़कर भृगु प्रभा विद्यालय होते हुए पश्चिम दिशा की ओर फरार हो गए । हेमलेट पहने अपराधी ने भिगु प्रभा विद्यालय के समीप नहर पानी अपनी हेमलेट निकाल कर पानी में फेंक कर उसी रास्ते से पश्चिम दिशा कि ओर निकल पड़े । घटना स्थल से पुलिस ने एक गोली का खोखा बरामद किया पुलिस ने दुकान के आसपास लगी सीसी कैमरे कि फुटेज खंगाल रही है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही अपराधियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आठ माह के अंदर दूसरी बार घटना को लेकर लोगों में चर्चा का विषय।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री व समाजवादी नेता स्व. रामबहादुर सिंह के भगिना मानवेंद्र सिंह भाजपा में शामिल

- **मांझी पश्चिमी मंडल के नचाप में भाजपा की बूथ सशक्तिकरण बैठक सम्पन्न**

प्रात : किरण संवाददाता



एकमा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत एकमा विधानसभा क्षेत्र के मांझी पश्चिमी मंडल अंतर्गत रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल नचाप में मंडलीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार दुबे ने की। जबकि संचालन विभूति नारायण तिवारी ने किया। बैठक के प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह ने कहा कि हर बूथ को मजबूत बनाना ही पार्टी का मुख्य लक्ष्य है और इसके लिए सभी कार्यकताओं को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए रणनीति साझा की। इस अवसर पर एकमा विधानसभा के संयोजक बलवंत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, भाजपा नेता जितेंद्र मिश्रा, चंद्रशेखर सिंह, पूर्व मुखिया शंभु प्रसाद, मजेश पाठक, शैलेश प्रसाद, शशि रंजन सिंह, वीरेश कुमार मिश्रा, निरोज सिंह, संतोष राम, सुरेंद्र सिंह, अजय मांझी, धन्नजय सिंह, आलोक कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, वैभव तिवारी, शिवनाथ बिंद, मंटू सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान भाजपा की नीतियों और कार्यशैली से प्रभावित होकर कुमार मानवेंद्र सिंह राहुल ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें पार्टी का प्रतीक चिह्न (पट्टा) पहनाकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतन्य नाथ सिंह, विधानसभा संयोजक बलवंत सिंह और पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने पार्टी में शामिल कराया। मानवेंद्र सिंह का परिवार राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़ा रहा है और वे पूर्व केंद्रीय मंत्री व समाजवादी नेता स्व. रामबहादुर सिंह के भगिना भी हैं। उनके भाजपा में शामिल होने से पार्टी को एकमा विधानसभा क्षेत्र में मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई है।

# शहीदे आजम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ कुबार्नी दी,पर सत्य का दामन नही छोड़ा



बनियापुर ।बनियापुर,सहाजितपुर थाना क्षेत्र मे इमामे हुसैन की शहादत योमे आसुरा (मोहर्रम )शांति सद्भावपूर्ण माहौल मे सम्पन्न हों गया,जहा पूरे क्षेत्र मे सभी गावों मे चुस्त दरुस्त प्रशासनिक व्यवस्था मे दिशा निर्देश के आलोक मे पर्व मनाया गया ।बनियापुर ,पैगम्बरपुर सहाजितपुर मनोपाली सर्मी धनगररहा डूंगूरपट्टी चेतन छपरा मिस्कारी टोला तवकल टोला हरपुर नेमत टोला सतुआ आदि संभी गावों मे पारम्परिक तौर पर अपने रूट के अनुसार ताजिया का जुलुस निकाल कर आखरा तक लाया गया ।वही इमामे हुसैन (र) की शहादत को पूरे दुनिया मे असत्य पर सत्य की विजय बताया गया, शहीदे आजम हजरत इमामे हुसैन ने अपने 72 साथियो के साथ मैदाने करबाला मे यजीद कै 22 हजार फौजे से लड़ाई लर कर शहादत मंजूर किया पर यजीद जैसे भ्रष्ट के सामने वैयत नही की ।मौके पर अकीदतमन्दो ने शांतिपूर्ण जुलुस के साथ बनियापुर, बड़ा चौक पैगबरपुर पर बारह गाव के आकर्षक ताजिया,सिफल आखरा मे पहुंचा था, जहा भारी संख्या मे धर्मावलम्बी महिला पुरुष बच्चे पहुंच मेला मे खरीदारी किया ।जहा बहुत बड़ी आखरा मे अलग अलग गांवो के खिलाड़ियों ने अपना खेल का प्रदर्शन किया ।वही जद यु जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने मौके पर कहा कि इमाम हुसैन ने करबाला के मैदान मे सत्य के लिए अपना सर्वस्व कुमार अपनी कुबार्नी दी,मैने जिले भर के मुसलमानो से अमन शांति और मजहबे इस्लाम के अनुरूप मुहर्रम शरीफ मनाए ।मौके पैगम्बरपुर मे बारह गाव की ताजिया पहुंची शांतिपूर्वक मुहर्रम मनाया गया।

# याचिका समिति के अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय अधिनियम संबंधी अनुरोध पत्र सौंपा महामहिम सह कुलाधिपति को

छपर सदर। बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के आलोक में विश्वविद्यालय के लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक स्वरूप को प्रभावी एवं पारदर्शी बनाये जाने के संबंध में बिहार विधान परिषद के सदस्य सह याचिका समिति अध्यक्ष डॉ संजीव कुमार सिंह ने महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति को अनुरोध सौंपा है। उन्होंने अपने अनुरोध पत्र के माध्यम से महामहिम से निवेदन किया है कि विश्वविद्यालय के सुगम संचावन हेतु बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के प्रावधानों के अधीन सीनेट सभा तथा सिंडिकेट सभा के साथ-साथ अन्य कई महत्वपूर्ण अधिनियमित एवं परिनियमित समितियों की बैठक से संबंधित कार्यवाही का ऑफलाइन अंकण तो होता है लेकिन वर्तमान अत्याधुनिक तकनीक काल में पूरे कार्यवाही का डिजिटल रिकार्डिंग नहीं कराये जाने से कोई प्रामाणिकता तथा पारदर्शिता नहीं रह जाती है। अक्सर सभा / समितियों के सदस्यों द्वारा छात्रहित, शिक्षक -शिक्षकेतर हित अथवा संस्थाहित में उठाये गये प्रश्नों / सुझावों को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जानबूझकर नहीं किया जाता है जो सर्वया अनुचित है। उन्होंने लिखा है कि कार्यवाही का अंकन सही रूप से नहीं किया जाना अथवा कार्यवाही पुस्तिका में छेड़-छाड़ किया जाना गैर जमानतीय अपराध की श्रेणी में आता है। अतः ऐसी स्थिति में अधिनियमित-परिनियमित सभा । समितियों की बैठक की डिजिटल रेकॉर्डिंग एवम ऑडियो वीडियो सिस्टम से कराये जाने हेतु एक सुस्पष्ट निर्देश सभी विश्वः विद्यालयों को दिया जाना अपेक्षित है। इसके साथ ही आपके(महामहिम) संज्ञान में यह लाया जाना उचित प्रतीत होता है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में विभिन्न शिक्षण कार्यक्रमों और इसके क्रियान्वयन / अनुश्रवण हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर किन्हीं सक्षम प्राध्यापक को निर्देशक शैक्षणिक तथा स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रमों के विकास, कार्यान्वयन एवं प्रबन्धन हेतु निदेशक स्व वित्तपोषित पाठ्यक्रम के पद पर प्रयोगात्मक रूप से प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाए।

# फुलेरा काली स्थान पर आयोजित अखंड अष्टयाम में शामिल हुए विधायक श्रीकांत यादव, सर्व समाज के सुख-शांति व समृद्धि की कामना की

प्रात : किरण संवाददाता



एकमा। प्रखंड क्षेत्र के सेन्दुआर गांव स्थित फुलेरा काली स्थान पर आयोजित 24 घंटे के अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम में एकमा विधायक श्रीकांत यादव ने शिरकत की। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में विधायक ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राजद नेता सुभाष यादव, अवधेश यादव, जितेंद्र यादव, अहमद अली नेताजी, जाकिर अंसारी, अनिल कुमार, जगमोहन प्रसाद, मनोज कुमार प्रसाद, अनिल यादव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजकों ने विधायक श्रीकांत यादव का गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक श्रीकांत यादव ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। इससे लोगों को अपनी परंपराओं से जुड़ने और आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इस पूरे धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। इस प्रकार श्रद्धा व भक्ति के माहौल में अखंड अष्टयाम का समापन हुआ।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव समापन पर सनातन महाकुंभ में शामिल हुए मंत्री डॉ. प्रेम कुमार

## पटना हवाई अडडे पर जगतगुरू रामभद्राचार्य जी व बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का किया स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी।पटना स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में श्री राम कर्मभूमि न्यास एवं अखिल विश्व परशुराम महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव समापन समारोह एवं सनातन महाकुंभ कार्यक्रम में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ० प्रेम कुमार ने भाग लिया है। इसके साथ ही उन्होंने जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज का आशीर्वाद लिया एवं बिहार की पावन धरा पर बागेश्वरधाम पीठ के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी का पटना हवाई अड्डे पर स्वागत अभिनंदन किया है।

इस आयोजन के सफलता के लिए पूर्व मंत्री भारत सरकार संस्थापक न्यासी,श्री राम कर्मभूमि न्यास कार्यक्रम संरक्षक अश्विनी कुमार चौबे जी को बधाई दी है। मंत्री डॉ० प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से सनातन संस्कृति, भारतीय जीवन मूल्यों एवं शाश्वत विचारधाराओं का प्रचार-प्रसार होता है। यह महाकुंभ भारतीय संस्कृति की उस अद्भुत मिशाल को प्रस्तुत करता है, जो भौतिकता की दौड़ में लगे विश्व को शास्त्र और शस्त्र, दोनों के संतुलन का संदेश देता है।

मंत्री ने कहा कि आज जब दुनिया आर्थिक व सामरिक शक्ति के प्रदर्शन में लगी है, भारत एक ऐसी सांस्कृतिक और बौद्धिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है जिसने अपने ज्ञान, विज्ञान, अर्थशास्त्र, गणित, चिकित्सा, व्याकरण और कला से पूरे विश्व को समृद्ध किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भारत की सांस्कृतिक धरोहर को विश्वपटल पर पुनर्स्थापित करने के कार्य में निरंतर प्रयासरत हैं।

डॉ० प्रेम कुमार ने कहा कि भगवान परशुराम सामाजिक समरसता, शक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। आज का यह महाकुंभ एक ऐसा मंच है, जो विश्व में शांति, समरसता और परहित के मूल्यों को बढ़ावा देने के कार्य कर रहा है। उन्होंने ह्लवसुधैव कुटुंबकम्ह, ह्लसर्वे भवन्तु सुखिनःह्न, ह्लनर में नारायणह्न जैसे सनातन सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर बल दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत कभी भोगवादी नहीं रहा बल्कि त्याग, तपस्या, सेवा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का ध्वजवाहक रहा है। हम संकट की हर घड़ी–चाहे कोविड हो, युद्ध, भूकंप या बाढ़–हर जगह मानवता के साथ खड़े रहे हैं, और आगे भी रहेंगे।इस कार्यक्रम के समापन पर मंत्री ने आयोजन समिति, संतजनों एवं श्रद्धालुओं को धन्यवाद एवं साधुवाद देते हुए इस प्रयास को भारतीय संस्कृति की गौरवगाथा का जीवंत उदाहरण बताया।

# कोईलवर में मुहर्रम के अवसर पर निकाला गया ताजिया जुलूस

प्रात: किरण संवाददाता





आरा। रविवार को मुहर्रम के अवसर पर कोईलवर नगर पंचायत क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भाईचारे का प्रतीक ताजिया जुलूस निकाला गया। यह जुलूस पूरे क्षेत्र में अमन-चैन और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जुलूस को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस बार मुहर्रम के मौके पर दो अलग-अलग ताजिया जुलूस निकाले गए। पहला जुलूस मियां चौक कोइलवर से जबकि दूसरा सुरौंधा कॉलोनी कोइलवर से प्रारंभ हुआ। दोनों जुलूस नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से होकर गुजरे।

मियां चौक से निकले जुलूस ने कपिलदेव चौक, थाना चौक और मुख्य बाजार होते हुए पुनः मियां चौक पर जाकर ताजिया का पहलाम किया। वहीं सुरौंधा कॉलोनी से प्रारंभ हुआ जुलूस भी निर्धारित मार्गों से होता हुआ वापसी में उसी स्थान पर समाप्त हुआ। पूरे जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तमचंद्र, अपर थानाध्यक्ष सुभाष मंडल स्वयं अपने दल-बल के साथ मुस्तैद रहे। पुलिस बल की तैनाती प्रमुख चौक-चौराहों, मार्गों और संवेदनशील स्थलों पर की गई थी ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। जुलूस में शामिल ताजिया कमेटी के सदस्य पारंपरिक लिबास में थे और उनके हाथों में धार्मिक झंडे के साथ-साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी लहरा रहा था। इससे यह संदेश दिया गया कि मजहब से ऊपर देश की एकता और अखंडता सर्वोपरि है।

# कर्बला के शहीदों के नाम ताज़िया का मातमी जुलूस



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। मुहर्रम की 10 तारीख है, यानि यौमे आशूरा का दिन है। आज कर्बला के शहीदों के नाम ताज़िया का मातमी जुलूस आरा शहर में सुबह 9 बजे, महादेवा महाजन टोली नं1 स्थित डिप्टी शेर अली के इमामबाड़ा से स्व अहमद हुसैन की तरफ से शहर में निकाला गया। यह जुलूस महादेवा रोड, धर्मन चौक, टाउन थाना, नाला मोड़, पुरानी पुलीस लाइन होते हुए छोटी कर्बला मौला बाग में जाकर समाप्त हुआ। यह जुलूस निकलने की परम्परा लगभग 200 वर्ष पुरानी है। इसमें कर्बला मे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद करके नौहा पढ़ा जाता है और मातम किया जाता है। शिया समाज के लोग विशेषकर काला वस्त्र पहनकर इस शोकपूर्ण घटना की याद में मातम, नौहा करते हुए शोक मनाते है।सभी समुदाय के लोग भी इस शोकपूर्ण घटना की याद में जुलूस के साथ शामिल रहते हुए अपना भरपूर सहयोग करते हैं। इस जुलूस मे सैयद वारिस बिलग्रामी, सैयद रेयाज हुसैन, सैयद अली हुसैन, सैयद हसनैन, सैयद नासिर हुसैन ने नौहा पढ़ा। सैयद रेयाज हुसैन ने नौहा पढ़ा जिसकी पंक्तियाँ इस प्रकार हैः-

जुलूस में मौलाना अलमदार हुसैन, सैयद आबिद बिलग्रामी, सैयद काज़िम हुसैन, प्रो सैयद एजाज हुसैन, मौलाना हसन अब्बास, सैयद आबिद हुसैन, सैयद अकील हैदर, कमर बिलग्रामी, शादाब हुसैन, नासिर हसन, सैयद यावर हुसैन, सैयद अबरार हैदर, कमर हैदर, गुड्डु अंसारी, लड्डन अंसारी, आदि अन्य लोग शामिल थे। जुलूस में ह्लसर्व-धर्म हुसैनी एकता समाजह्व की तरफ से ओम प्रकाश ह्लमुन्नाह्व, महफूजआलम, वीर बहादुर आदि का इसके संचालन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रशासन की ओर से जुलूस की देख रेख में अच्छी व्यवस्था रखी गई। मिडिया कर्मी बन्धुओं द्वारा इसकी लाईव कवरिंग लगातार की गई, जो कि प्रशंसनीय है।

# रक्सौल में जल की विकट समस्या, पानी की किल्लत

## उठ रहा बिजली बिल, मिल रहा चौतरफा मार

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। रक्सौल में पानी के लिए हाहाकार मच गया है, लोग काफी परेशान हो गए हैं। शहरी क्षेत्र में भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है, कई चापाकल कल सुख गए हैं तो कई नलकूप बंद पड़े हैं। दिन भर मोटर चलाने के बावजूद पानी नहीं निकल रहा है, यदि निकला भी तो आधे घंटा में मुश्किल से एक बाल्टी, रात में थोड़ी-बहुत पानी निकल रहा है। पैसे वाले लोग 60 से 80 हजार से अधिक की लागत से समरसेबुल लगा रहें हैं, इस स्थिति में आम लोग काफी बेचैन है, अब ऐसे में शहर में हाहाकार मचा हुआ है। वही मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना नल-जल की स्थिति काफी जर्जर है। अब ऐसे में जब लोगों के सामने गंभीर जल समस्या है तो इस स्थिति में नल-जल योजना को आम आदमी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक हो गया है, ताकि लोग इस समस्या से थोड़ा बच सकें। गौरतलब है कि एक तो जल समस्या और दूसरी तरफ पानी के लिए ज्यादा मोटर चलाने के कारण विद्युत बिल राशि काफी अधिक आ रहा है। इस दो-तरफा मार से आम जनजीवन काफी परेशान हैं।

# डीसी ने कार्यालय परिसर में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया



आरा। जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत कोईलवर प्रखंड कार्यालय परिसर में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत उन्होंने कायम नगर मध्य विद्यालय स्थित मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ एवं संबंधित पदाधिकारियों को बीएलओ के साथ अधिकतम संख्या में वॉलंटियर्स को टैग कर घर-घर जाकर गणना प्रपत्र) का वितरण एवं संग्रहण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत की एवं विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में फीडबैक लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीआरओ सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## समाज की जड़ताओं पर करारा प्रहार करनेवाले महान समाज सुधारक का नाम है बाबू जगजीवन राम




गया जी।बाबू जगजीवन राम एक ऐसे महान समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनेता का नाम है जिन्होंने आजादी के पहले और बाद में भारतीय समाज के शोषित, दलित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। बाबूजी ने छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ उल्लेखनीय कार्य किया। वे मानते थे कि इंसान इंसान के बीच भेदभाव नहीं, बल्कि हर किसी को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने न केवल सामाजिक भेदभाव को खत्म करने की दिशा में कार्य किया, बल्कि कृषि मंत्री रहते हुए भारत में हरित क्रांति को आगे बढ़ाया ताकि देश अन्न उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बन सके। यह बातें जगजीवन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो.(डॉ.) सत्येंद्र प्रजापति ने बाबू जगजीवन राम की 39 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कही है।

प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) सत्येंद्र प्रजापति के निर्देश पर जगजीवन महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार ने कहा कि बाबू जगजीवन राम एक ऐसे जुझारू व्यक्ति थे जिन्होंने जीवन की विषमताओं को झेलते हुए शिक्षा प्राप्त की। बाबूजी भारत के पहले कैबिनेट में मंत्री तो थे ही, साथ ही कई अन्य अहम मंत्रालयों जैसे- रक्षा, कृषि, रेलवे, श्रम आदि का कुशल नेतृत्व भी किया। उनका प्रसिद्ध वाक्य--जाति जन्म से नहीं कर्म से होती है, समाज की जड़ताओं पर करारा प्रहार है। जगजीवन महाविद्यालय, गया में बाबू जगजीवन राम के चित्र पर माल्यार्पण एवं कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. रणधीर कुमार, सुमित कुमार सिंह, नीतीश कुमार, अबरार, राम अवतार दास, सुरेंद्र चौरसिया, बादामी आदि उपस्थित थे।

## जन सुराज का सभा विफल,बिहार की जनता को ठगने का काम कर रहे प्रशांत किशोर : जितेंद्र पटेल

अरवल। शहर तेलपा में जन सुराज के द्वारा आयोजित सभा को विफल बताते हुए जनता दल यू के प्रदेश सचिव जितेंद्र पटेल ने कहा कि प्रशांत किशोर कभी नेता नहीं हो सकते हैं।वे जनता को दिग्भ्रमित करने का काम कर रहे हैं।बिहार की जनता जानती है कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में कितना काम हुआ है। प्रशांत किशोर एक व्यापारी है और बिहार के लोगों के साथ राजनीति नहीं बल्कि व्यापार करने आए हैं।चुनाव लड़ाने के नाम पर 25-25 हजार रुपए लोगों से लेकर ठगी कर रहे हैं। उन्हें बिहार की नहीं बल्कि व्यापार की चिंता है।जन सुराज एक राजनैतिक दल की तरह नहीं बल्कि एक कंपनी की तरह काम कर रही है। उसमें राजनैतिक कार्यकर्ता नहीं बल्कि कर्मचारी की संख्या ज्यादा है जो वेतन लेकर दुकान चला रहे हैं। जदयू नेता जितेंद्र पटेल ने कहा कि बिहार में सुशासन की सरकार है और फिर एक बार नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। शहर तेलपा में आयोजित जन सुराज की सभा पर जदयू प्रदेश सचिव जितेंद्र पटेल ने कहा कि प्रशांत किशोर बिहार में अफसरशाही की बात करते और लेकिन खुद अपनी ही पार्टी में अफसरशाही चलते है। प्रशांत किशोर ने सभा में मंच पर बैठे नेताओं का संबोधन में नाम तक न लेकर अपने ही पार्टी के नेताओं का अपमान किया है। प्रशांत किशोर गलत बातों को बता कर सता पाना चाहते है लेकिन बिहार की जनता उनके झांसे में नहीं आने वाली है।बिहार के लोग विकास चाहते है और वह विकास सिर्फ एनडीए की सरकार ही के सकती है।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बने आशुतोष सिंह



गजरार गौरक्षणी वार्ड नंबर 13 सासाराम के रहने वाले आशुतोष सिंह को पुनः दुबारा बिहार प्रदेश अध्यक्ष किसान बनाए गये आशुतोष सिंह,राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी दिल्ली कार्यालय से राष्ट्रीय सचिव सह बिहार पर्यवेक्षक सच्चिदानंद सिंह ने पत्र जारी कर बताया कि गजरारह गौरक्षणी सासाराम के आशुतोष सिंह पुनः दोबारा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाए गये,यह पत्र दिल्ली कार्यालय से जारी किया गया है आशुतोष सिंह सासाराम विधानसभा क्षेत्र से 2020 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सिंबल चुनाव चिन्ह से चुनाव भी लड़ चुके हैं तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के रोहतास जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं साथ में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष के साथ-साथ बिहार प्रदेश मुख्य प्रवक्ता भी बनाए जा चुके हैं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सासाराम रोहतास सहित पूरे बिहार के लोग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हर्ष व्यक्त किए हैं इस मौके पर नियुक्त किसान प्रदेश अध्यक्ष बिहार आशुतोष सिंह ने कहा कि जिस तरह महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री सह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार जी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल जी ने मुझ पर विश्वास करके किसान के प्रदेश अध्यक्ष बनाये है मैं बिहार में पार्टी को बहुत ही मजबूत करने का काम करूंगा मेरा मुख्य उद्देश्य आम जनता किसानों के हित में काम करना और किसानों के आवाज बनकर सरकार तक बात पहुंचाना है ।

# कोइलवर में 95 दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण मिला

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की दो प्रमुख योजनाओं एडीप तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत एलिम्को के कोइलवर स्थित आसरा केंद्र द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में पूर्व-चिन्हित 95 लाभार्थियों जिनमें दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदान किये गए। शिविर में आये 95 जरूरतमंदों को व्हीलचेयर,घुटना बैंड,कमर बेल्ट, कान की मशीन,सिल्कल गद्दा सहित अन्य सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किये गए। एलिम्को के उपनिर्देशक शिवम बहादुर सिंह ने बताया कि एलिम्को द्वारा उपलब्ध कराए उच्च गुणवत्ता वाले सहायक उपकरण लाभार्थियों के जीवन में आशाजनकई सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वही कार्यक्रम में पहुँचे मुख्य अतिथि भाजपा नेता राम दिनेश यादव ने कहा कि सहायक उपकरणों का वितरण न केवल सरकार की सबका साथ सबका विकास की भावना को साकार करता है,बल्कि सामाजिक समावेशन और सशक्तिकरण के मार्ग पर एक ठोस कदम भी है।

# विश्व शांति के ध्वजवाहक हैं दलाई लामाः प्रोफेसर बलिराज ठाकुर



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। तिब्बत के आध्यात्मिक गुरू दलाई लामा के 90 वें जन्मदिन पर तिब्बत भारत मैत्री संघ भोजपुर के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन कर दलाई लामा के दीर्घ जीवन की कामना की गई। उक्त अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष व सिनेटर प्रोफेसर बलिराज ठाकुर ने की। मौके पर प्रेम करुणा और शांति विषय पर विचार विमर्श हुआ। विमर्श के केंद्र में दलाई लामा थे। अध्यक्षीय भाषण में प्रोफेसर बलिराज ठाकुर ने कहा कि अशांत विश्व के सामने विश्व शांति की बड़ी चुनौती खड़ी है। ऐसे में दलाई लामा के जीवन और उनके संदेश से शांति का रास्ता निकल सकता है। तिब्बत के आध्यात्मिक गुरू दलाई लामा विश्व शांति के ध्वजवाहक हैं। भोजपुरी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दिवाकर पांडेय ने कहा कि दलाई लामा को शरण देकर भारत ने सराहनीय कदम उठाया था। कवि समीक्षक जितेंद्र कुमार ने ऐतिहासिक घटनाओं के संदर्भ में दलाई लामा की चर्चा करते हुए सारगर्भित भाषण दिया। संचालन करते हुए तिब्बत भारत मैत्री संघ भोजपुर के जिला अध्यक्ष श्री रामनाथ ठाकुर ने उनके संदेश के अधिक से अधिक प्रचार पर बल दिया। शिक्षक नेता शशिकांत तिवारी, कांग्रेस नेता प्रमोद राय, अधिवक्ता संजय सिंह,महेश्वर सिंह , राम प्रकाश सिंह और लाल बाबू सिंह सहित कई लोगों ने विमर्श में भाग लिया। यशवंत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## बिहार कुम्हार प्रजापति की बैठक में राजनीतिक भागीदारी पर बल, आगामी विधानसभा को ले तय की गई रणनीति

गयाजी। शहर के दांडीबाग स्थित प्रजापति धर्मशाला में रविवार को बिहार कुम्हार (प्रजापति) समिति के तत्वाधान में आम बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा का चुनाव पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। इस बैठक में एक स्वर में यह संकल्प लिया गया कि आगामी विधानसभा में प्रजापति समाज उस राजनीतिक पार्टी का समर्थन करेगा जो प्रजापति समाज के बेटा-बेटी को अपना उम्मीदवार बनाएगी। इसमें यह भी संकल्प लिया गया कि बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के प्रदेश इकाई के मार्गदर्शन में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में प्रजापति समाज को ही मतदान करेगा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष नंदलाल पंडित, संरक्षक द्वारका प्रजापति, संगठन सचिव विपिन कुमार, उपाध्यक्ष बालामृत प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार अटल, सूरज चंद्र पाल, रवासिस प्रजापति, सुरेंद्र कुमार सुमन, मोहन प्रसाद, विनोद आदि थे।

## आईसीपी प्रबंधक प्रवीन कुमार का मणिपुर स्थानांतरण के उपरांत विदाई समारोह का आयोजन किया गया



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। आईसीपी रक्सौल के सभागार में एक कार्यक्रम के बीच आईसीपी प्रबंधक प्रवीन कुमार का मणिपुर स्थानांतरण के उपरांत बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही नव आगन्तुक आईसीपी प्रबंधक कुमार राजीव रंजन का स्वागत किया गया। इस दौरान एसएसबी डीआईजी एस सुब्रमण्यम, एसएसबी कार्यवाहक कमांडेंट संजय रावत, डिप्टी कमांडेंट नवीन कुमार, सहायक कस्टम आयुक्त रामानन्द सिंह, नव पदस्थापित आईसीपी प्रबंधक कुमार राजीव रंजन ने आईसीपी प्रबंधक को अंग बस्त्र, बुके व मोमेंटो देकर स्वागत किया तथा उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा की आईसीपी प्रबंधक प्रवीन कुमार ने उन्होंने सबके साथ आपसी समन्वय स्थापित कर पूरी निष्ठा व ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया ।उन्होंने आईसीपी के विकास में अहम योगदान दिया।

वक्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर आईसीपी कंसल्टेंट प्रभात जाना, श्यामबाबू सिंह, अख्तर सैफी, ध्रुप सिंह, कुन्दन पांडेय, नारायण कुमार, ब्रजेश कुमार, प्रदीप कुमार दास, प्रकाश कुमार, धनंजय सिंह चंदेल सहित कई लोग मौजूद थे ।

# एक साल के भीतर एक ही घर के दो बेटे और एक बहन बनी प्रोफेसर

प्रात: किरण संवाददाता



आरा।शहर के हाउसिंग कॉलोनी निवासी नंद जी राम और शकुंतला देवी की कहानी किसी मिसाल से कम नहीं है।दंपती ने कठिन समय में अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दी,जिसका परिणाम आज सामने आया है। ये आज हर किसी के लिए प्रेरणा स्रोत है।दअरसल, खजुरिया निवासी और वर्तमान में हाउसिंग कॉलोनी में रहने वाले नंद जी राम और शकुंतला देवी ने अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने में कभी कोई कमी नहीं होने दी।आज उसका परिणाम है कि इनके दो पुत्र और एक पुत्री असिस्टेंट प्रोफेसर बन गई है। पहले बड़े पुत्र डॉ राकेश रंजन ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा ली जा रही भौतिकी विषय में सफलता पाई।आज राकेश एसबी कॉलेज में कार्यरत है।वहीं उसके बाद बेटी सुषमा कुमारी ने रसायन शास्त्र विषय में सफलता हासिल की।सुषमा शहर के जगजीवन कॉलेज में पदस्थापित है। अब छोटे बेटे रविकांत कुमार ने हाल ही में जारी राजनीति विज्ञान के परिणाम में जगह बनाई है। रविकांत कुमार रंजन वर्तमान में महाराजा कॉलेज में राजनीति विज्ञान विषय में ही अतिथि शिक्षक है। अब वे स्थाई असिस्टेंट प्रोफेसर बन गए है। घर में एक साल के भीतर दो पुत्र और एक बेटी की सफलता और असिस्टेंट प्रोफेसर बनने से खुशी का माहौल है। गांव में भी इस परिवार की चर्चा हो रही है। मालूम हो नंद जी राम के चार पुत्र और तीन बेटियां है। बडी बेटी उषा कुमारी वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के भोजपुरी विभाग में ही अभी शोध कर रही है। जबकि बड़ा बेटा बिजनेस और एक बेटा इंजिनियर है।वहीं एक बेटी बेंगलुरु में एक बड़ी कंपनी में शादी के बाद जॉब करती है।अपने सभी बेटे और बेटियों की कामयाबी पर नंद जी राम ने कहा कि उन्होंने शिक्षा को ही हमेशा सर्वोपरी माना। बेटे और बेटियों में फर्क नहीं समझा और सभी को एक समान शिक्षा दी। आज सभी के सफल होने पर परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं डॉ राकेश कुमार रंजन, डॉ रविकांत कुमार रंजन और बहन सुषमा ने बताया कि जिस विश्वविधालय से उन्होंने पढ़ाई की उसी विश्वविद्यालय में सहायक प्रध्यापक की नौकरी करना उनके लिए काफी गौरव की बात है। उन्होने कहा की उनका लक्ष्य समाज के हर वर्ग के बच्चो की शिक्षित करना है और इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे ताकि सभी वर्ग के बच्चो को शिक्षित किया जा सके ।



# शेफाली जरीवाला के गाने 'कांटा लगा' पर कमेंट करके बुरी फंसी सोना

'कांटा लगा गर्ल' के नाम से मशहूर एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का हाल ही में निधन हुआ। शेफाली के फैंस इस बात से दुखी हैं। इसी बीच सोना महापात्रा ने शेफाली और उनके रीमिक्स सॉन्ग को लेकर ऐसी बात कही कि सोशल मीडिया पर यूजर्स ने सिंगर को ट्रोल करना शुरू कर दिया। इस ट्रोलिंग के बीच एक बार फिर से सोना महापात्रा ने एक पोस्ट भी पूरे मामले को लेकर साझा की है। सिंगर सोना महापात्रा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसमें वह बिना नाम लिए 'कांटा लगा' रीमिक्स सॉन्ग बनाने वाले मेकर्स को लताड़ लगाती दिखीं। दरअसल, शुक्रवार को डायरेक्टर जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू ने घोषणा की थी कि वह सॉन्ग 'कांटा लगा' को रिटायर कर रहे हैं और अब इसका सीक्वल नहीं बनेगा। इस बात पर सोना महापात्रा ने कमेंट किया। सोना महापात्रा ने लिखा, 'आरडी बर्मन, मजहूर सुल्तानपुरी और लता मंगेशकर ने मिलकर 'कांटा लगा' गाना बनाया था। मगर कुछ लोग इस गाने का मेकर खुद को बता रहे हैं। पीआर के जरिए किसी की मौत का फायदा उठा रहे हैं। दो लोगों ने एक 19 साल की लड़की को लेकर एक बेहूदा गाना बनाया, तो क्या असल मेकर्स से इजाजत ली? 42 साल की उम्र दराज महिला को शांति मिले।' इसी बात पर सिंगर ट्रोलिंग हुई। इसके बाद सोना महापात्रा ने अपनी बात पर टिके रहते हुए, दोबारा यही पोस्ट शेयर की और ट्रोल करने वालों को उनकी बात पर गौर करने के लिए कहा।

### सिंगर के कमेंट पर भड़क गए यूजर्स

जब सोना महापात्रा ने 'कांटा लगा' सॉन्ग के मेकर्स पर कमेंट किया तो उसमें शेफाली के लिए खराब भाषा का इस्तेमाल किया। इस बात से सोशल मीडिया यूजर्स भड़क गए। रेडिट पर कई यूजर्स ने सोना महापात्रा को ट्रोल किया। एक यूजर ने लिखा, 'सोना महापात्रा का कमेंट बहुत ही असंवेदनशील है। उसने शेफाली का नाम नहीं लिया, उसे एक 40 साल की ओल्ड लेडी लिखा है। सोना हमेशा ही खराब बात करती है।' एक अन्य यूजर ने भी लिखा, ' यह बात शेफाली के घरवालों को दुख पहुंचाएगी। किसी मर चुके व्यक्ति के बारे में ऐसी बातें करना अच्छी बात नहीं है।' आगे एक और यूजर ने कमेंट किया, 'किसी मर चुके इंसान से जलन रखना, यह तो हद है।'



# मैंने कन्नप्पा के किरदार को छह महीने तक जीया

एक्ट्रेस प्रीति मुकुंदन इन दिनों हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म कन्नप्पा को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया का आनंद ले रही हैं। एक्ट्रेस ने आभार जताते हुए सोशल मीडिया पर एक नोट शेयर किया, जिसमें बताया कि उन्होंने इस फिल्म में अपने किरदार को छह महीने तक जीया और महसूस किया। एक्ट्रेस ने बताया कि इस दौरान उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर फैंस का धन्यवाद देते हुए लिखा, कभी-कभी जिंदगी में ऐसा समय आता है जब प्यार हमारे आस-पास होता है और शब्द कम पड़ जाते हैं, लेकिन फिर भी जताना जरूरी होता है। पिछले कुछ दिन मेरे लिए बिल्कुल ऐसे ही रहे। जो भी लोग मुझे प्यार, सम्मान और अपनापन भेज रहे हैं, आपको पता नहीं कि आपके ये शब्द मुझे कितना खुश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मैंने छह महीने तक इस किरदार को जीया और महसूस किया, अपनी कला सीखने की कोशिश की और उस समय की भारी शारीरिक मेहनत को सहा। यह देखकर कि मेरी मेहनत आप तक पहुंची है, हर मुश्किल अब आसान लगती है। जब कोई आपके उस काम को देखता है जो आपके दिल से निकला हो, तो वह खास और खूबसूरत होता है। प्रीति मुकुंदन ने कहा, मैं एक्टर के तौर पर सिर्फ दो हफ्ते ही सेट पर थी, और हमारे इंडस्ट्री के कुछ बड़े सितारों के साथ काम करना मेरे लिए एक खास अनुभव था, खासकर ऐसे समय में, जब मैं अभी अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रही हूं। मैं अब भी उन यादों को सोचकर बहुत खुश होती हूं। अभिनेत्री ने कहा कि इस सफर में उन्हें कई अच्छे और प्रेरणादायक लोग मिले, जिनके लिए वह हमेशा आभारी रहेंगी। उन्होंने आगे कहा, उन सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद जिन्होंने मेरे लिए यह सब संभव बनाया। आप सभी का भी शुक्रिया जिन्होंने मुझे प्यार दिखाने और मैसेज करने के लिए समय निकाला। मैं बहुत खुश हूं। आप सबको बहुत सारा प्यार।



# जय भानुशाली संग तलाक की बात पर भड़कीं माही

मशहूर टीवी कपल जय भानुशाली और माही विज के रिश्ते को लेकर तलाक और सेपरेशन की अफवाहें पिछले कुछ समय से चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में इसको लेकर माही ने रिएक्शन दिया है। यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए माही ने कहा, अगर ऐसा भी है, तो मैं आपको क्यों बताऊं? क्या आप मेरे चाचा हैं? क्या आप मेरे वकील की फीस देंगे? लोग किसी के तलाक या सेपरेशन को इतना बड़ा मुद्दा क्यों बना देते हैं? माही ने आगे कहा, मैं देखती हूं लोग मेरे कमेंट में लिखते हैं- अच्छा यह ऐसा था। अभी भी मेरे कुछ कमेंट्स में लोग लिखते हैं - माही तो डिसेंट है, जय ऐसा है। फिर कोई और लिखता है- 'जय अच्छा है, माही ही ऐसी है।'आप कौन हो भाई? आपको क्या पता है? बताओ ना, तुम्हें क्या पता है जो इतना जज कर रहे हो। चाचा-चाची बने हुए हैं।

### समाज तलाक को लेकर ओवररिएक्ट करता है

माही ने कहा, मुझे लगता है यहां लोग बहुत ओवररिएक्ट करते हैं। ओह माय गॉड, सिंगल मदर है, डिवोर्स हो गया। अब तो सीन होगा। यह बड़ा इशू बनेगा। दोनों एक-दूसरे पर कीचड़ उछालेंगे। गंदगी होगी। मुझे लगता है समाज का बहुत प्रेशर है। लाइफ में सोचते हैं - सोसाइटी क्या बोलेगी। ये क्या कहेंगे, वो क्या कहेंगे। मुझे बस लगता है - जियो और जीने दो, सिंपल। जय और माही की शादी 2011 में हुई थी। दोनों ने 2017 में एक लड़के राजवीर और लड़की खुशी को गोद लिया। 2019 में उनकी पहली बायोलॉजिकल संतान, बेटी तारा का जन्म हुआ। हाल के दिनों में दोनों ने अपने सोशल मीडिया पर एक साथ पोस्ट डालना कम कर दिया है। हालांकि, ये अपने तीनों बच्चों के साथ पोस्ट शेयर करते रहते हैं। इसी से इनके सेपरेशन की चर्चा और तेज हुई।

# प्रियंका चोपड़ा की हेड्स ऑफ स्टेट के लिए कड़ी तैयारी



प्रियंका चोपड़ा जोनास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर अपने फैंस को फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट के एक्शन सीन्स की कुछ झलक दिखाई। प्रियंका ने कड़ी ट्रेनिंग और स्टंट रिहर्सल के कुछ वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए। वीडियो में वह एक्शन स्टंट करते दिख रही हैं। वीडियो की शुरुआत में प्रियंका दरवाजा खटखटाती हैं, फिर कैमरे की तरफ देखकर हंसती हैं। इसके बाद वीडियो में वह हॉलीवुड की स्टंटवुमन और एक्ट्रेस अनीशा गिब्स से मुश्किल एक्शन स्टंट सीखती दिख रही हैं। उन्होंने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, इसे घर पर न आजमाएं जब तक आपके पास अनीशा गिब्स ना हो। हेड्स ऑफ स्टेट अब प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है हेड्स ऑफ स्टेट में प्रियंका चोपड़ा, जॉन सीना और इदरीस एल्बा लीड रोल में हैं। यह एक्शन, ड्रामा और कॉमेडी से भरपूर है। इदरीस एल्बा ने जहां यूके के प्रधानमंत्री सैम क्लार्क का किरदार निभाया है, वहीं जॉन सीना यूएस के राष्ट्रपति विल डेरिंगर की भूमिका में हैं। इनके अलावा, प्रियंका चोपड़ा ने एम16 एजेंट नोएल बिसेट का रोल अदा किया है।



# रोमांटिक ड्रामा फिल्म में दिखेंगे इब्राहिम-राशा

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने फिल्म नादानियां के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसमें उनकी जोड़ीदार जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर थीं। अब खबर आ रही है कि इब्राहिम ने पहली बार रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी के साथ हाथ मिलाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक एक प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं, जिसके हीरो इब्राहिम बने हैं। वह फिल्म में पहली बार राशा के साथ इश्क फरमाते नजर आएंगे। फिलहाल निर्देशक का नाम गुप्त रखा गया है। कहा जा रहा है इब्राहिम और राशा जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं और यह फिल्म अगले साल के अंत तक रिलीज होगी। इब्राहिम-राशा पहली बार साथ में काम करने के लिए काफी उत्साहित हैं। बता दें कि राशा ने फिल्म आजाद के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था।

# फिल्म की शूटिंग पूरी होना मेरे लिए तकलीफदेह है



फिल्म निर्माता आनंद एल राय अपनी कहानियों में अपना दिल खोलकर रखने के लिए जाने जाते हैं। लेकिन यह सिर्फ उनकी कहानियों तक सीमित नहीं है—बल्कि उन लोगों के साथ भी उनका गहरा जुड़ाव को दर्शाता है, जो इन कहानियों को पर्दे पर लाते हैं। जैसे ही 'तेरे इश्क़ में' की शूटिंग पूरी हुई, फिल्म की मुख्य अभिनेत्री कृति सैनन ने एक भावुक पल साझा किया, जिसमें उन्होंने फिल्म निर्माता आनंद एल राय को भावपूर्ण ट्रिब्यूट दी और उनको हमारे जहाज का कप्तान कह कर पुकारा। जो तस्वीर उन्होंने साझा की, उसमें दोनों एक-दूसरे को गर्मजोशी से गले लगाते नज़र आ रहे हैं—जो इस फिल्म के निर्माण के दौरान सौहार्द और रचनात्मक तालमेल का उपयुक्त प्रतीक है। आनंद एल राय ने इस फोटो को अपने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए दिल से लिखा कि वह न सिर्फ कृति को याद कर रहे हैं, बल्कि यह भी कि अपनी फिल्मों को रैप करना उनके लिए बहुत तकलीफदेह होता है। आनंद एल राय ने लिखा, यह कप्तान पहले से ही आपको मिस कर रहा है। और ईमानदारी से स्वीकार करता हूँ- फिल्म की शूटिंग पूरी होना मेरे लिए बहुत तकलीफदेह होता है। यह दिल को छू लेने वाला संवाद आनंद एल राय और उनकी हीरोइन कृति सैनन के बीच उस गहरे भावनात्मक रिश्ते का प्रमाण है, जो किसी फिल्म के निर्माण के दौरान परदे के पीछे विकसित होता है।जैसे ही 'तेरे इश्क़ में' पोस्ट-प्रोडक्शन की ओर बढ़ रही है, यह साफ है कि यह फिल्म सिर्फ परदे पर दिखाई देने वाली प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि परदे के पीछे बने सच्चे रिश्तों की कहानी भी है। आनंद एल राय द्वारा निर्देशित और हिमांशु शर्मा द्वारा लिखित इस फिल्म में ए.आर. रहमान द्वारा संगीतबद्ध है, जिसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जो इस साल के अंत में रिलीज़ होने वाली है।



# लोगों को लगता है शो बनाना और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करना बराबर है

**ताहिर राज भसीन स्पेशल ऑप्स सीजन 2 में विलेन के रोल में नजर आएंगे और हिम्मत सिंह यानी केके मेनन की टीम से भिड़ंगे। ताहिर राज ने अपने रोल, केके मेनन और नीरज पांडे संग काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया।**

**आप एक ऐसे शो का हिस्सा बन रहे हैं, जहां पहले से ही के के मेनन और करण टैकर को इतनी तारीफ मिल रही है। यह कितना चैलेंजिंग था आपके लिए। क्या मन में कोई चिंता भी थी?**

ताहिर राज भसीन बोले- मैंने स्पेशल ऑप्स सीजन 1 को एक दर्शक की तरह देखा था। उसे देखकर मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ था कि इंडियन प्लेटफॉर्म पर एक हिंदुस्तानी शो इस स्केल पर बनाया जा सकता है। मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि एक दिन मुझे नीरज पांडे सर का फोन आ जाएगा और वो कहेंगे कि हम चाहते हैं कि आप हमारे शो के सीजन 2 में काम करें। हालांकि मुझे पर थोड़ा सा प्रेशर था, लेकिन यह अच्छा करने का प्रेशर था। मैं हमेशा प्रिफर करूंगा कि मैं उस तरह के प्रोजेक्ट में जाऊं, जहां पर ऑडियंस उसका बेसब्री से इंतजार कर रही है। वह अपने आप में किसी भी कलाकार के लिए एक तरह का कॉम्प्लीमेंट होता है। डर या चिंता तो बिल्कुल भी नहीं थी कि मैं किस तरह करूंगा, क्योंकि वह सब पहले से स्क्रिप्ट में था और जब किरदार मुझे सुनाया गया, तो मुझे कोई शक नहीं था कि यह कहानी में फिट होता है कि नहीं। मैंने सीजन 1 ऑडियंस की तरह देखा और सीजन 2 में काम किया है, तो मैं पूरे यकीन के साथ कह सकता हूं कि जो एक्शन है, और जो थ्रिल है सीजन 2 का, उसे देखकर जितना लोगों ने इंतजार किया है, वह सब वसूल हो जाएगा।

**आजकल लोगों को किसी शो का एक सीजन खत्म करते ही दूसरे का इंतजार रहता है। उन्हें कैसे समझाया जाए कि इन चीजों में वक्त लगता है?**

आज के दौर में इंस्टाग्राम की इतनी आदत लग गई है लोगों को कि उन्हें कभी-कभी लगता है कि एक शो बनाना और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करना बराबर है। नीरज पांडे जो राइटर हैं, वह करीब एक साल लगा देते हैं किसी शो की रिसर्च करने और उसे लिखने में। जैसा कि आपने सीजन 1 यानी Special Ops में देखा कि कुछ भी अच्छा बनाने में समय तो लगता है।

**आपने पहला सीजन एक ऑडियंस की तरह देखा था, तो आपने तब सोचा था कि काश मैं इसका हिस्सा बन जाऊं?**

नहीं, जब हम एक ऑडियंस होते हैं, तो उस वक्त हम बहुत खुश होते हैं कि एक टीम ने इतना अच्छा शो बनाया। जैसा मैंने कहा कि मैंने सपने में भी नहीं सोचा था। पर जब मुझे नीरज सर का कॉल आया तो मैं बहुत उत्साहित था क्योंकि नीरज पांडे, केके मेनन और इतने बड़े स्केल का शो। तो चाहता तो मैं था पर उस वक्त नहीं सोचा था।

**आप दिल्ली से हैं। दिल्ली वाले आपको स्टार आइकन की तरह देखते हैं। कोई टिप्स दीजिए?**

आपने तो मुझे वेटरन बना दिया। मैं बस यह कहूंगा कि मुंबई के जिस इलाके में मैं रहता हूं, वहां कम-से-कम 1000 से 2000 लोग हर महीने ऑडिशन देने के लिए आते हैं। जहां तक मैंने देखा है कि बहुत लोग मुंबई गलत कारणों की वजह से आ जाते हैं। वे या तो फेम को चेज करने के लिए या पैसे को चेज़ करने आ जाते हैं। मेरा मानना है कि अगर आपकी नीयत सही है, तो ही किस्मत आपका साथ देगी। अगर आपको सचमुच एक एक्टर, डायरेक्टर या राइटर बनना है, तो मुंबई आपकी परीक्षा लेता है। पहले दो साल तो ढंग का घर ढूंढ़ने में निकल जाता है वहां। अगर आप उस अग्निपथ पर चल सकते हैं, तो आपको उसका फल मिलेगा। लेकिन आपको अगर जल्दी पैसा या फेम कमाना है, तो आपको हमेशा परेशानियां होंगी। मेरा मानना है कि चर्चित होने में और यादगार होने में ज़मीन आसमान का फर्क है। अगर आप चर्चित होना चाहते हैं, तो मुंबई में इसके बहुत तरीके हैं, लेकिन यादगार होना बहुत मुश्किल है।



## विलय को लेकर एनर्जी कंपनी का बड़ा ऐलान

**दिल्ली।** सुजलॉन एनर्जी के शेयर आने वाले सप्ताह में फोकस में रह सकते हैं। दरअसल, कंपनी ने बीते शुक्रवार को यह ऐलान किया है कि उसे अपनी प्रस्तावित कॉर्पोरेट पुनर्गठन योजना के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई दोनों से कोई प्रतिकूल अवलोकन नहीं पत्र प्राप्त हुए हैं।




## आज से खुल रहा पावर कंपनी का आईपीओ

**दिल्ली।** अगर आप किसी आईपीओ में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। आने वाले सप्ताह में कई कंपनियों के इश्यू निवेश के लिए ओपन हो रहे हैं। इनमें से एक स्मार्टन पावर सिस्टम का इश्यू भी है। स्मार्टन पावर सिस्टम का आईपीओ 7 जुलाई को खुलकर 9 जुलाई को बंद होगा।

## स्मार्टन पावर सिस्टम आईपीओ 7 जुलाई से खुलेगा!

**मुंबई।** स्मार्टन पावर सिस्टम लिमिटेड (कंपनी, स्मार्टन), जो पावर बैकअप और सोलर प्रोडक्ट्स के डिज़ाइन और असेम्बली में अग्रणी है, इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग (आइपीओ) सोमवार, 7 जुलाई 2025 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य 50 करोड़ जुटाना है, और इसके शेयर हस्थ इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। यह इश्यू बुधवार, 9 जुलाई 2025 को बंद होगा। इश्यू साइज 50,00,400 इक्विटी शेयरों का होगा, जिनका फेस वैल्यू 10 और आईपीओ प्राइस 100 प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग बैटरी निर्माण यूनिट की उत्पादन लाइन की चल संपत्तियां खरीदने, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, बकाया ऋण का आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान करने, पूंजीगत व्यय जरूरतों के लिए और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इस इश्यू के लिए लीड मैनेजर अरिहंत कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड हैं और रजिस्ट्रार हैं माशितला सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड।

## अब घर बैठे खुलवाएं सुकन्या समृद्धि योजना खाता, पीएनबी ने दी बड़ी सहूलियत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बच्चियों के भविष्य को सुरक्षित करने वाली सुकन्या समृद्धि योजना को अब अपनाना और भी आसान हो गया है। पंजाब नेशनल बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एक नई डिजिटल सुविधा शुरू की है, जिसके तहत अब घर




बैठे मोबाइल ऐप के जरिए एसएसवाय खाता खोला जा सकता है।

अब तक इस योजना के लिए बैंक या पोस्ट ऑफिस जाकर आवेदन करना अनिवार्य था लेकिन अब पीएनबी ग्राहकों को यह सुविधा उनके मोबाइल बैंकिंग ऐप पीएनबी वन पर मिल रही है।

**बढ़ेगा महिला सशक्तिकरण–** पीएनबी का यह कदम डिजिटल सेविंग्स को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। अब ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोग सरलता से इस सरकारी योजना का लाभ ले पाएंगे।

## सेफेक्स केमिकल्स ने आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए, 450 करोड़ रुपए जुटाने की योजना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विशेष रसायन कंपनी सेफेक्स केमिकल्स (इंडिया) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने की मंजूरी लेने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। बृहस्पतिवार को दाखिल दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) के अनुसार, आईपीओ में 450 करोड़ रुपए के नए शेयरों का निर्गम और प्रवर्तकों, निवेशकों और अन्य विक्रय शेयरधारकों द्वारा 35,734,818 शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है।

# भारत नहीं विदेशों से मोटी कमाई कर रहीं कंपनियां, कई देशों में बढ़ी खास प्रोडक्ट की मांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आजकल स्मार्टफोन भारत से सबसे ज्यादा निर्यात होने वाली चीज बन गया है। लेकिन, यहां बनने वाले रोजमर्रा के सामान जैसे बिस्किट, नूडल्स, बेसन, साबुन और शैम्पू भी अब विदेशों में खूब बिक रहे हैं। इनके अलावा सरसों का तेल, पोहा, बेसन अभी की भी विदेशों में काफी मांग है।

**विदेश से कितनी कमाई–** कुछ कंपनियों के लिए, जैसे एचयूएल, विदेशों से होने वाली कमाई कुल कमाई का सिर्फ 3 प्रतिशत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनका कारोबार भारत में बहुत बड़ा है। लेकिन डाबर, इमामी और मैरिको जैसी कंपनियों के लिए 20 प्रतिशत से ज्यादा कमाई विदेशों से ही होती है। एचयूएल की एक कंपनी है, यूनिलीवर इंडिया एक्सपोर्ट्स लिमिटेड। यह कंपनी दूसरी यूनिलीवर कंपनियों को सामान बेचती है। एचयूएल की रिपोर्ट के अनुसार, इस कंपनी की बिक्री पिछले साल 8 प्रतिशत बढ़कर 1,258 करोड़ रुपये हो गई। इसका मुनाफा भी 14 प्रतिशत बढ़कर 91 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी का कहना है कि स्किन केयर, लाइफस्टाइल न्यूट्रिशन, हेयर केयर और पर्सनल वाश जैसे उत्पादों



की वजह से निर्यात बढ़ा है। एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस के चीफ एग्जीक्यूटिव, अंगशु मल्लिक ने कहा कि सिर्फ बासमती चावल ही नहीं, बल्कि सरसों और सूरजमुखी का तेल, आटा, बेसन, सोया नगेट्स और पोहा भी विदेशों में खूब बिक रहे हैं। एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस भारत की सबसे बड़ी पैकेज्ड खाद्य तेल कंपनी है।

**क्यों बढ़ा निर्यात–** मल्लिक ने कहा कि अभी तो हमने शुरुआत की है। विदेशों में भारतीय रेस्टोरेंट बढ़ रहे हैं और भारतीय खाने को लोग पसंद कर रहे हैं। इसलिए निर्यात बढ़ रहा है। सिर्फ भारतीय लोग ही नहीं, बल्कि विदेशी लोग भी ये सामान खरीद रहे हैं। उनका मानना है कि इस साल निर्यात 50-80 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि मांग तो ज्यादा है ही, लेकिन सरकार भी निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। जैसे कि फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री और मिलेट्स से बने प्रोडक्ट के लिए प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव योजनाएं। इससे भी निर्यात को बढ़ावा मिल रहा है। सरकार ने दिसंबर में कहा था कि उसने 73 कंपनियों को पीएलआइ योजना के तहत चुना है। ये कंपनियां भारतीय ब्रांड के खाने के उत्पादों को विदेशों में बेचेंगी।

### ये कंपनियां भी पीछे नहीं

एडब्ल्यूएल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पिछले तीन सालों में उसका ब्रांडेड एक्सपोर्ट बिजनेस तीन गुना बढ़ गया है और एफवाय25 में 250 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने एक प्रेजेंटेशन में बताया कि उसके इंटरनेशनल बिजनेस का ऑपरेटिंग मार्जिन एफवाय25 में 17 प्रतिशत हो गया है, जबकि दो साल पहले यह 10 प्रतिशत था।

मैरिको ने हाल ही में बताया कि उसका एक्सपोर्ट बिजनेस बहुत तेजी से बढ़ रहा है। एफवाय25 में उसकी ग्रोथ 14 प्रतिशत रही, जबकि कुल ग्रोथ 12 प्रतिशत थी। डाबर का एक्सपोर्ट 17 प्रतिशत बढ़ा, जबकि उसकी कुल कमाई सिर्फ 1.3 प्रतिशत बढ़ी। आइटीसी लिमिटेड ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बिस्कुट, नूडल्स और स्नैक्स के एक्सपोर्ट में ग्रीन शूट्स दिख रहे हैं।

## ना महंगाई, ना टैक्स ईएमआई से परेशान है मिडिल क्लास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत का मिडिल क्लास देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। हालांकि यह मिडिल क्लास अब लगातार कर्जे में फंस रहा है। लेकिन कारण यह मिडिल क्लास खुद ही है। वेल्थ एडवाइजर तपस चक्रवर्ती ने मिडिल क्लास को लेकर लिंक्डइन पर एक पोस्ट की है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है कि भारत का मिडिल क्लास महंगाई या टैक्स से उतना नहीं परेशान है, जितना कि श्वख्ढ्ढ से है।

चक्रवर्ती का कहना है कि लोग कमाते हैं, फिर उधार लेते हैं, फिर उसे चुकाते हैं, और यही सिलसिला चलता रहता है। इससे उनकी बचत



नहीं हो पाती और वे फिर से उधार लेने के लिए तैयार हो जाते हैं। इससे मिडिल क्लास पर कर्ज का बोझ भी बढ़ रहा है।

**अब हर चीज ईएमआई पर–** पहले ईएमआई सिर्फ जरूरी चीजें खरीदने के लिए इस्तेमाल होती थी। लेकिन अब ये एक आम बात हो गई है। चक्रवर्ती ने लिखा है कि आज फोन से लेकर फ्रिज, सोफा, एसी, फ्लाइट टिकट सब ईएमआई पर मिल जाता है। यहां तक कि किराने का सामान भी ईएमआई पर मिल रहा है। आजकल बिना ज्यादा कागजी काम के, बस एक स्वाइप से उधार मिल जाता है। इससे लोगों को उधार लेना आम लगने लगा है।

**ईएमआई बढ़ा रही कर्ज–** लेकिन असलियत कुछ और ही है। भारत में लोगों पर कर्ज बढ़कर जीडीपी का 42 प्रतिशत हो गया है। इस कर्ज में से 32.3 प्रतिशत ऐसा है जो बिना किसी चीज को गिरवी रखे लिया गया है। जैसे कि क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन जैसी सर्विस। भारत में आईफोन इस्तेमाल करने वालों में से 70 प्रतिशत लोगों ने उसे ईएमआई पर खरीदा है। छोटे कर्ज लेने वालों में से लगभग 11 प्रतिशत लोग तो पैसे चुकाने में फेल हो गए हैं।

# धीरूभाई अंबानी ने 500 रुपये से की थी शुरुआत, शुरू में बेचे थे मसाले

### आज रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** धीरूभाई अंबानी। नाम तो सुना होगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के फाउंडर। वहीं रिलायंस जो आज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी है। इसका मार्केट कैप 20,66,949.87 करोड़ रुपये है। आज धीरूभाई अंबानी की पुण्यतिथि है। 6 जुलाई 2002 को उनका निधन हो गया था। गुजरात में पैदा हुए धीरूभाई अंबानी के घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। बाद में उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर शून्य से शिखर तक का सफर किया है। उन्होंने अपने दम पर रिलायंस की नींव रखी और उसे देश की बड़ी कंपनियों में शामिल कर दिया।

धीरूभाई अंबानी ने मात्र 500 रुपये से अपने कारोबार की शुरुआत की थी। 28 दिसंबर 1932 को गुजरात में जन्मे धीरूभाई अंबानी ने बिजनेस की दुनिया में कदम रखकर एक नई क्रांति पैदा की। धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद अब उनकी इस विरासत को उनके बेटे मुकेश अंबानी और अनिल अंबानी बखूबी संभाल रहे हैं। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की कमान बड़े बेटे मुकेश अंबानी के हाथ में है।

**300 रुपये महीने की नौकरी–** धीरूभाई अंबानी




के घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। उनके पिता एक साधारण टीचर थे तो वहीं मां हाउस वाइफ। पांच भाई-बहन के साथ पूरा परिवार दो कमरे के घर में रहता था। उन्होंने घर की जिम्मेदारी कम उम्र में ही उठानी शुरू कर दी थी। वह सिर्फ 10वीं तक ही पढ़ पाए। इसके बाद उन्होंने फल और पकौड़े बेचने शुरू कर दिए। यहां ज्यादा सफलता नहीं मिली तो वह साल 1948-49 में अपने बड़े भाई रमणिकलाल की मदद से यमन के एडेन शहर चले गए।

### कारोबार की जिद खींच लाई वापस

धीरूभाई यमन में जिस पेट्रोल पंप पर काम करते थे, कंपनी उनके काम से खुश थी। उनके काम और मेहनत को देखकर कंपनी ने उन्हें मैनेजर बना दिया। लेकिन वह नौकरी से बहुत ज्यादा खुश नहीं थे। वह अपना कारोबार करना चाहते थे। यमन में 6 साल काम करने के बाद वह साल 1954 में वापस भारत आ गए। जब वह वापस आए तो उनकी जेब में 500 रुपये थे। हालांकि उस समय 500 रुपये की काफी वैल्यू होती थी। इन्हीं 500 रुपये से उन्होंने कारोबार की दुनिया में पैर रख दिया।

### मसाले बेचने से की शुरुआत

धीरूभाई अंबानी जब भारत वापस आए तो वह मुंबई पहुंचे। यहां उन्होंने जाना कि देश में पॉलिएस्टर की मांग बहुत ज्यादा है। साथ ही विदेश में भारतीय मसाले काफी पसंद किए जाते हैं। उन्होंने सबसे पहले मसाले का कारोबार शुरू किया। इसके लिए उन्होंने मुंबई में एक किराए का मकान लिया और चचेरे भाई चंपकलाल दिमानी की मदद से रिलायंस कमर्शियल कॉरपोरेशन कंपनी की शुरुआत कर दी। इस किराए के कमरे को उन्होंने ऑफिस बनाया। इसमें एक मेज, तीन कुर्सी, राइटिंग पैड के साथ काम शुरू कर दिया। उन्होंने पश्चिमी देशों में अदरक, हल्दी और अन्य मसाले बेचना शुरू किया।

## नवीन ऊर्जा, एआई अवसंरचना से रिलायंस का बाजार मूल्य 50 अरब डॉलर बढ़ेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवीन ऊर्जा और कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निवेश से कंपनी के बाजार मूल्य में अनुमानित 50 अरब डॉलर की वृद्धि होने की उम्मीद है। वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अरबपति मुकेश अंबानी द्वारा संचालित तेल से लेकर दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र की यह कंपनी मूल्य सृजन के अपने अगले चरण के लिए कमर कस रही है। वर्तमान में 240 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की रिलायंस की भविष्य की वृद्धि इसके विविध कार्यक्षेत्रों, विशेष रूप से नवीन ऊर्जा और एआई के विस्तार पर निर्भर करती है। सृजन से जुड़ी (जेन) एआई रिलायंस के लिए अगला मोर्चा है क्योंकि यह जामनगर ऊर्जा परिसर को अपने ऊर्जा उत्पादन का मौद्रिकरण करने के लिए फिर से तैयार कर रहा है, जो जनरल एआई रैंप के लिए वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख बाधा है। मॉर्गन स्टेनली ने रिपोर्ट में कहा, हम नई ऊर्जा क्षेत्र से 60 अरब डॉलर तक के मूल्य सृजन की संभावना देखते हैं, क्योंकि रिलायंस रसायनों, डेटा केंद्रों और रिफाइनरियों को ऊर्जा प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रॉनों का उपयोग करती है।

## मोहल्ले की दुकान से मिला आइडिया... 15 लाख की पूंजी से खड़ा कर दिया 150 करोड़ का साम्राज्य



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता के मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले देबादित्य चौधरी की कहानी जुनून, कड़ी मेहनत और सपने को हकीकत में बदलने की प्रेरणादायक मिसाल है। मोहल्ले के चाइनीज भोजनालय से मिली प्रेरणा ने उन्हें देश के सफलतम रेस्तरां उद्यमियों में से एक बना दिया। उन्होंने 2010 में सिर्फ 15 लाख रुपये के निवेश और 350 वर्ग फीट की एक छोटी सी जगह में चॉवमैन की शुरुआत की। यह आज करोड़ों के रेस्तरां साम्राज्य में बदल चुका है। आइए, यहां देबादित्य चौधरी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

देबादित्य चौधरी का बचपन कोलकाता के बालीगंज इलाके में बीता। वहां पास के किम वाह रेस्तरां से आने वाली चाइनीज खाने की खुशबू उनके मन में गहरी बैठ गई। छह साल की उम्र में पहली बार चाइनीज खाना चखते ही उन्हें उससे प्यार हो गया।

# नीरव का भाई नेहल मोदी धराया? 13600 करोड़ रुपये के पीएनबी घोटाले में क्या थी उसकी भूमिका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पीएनबी घोटाले मामले में भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी के भाई नेहल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई और ईडी के प्रत्यर्पण के अनुरोध के बाद उन पर शिकंजा कसा गया है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, भगोड़े आर्थिक अपराधी नीरव मोदी के भाई को 4 जुलाई को अमेरिकी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से संयुक्त रूप से किए गए प्रत्यर्पण अनुरोध की गई।

इससे पहले साल 2019 में प्रवर्तन निदेशालय ने इंटरपोल से नीरव मोदी को बैंक फंड्स को लूटने में मदद करने के आरोप में नेहल मोदी की भूमिका के लिए उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी करने का अनुरोध किया गया था। कौन के नागरिक हैं नेहल मोदी? पीएनबी घोटाले में उनपर क्या आरोप हैं? आइए इन सवालों के जवाब विस्तार से जानते हैं।

**कौन है नेहल मोदी?–** नेहल मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में कथित 13,600 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी वाले बैंक लेनदेन के



मामले के आरोपी और भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी का भाई है। नेहल मोदी के खिलाफ इससे पहले 2019 में रेड नोटिस जारी किया गया था। 46 वर्ष का नेहल मोदी बेल्जियम का नागरिक है।

नेहल मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में वांछित है। यह देश के इतिहास में सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से की गई जांच में नेहल मोदी को नीरव मोदी की आपराधिक आय को वैध बनाने के लिए काम करने वाले अहम शख्स पाया गया था। नीरव मोदी ब्रिटेन से प्रत्यर्पण की कार्रवाई का सामना कर रहा है।

**नेहल पर क्या आरोप हैं?–** नेहल मोदी पर पीएनबी घोटाले में हुई धोखाधड़ी में अपने भाई नीरव मोदी की मदद करने के आरोप हैं। इससे पहले ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि नेहल ने जानबूझकर और जानबूझकर नीरव को कथित मनी लॉन्ड्रिंग को छिपाने और सबूतों को नष्ट करने में मदद की। नेहल की भूमिका का विवरण देते हुए ईडी की शिकायत में कहा गया था, पंजाब नेशनल बैंक में 13,600 करोड़ रुपये का घोटाला के बाद, नीरव मोदी के भाई नेहल मोदी ने दुबई और हांगकांग स्थित डमी कंपनियों के निदेशकों के सभी सेल फोन नष्ट कर दिए और नीरव मोदी के कैरो (सेफ हेवन) पहुंचने में मदद के लिए टिकटों की व्यवस्था की।

**नेहल ने कैसे की नीरव मोदी की मदद?–** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नीरव मोदी ने विदेश में 15 से ज़्यादा डमी कंपनियाँ बनाई थीं, ताकि कथित तौर पर पीएनबी से लेटर ऑफ अंडरटेकिंग के जरिए हासिल की गई रकम को निर्यात-आयात लेन-देन की आड़ में इधर-उधर किया जा सके। एजेंसी ने इन कंपनियों के कम से कम 17 डमी निदेशकों की पहचान की थी।

### नेहल पर मोबाइल और रिकॉर्ड नष्ट करने के आरोप

एक डमी निदेशक सहित दो गवाहों के बयानों पर भरोसा करते हुए ईडी बताया था कि पीएनबी में घोटाला सामने आने के बाद डमी निदेशक भारत लौटना चाहते थे। लेकिन उन्हें वहीं रहने के लिए राजी किया गया। नेहल ने दुबई जाकर मामले में अगुवाई की और डमी कंपनी प्रबंधकों/निदेशकों के सभी मोबाइल नष्ट कर दिए। ईडी ने अदालत में नीरव के खिलाफ अपनी अभियोजन शिकायत में आरोप लगाया था कि नेहल व्यक्तिगत रूप से देख रहा था कि सभी खाते, रिकॉर्ड नष्ट कर दिए गए हैं। वह कर्मचारियों को प्रभावित कर रहा था और भारतीय एजेंसियों की ओर से घोटाले की जांच शुरू करने के बाद सबूतों को नष्ट कर रहा था।

### 50 किलो सोना, नकदी और 150 बक्से मोती चुराने के भी आरोप

ईडी ने यह भी आरोप लगाया है कि नेहल ने नीरव की दुबई स्थित कंपनी से करीब 50 किलो सोना, साथ ही हांगकांग से नकदी और 150 बक्से मोती चुराए हैं। ईडी ने दावा किया है कि नेहल दो कंपनियों का निदेशक है, जिन्हें नीरव की डमी कंपनियों से 335.95 करोड़ रुपये मिले थे। 2019 में इंटरपोल ने नीरव और उसकी बहन पूर्वी मोदी मेहता के खिलाफ भी रेड नोटिस जारी किया था।

## श्री रामायण यात्रा ट्रेन: 17 दिन में 30 तीर्थ, आईआरसीटीसी ने 1.17 लाख का पैकेज बनाया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन के बाद धार्मिक पर्यटन को मिली लोकप्रियता को देखते हुए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) 25 जुलाई 2025 से महज 1.17 लाख रुपये में अपनी पांचवीं विशेष श्री रामायण यात्रा ट्रेन शुरू कर रहा है। यह यात्रा दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से शुरू होकर 17 दिनों में अयोध्या, नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर (नेपाल), बक्सर, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, नासिक, हम्पी और रामेश्वरम सहित 30 से अधिक राम की लीला से जुड़े तीर्थ स्थलों को कवर करेगी।



आईआरसीटीसी के एक अधिकारी ने कहा, बीते साल 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इसकी शुरुआत के बाद से यह 5वां रामायण टूर है। हमारे सभी पिछले टूर के यात्रियों और तीर्थयात्रियों से हमें उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। यह यात्रा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन से होगी, जिसमें रेस्टोरेंट, किचन, शावर, सेंसर वाले वॉशरूम और सीसीटीवी सुरक्षा जैसी सुविधाएं मिलेंगी। पांचवीं विशेष श्री रामायण यात्रा तीन श्रेणियां उपलब्ध हैं। इस टूर की कीमत 3 एसी के लिए प्रति व्यक्ति 1,17,975 रुपये, 2 एसी के लिए प्रति व्यक्ति 1,40,120 रुपये और 1 एसी क्लास केबिन के लिए 1,66,380 रुपये और 1 एसी कूप के लिए 1,79,515 रुपये होगी। आईआरसीटीसी के मुताबिक, पैकेज की कीमत में संबंधित वर्गों में ट्रेन यात्रा, 1 एसी, 2 एसी और 3 एसी के लिए 3 स्टार श्रेणी के होटलों में आवास, सभी भोजन (केवल शाकाहारी), एसी कोच में सभी स्थानांतरण और दर्शनीय स्थल, यात्रा बीमा और आईआरसीटीसी टूर मैनेजर की सेवाएं आदि शामिल हैं।

# विंबलडन- नोवाक जोकोविच की 100वीं सिंगल्स जीत

## बेटी तारा ने 'पंप इट अप' डांस किया; वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर राउंड ऑफ 16 में पहुंचे

**स्पेन (एजेंसी)।** विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर नोवाक जोकोविच ने अपने करियर की 100वीं विंबलडन सिंगल्स जीत दर्ज की। उन्होंने सर्बिया के ही मियोमिर केकमानोविच पर 6-3,6-0, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं स्टेडियम में मौजूद उनकी 7 साल की बेटी तारा जोकोविच ने डांस करके सभी का दिल जीत लिया। मैच के बाद जब जोकोविच ऑन-कोर्ट इंटरव्यू दे रहे थे, तो उनसे इस डांस के बारे में पूछा गया। इस पर जोकोविच ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ये डांस मेरी बेटी तारा और बेटे के साथ हमारी एक फैमिली ट्रेडिशन बन चुका है। इस गाने का नाम है 'पंप इट अप'।

**सिनर राउंड ऑफ 16 में पहुंचे** – टेनिस के वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने विंबलडन के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। उन्होंने तीसरे राउंड के मुकाबले में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को सीधे सेट में हरा दिया। दूसरी ओर विमेंस सिंगल्स में भी नंबर-1 एरिना सबालेंका ने अपना मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बना ली।

**सिनर ने 3 डबल फॉल्ट किए** – इटली के सिनर ने मार्टिनेज को 6-1, 6-3, 6-1 के अंतर से हराया। सिनर ने 3 बार अपनी सर्विस डबल फॉल्ट की और मार्टिनेज को पॉइंट्स दे दिए। मार्टिनेज ने एक भी डबल फॉल्ट नहीं किया। मेंस सिंगल्स में इटली के फ्लावियो कोबोली ने भी अगले राउंड में जगह बना ली। उन्होंने चेक रिपब्लिक के याकुब मेनसिक को 6-2, 6-4, 6-2 से हराया।





**मेंस डबल्स में भारत के बालाजी हारे** –मेंस डबल्स में ब्रिटेन की वर्ल्ड नंबर-6 जोड़ी ने अगले राउंड में जगह बना ली। जो सालिसबरी और नील स्कूप्स्की की जोड़ी ने भारत के ऋत्विक चौधरी बोल्लिपाल्ली और कोलंबिया के निकोलस बारिंटोस की जोड़ी को 6-4, 7-6 (9-7) से हराकर अगले राउंड में एंट्री कर ली। भारत के एन श्रीराम बालाजी और मेक्सिको के मिगुएल एंजल की जोड़ी को वर्ल्ड नंबर-4 जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटिना के होरासियो जेबालोस और स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स ने उन्हें 6-4, 6-4 से हराकर अगले राउंड में एंट्री कर ली।

**विमेंस सिंगल्स में जीतीं सबालेंका** –विमेंस सिंगल्स के थर्ड राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका ने भी राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। उन्होंने ब्रिटेन की एमा राडुकानू को 7-6 (8-6), 6-4 से हरा दिया। विमेंस सिंगल्स में ऑस्ट्रेलिया की डारिया कासाकिना, स्पेन की जेसिका बौजास मनेरो, स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक, डेनमार्क की क्लारा टौसोन और रूस की मारा एंड्रिवा ने भी राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली।

## बर्मिंघम में चमका आकाश

### इंग्लैंड को 90 ओवर में 536 रन की थी जरूरत

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत बर्मिंघम टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ मजबूत स्थिति में हैं। भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 608 रन का टारगेट दिया है। बर्मिंघम में आसमान पर आकाश दीप ने अपनी चमक दिखाई और 4 विकेट लिए। रविवार को मैच का आखिरी दिन था। फिलहाल, बर्मिंघम में रुक-रुककर बारिश हो रही थी इसीलिए मैच देर से शुरु हुआ था। इंग्लैंड को 90 ओवर के खेल में 536 रन बनाने हैं, जबकि भारतीय टीम जीत से 6 विकेट दूर थी। 4 विकेट गिर चुके थे। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने 82 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। ओली पोप 24 और हैरी ब्रूक 15 रन पर नाबाद लौटे। आकाश दीप ने जो रूट (6 रन) और बेन डकेट (25 रन) को बोल्ड किया। जबकि मोहम्मद सिराज ने जैक क्रॉली (शून्य) का विकेट लिया।

# शुभमन 1 टेस्ट में 430 रन बनाने वाले पहले भारतीय

## भारत ने पहली बार हजार रन बनाए, गिल ने 11 छक्के लगाए; टॉप रिकॉर्ड्स

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** बर्मिंघम टेस्ट जीतने के लिए भारत ने इंग्लैंड को 608 रन का टारगेट दिया। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन भारत से शुभमन गिल ने 161 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में 269 रन बनाए थे, इसी के साथ वे एक टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले पहले भारतीय बने। टीम इंडिया ने टेस्ट की दोनों पारियां मिलाकर 1014 रन बनाए। टेस्ट इतिहास में भारत ने पहली बार ही एक मैच में हजार रन का आंकड़ा पार किया।



### गिल के रिकार्ड

**शुभमन एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान** –शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बना दिए। उन्होंने एक टेस्ट में 430 रन बना दिए। यह किसी भारतीय कप्तान से एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मैच में 293 रन बनाए थे।

**400 रन बनाने वाले पहले भारतीय** – शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 344 रन बनाए थे। तब गावस्कर ने पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया था। गिल एक पारी में शतक और दूसरी में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के दूसरे ही खिलाड़ी बने।

**1 टेस्ट में दूसरे हाईएस्ट स्कोरर** – शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड से महज 27 रन दूर रह गए। एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड इंग्लैंड के ग्राहम गूच के नाम है। जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ ही 456 रन बनाए थे। शुभमन टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले दुनिया के 5वें ही प्लेयर बने।

**गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर** – शुभमन गिल ने पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 8 छक्के लगाए। उन्होंने 11 सिक्स लगाकर अपनी बैटिंग खत्म की। इसी के साथ वे इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के एंड्रूयू फ्लिंटॉफ, बेन स्टोक्स और भारत के ऋषभ पंत को पीछे छोड़ा। तीनों के नाम 9-9 छक्के का रिकॉर्ड था।

**पंत इंग्लैंड में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले विदेशी** – ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में 3 छक्के लगाए। इसी के साथ इंग्लैंड में उनके नाम 24 छक्के हो गए। वे होमग्राउंड से बाहर किसी एक देश में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। पंत ने बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ा, जिनके नाम साउथ अफ्रीका में 21 सिक्स लगाने का रिकॉर्ड है।



# महिलाओं की 5000 और 1500 मीटर दौड़ में नए विश्व रिकॉर्ड

यूजीन (अमेरिका) (एजेंसी)। कीनिया की बीट्राइस चेबेट ने प्रीफॉन्टेन क्लासिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ 13 मिनट 58.06 सेकंड में जीतकर विश्व रिकार्ड बनाया। चेबेट इस स्पर्धा में 14 मिनट से कम समय निकालने वाली पहली महिला एथलीट बन गई है।

उन्होंने इथियोपिया की गुडाफ त्सेगे द्वारा बनाए गए 14ः00.21 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। त्सेगे ने 2023 प्रीफोंटेन क्लासिक में यह रिकॉर्ड बनाया था। कीनिया की ही फेथ किपयेगोन ने महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ तीन मिनट 48.68 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

इस स्पर्धा में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन किपयेगोन ने 3ः49.04 के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने पिछले साल जुलाई में पेरिस ओलंपिक खेलों के दौरान बनाया था।

# नीरज चोपड़ा ने हासिल किया एनसी क्लासिक का खिताब

## 86.18 मीटर थ्रो के साथ जीता गोल्ड



**बेंगलुर (एजेंसी)।** भारत के ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर अपने दमदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने 86.18 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ एनसी क्लासिक 2025 का खिताब अपने नाम किया।

**जूलियस येगो को रजत, रुमेश पथिरागे को कांस्य** – केन्या के अनुभवी एथलीट जूलियस येगो ने 84.51 मीटर की दूरी तक भाला फेंका और दूसरा स्थान हासिल किया। येगो का यह सर्वश्रेष्ठ प्रयास चौथे राउंड में आया। वहीं, श्रीलंका के रुमेश पथिरागे ने 80.10 मीटर की थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

# 28.66 करोड़ की लागत से पटना में बन रहा है नेशनल लेवल का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 40000 दर्शक बैठ सकेंगे



**पटना (एजेंसी)।** राजधानी के खिलाड़ियों को आने वाले डेढ़ से दो वर्ष में गर्दनीबाग में राष्ट्रीय स्तर का अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मिलने वाला है। शहर के गर्दनीबाग में पहले से मौजूद खेल स्टेडियम को विस्तार देते हुए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का स्वरूप दिया जा रहा है।

28.66 करोड़ की लागत से बन रहे इस परियोजना को बिहार सरकार की कैबिनेट से प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। भवन निर्माण विभाग से मिली सूचना के मुताबिक, आने वाले कुछ महीने में इसके टेंडर की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया जाएगा और इसे विकसित करने वाली कंपनी का चयन कर लिया जाएगा।

भवन निर्माण विभाग की ओर से प्रस्तावित यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स करीब 10 एकड़ भूमि में बनाया जाएगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गमीटर होगा। इस कॉम्प्लेक्स में 40,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए बनाये जा रहे इस कॉम्प्लेक्स में 10 क्रिकेट पिच विकसित किए जाएंगे, जिनमें से 5 पिच विशेष रूप से अभ्यास के लिए आरक्षित होंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए इसमें दो ऐस्ट्रो टर्फ भी लगाए जाएंगे, जो हॉकी जैसे खेलों के लिए उपयुक्त होंगे। खेल आयोजनों और व्यवस्थाओं के संचालन के लिए एक प्रशासनिक ब्लॉक भी तैयार किया जाएगा।

यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स न केवल पटना बल्कि पूरे बिहार के खिलाड़ियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और युवा प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलेगा। साथ ही, यह भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में भी सक्षम होगा।

# वैभव सूर्यवंशी ने यूथ वनडे में ठोका सबसे तेज शतक

## संेचुरी लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बने

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पहले घरेलू क्रिकेट, फिर आईपीएल और अब टीम इंडिया, 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अपनी बल्लेबाजी से कमाल कर रहे हैं। सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 मैच में सिर्फ 52 गेंदों पर शानदार शतक जड़कर यूथ वनडे क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। सूर्यवंशी ने 78 गेंदों पर 143 रन बनाए, जिसमें 10 छक्के और 13 चौके शामिल रहे।

इस धमाकेदार पारी के साथ सूर्यवंशी यूथ वनडे में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने सरफराज खान का एक दशक पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सरफराज ने 2013 में साउथ अफ्रीका अंडर-19 के खिलाफ 15 साल और 338 दिन की उम्र में शतक बनाया था। सूर्यवंशी की इस उपलब्धि ने उन्हें विश्व स्तर पर युवा वनडे में सबसे कम उम्र का शतक बनाने वाला खिलाड़ी भी



बना दिया है, उन्होंने बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2013 में 14 साल और 241 दिन की उम्र में शतक बनाया था। वहीं सूर्यवंशी ने 14 साल, तीन महीने और 11 दिन में यह उपलब्धि हासिल की।

राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव की धमाकेदार पारी ने अब तक के सबसे तेज युवा वनडे शतक का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले पाकिस्तान के कामरान गुलाम ने 2013 में इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ 53 गेंदों में शतक बनाकर यह रिकॉर्ड बनाया था। भारत के लिए राज अंगद बावा ने 2022 अंडर-19 विश्व कप में युगांडा के खिलाफ 69 गेंदों में शतक बनाया था, जो वैभव की पारी से पहले सबसे तेज शतक था।

### इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी

**पहला वनडे** - 48 रन
**दूसरा वनडे** - 45 रन
**तीसरा वनडे** - 86 रन
**चौथा वनडे** - 143 रन

वैभव ने पहली बार आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए अपनी अविश्वसनीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने तब सुर्खियाँ बटोरीं जब उन्होंने मात्र 35 गेंदों में शानदार शतक जड़ा और खुद को सबसे रोमांचक युवा बल्लेबाजों में से एक साबित किया। इस प्रदर्शन के साथ सूर्यवंशी ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल दिख रहा है क्योंकि उनके जैसे युवा प्रतिभाएं बड़े मंच पर कदम रखने के लिए तैयार हैं।

## सुपरयूनाइटेड ब्लिट्ज़

# कार्लसन नें फिर दिखाया अपना दम, गुकेश जीत को तरसे

**जागरेब , क्रोशिया (एजेंसी)।** भारत के वर्तमान विश्व शतरंज चैम्पियन डी गुकेश के लिए ग्रांड चैस टूर के सुपरयूनाइटेड रैपिड में एकतरफा जीत के बाद भी शतरंज के सबसे फटाफट फॉर्मेट ब्लिट्ज़ का रास्ता आसान नहीं माना जा रहा था और हुआ भी कुछ ऐसा ही,कल खेले गए सुपरयूनाइटेड ब्लिट्ज़ शतरंज के पहले दिन एक और जहां गुकेश जीत को भी तरस गए वहीं विश्व के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी नॉर्वे के मैगनस कार्लसन नें बेहद शानदार खेल दिखाते हुए अपराजित रहते हुए एकल बढ़त कायम कर ली है। गुकेश जो रैपिड में सिर्फ एक बार हारे थे ब्लिट्ज़ में कई अच्छी बाज़ियाँ समय की कमी के चलते हारते चले गए और उन्होने एकमात्र जीत फबियानों करूआना के खिलाफ दर्ज की और एक ड्रॉ नीदरलैंड के अनीश गिरि के खिलाफ खेला वहीं मैगनस कार्लसन नें गुकेश को इस बार पराजित करते हुए रैपिड में अपनी हार का हिसाब बराबर कर दिया।



ब्लिट्ज़ का पहला दिन कार्लसन के नाम रहा और उन्होने छह जीत और 3 ड्रॉ के साथ 7.5 अंक बनाए और रैपिड और ब्लिट्ज़ दोनों को मिलाकर कुल 17.5 अंको के साथ पहले स्थान पर पहुँच गए। गुकेश दूसरे दिन अपने रैपिड के 14 अंको में 1.5 जोड़ पाये और 15.5 अंको के साथ वह तीसरे स्थान पर है जबकि रैपिड में 11 अंको के साथ दूसरे स्थान में रहने वाले डुड़ा 5 अंक जोड़ते हुए कुल 16 अंको के साथ दूसरे स्थान पर पहुँच गए है। भारत के आर प्रज्ञानन्दा नें ब्लिट्ज़ के पहले दिन कोशिश तो की पर वह 4.5 अंक जोड़ते हुए कुल 13.5 अंको के साथ पांचवें स्थान पर पहुँच गए है।

ग्रांड चैस टूर के आखिरी और पांचवें दिन अंतिम 9 ब्लिट्ज़ मुक़ाबले खेले जाएँगे और कुल 9 अंक दांव पर होंगे देखना होगा की क्या गुकेश अंतिम दिन वापसी करेंगे या फिर कार्लसन एक बार फिर यह खिताब अपने नाम कर लेंगे।

# देख नहीं सकता, लेकिन जायसवाल का फैन है यह बच्चा

## सलामी बल्लेबाज ने की मुलाकात; दिया खास तोहफा

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने एक प्रशंसक दृष्टिबाधित बच्चे रवि को ऑटोग्राफ वाला बल्ला देकर उसकी मुराद पूरी कर दी। यह बच्चा भारतीय बल्लेबाज से मिलने के लिए बेताब था।



क्रिकेट प्रशंसक रवि इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच से जायसवाल से मिलने की कोशिश कर रहे थे और शनिवार को यहां चल रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन आखिरकार उनकी यह इच्छा पूरी हो गई। खेल के प्रति रवि के जुनून और उसके प्रति प्रेम से अभिभूत होकर, जायसवाल ने बच्चे को अपने ऑटोग्राफ वाला बल्ला उपहार में दिया, जिस पर संदेश लिखा था, 'रवि को प्यार के साथ शुभकामनाएं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में जायसवाल ने रवि से कहा, 'हैलो रवि, आप कैसे हैं? मैं यशस्वी हूं, आपसे मिलकर खुशी हुई। मैं आपसे मिलने के लिए वास्तव में उत्साहित था क्योंकि मुझे पता है कि आप क्रिकेट के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। मैं नहीं जानता कि मैं आपसे मिलने को लेकर नर्वस क्यों था।

जायसवाल ने कहा, 'मेरे पास आपके लिए एक उपहार है... मेरा बल्ला। मैं चाहूंगा कि आप इसे मेरी याद के रूप में रखें। आपसे मिलकर वास्तव में बहुत अच्छा लगा। इस पर रवि ने जवाब दिया, 'आपसे मिलकर मुझे भी बहुत खुशी हुई।

# डब्ल्यूडब्ल्यूई ने बना दी जोड़ी, रिंग में लड़ते-लड़ते बन जीवनसाथी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई के गलियारों से एक खुशखबरी आ रही है। रेसलर्स का आपस में शादी करना कोई नई बात नहीं है। डब्ल्यूडब्ल्यूई में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं। ट्रिपल एच और स्टेफनी मैकमोहन इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं। अब इस लिस्ट में कार्मेलो हेस और केलानी जॉर्डन का नाम भी जुड़ गया है।केलानी जॉर्डन ने अपने एक्स अकाउंट पर इस खबर को साझा किया। उन्होंने बताया कि हेस ने उन्हें 1 जुलाई को शादी के लिए प्रपोज किया था। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, मैंने हां कहा! और मैं हर जन्म में हां कहूंगी। इस फोटो में दोनों अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। ब्लेक मोनरो, निया जैक्स और लोला वाइस जैसे डब्ल्यूडब्ल्यूई सितारों ने भी उन्हें बधाई दी है।जॉर्डन और हेस 2023 से रिलेशनशिप में हैं। दोनों का डब्ल्यूडब्ल्यूई करियर



भी काफी सफल रहा है। हेस आज दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली युवा पहलवानों में से एक हैं। कंपनी को उनकी प्रतिभा पर पूरा भरोसा है। यही वजह है कि उन्होंने एनएक्सटी टाइटल जीता है। उन्होंने दो बार डब्ल्यूडब्ल्यूई नॉर्थ अमेरिकन चैंपियनशिप भी जीता है। इसके अलावा, उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई क्रूजवेट टाइटल भी अपने नाम किया है। डब्ल्यूडब्ल्यूई में शादियां होना आम बात है। कई बड़े सितारे आपस में शादी कर चुके हैं।
उम्मीद है कि कार्मेलो हेस और केलानी जॉर्डन भी डब्ल्यूडब्ल्यूई के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराएंगे। फैंस उन्हें एक खुशहाल और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनिवर्स इस जोड़े के भविष्य को लेकर उत्साहित है।

## संक्षिप्त समाचार

### गैंगरेप के बाद प्रभावशाली व्यक्ति से मिला था मोनोजीत मिश्रा, मांग रहा था मदद मगर...



**कोलकाता , एजेंसी।** कोलकाता लॉ कॉलेज की फर्स्ट ईयर की छात्रा से गैंगरेप मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इसके मुताबिक, 25 जून को वारदात के एक दिन बाद मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा ने अपने मेंटर्स से मदद मांगी थी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में चार लोग मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा, छात्र जैब अहमद, प्रमीत मुखर्जी और 55 वर्षीय सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी शामिल हैं। ये सभी फिलहाल हिरासत में हैं। यह घटना कॉलेज कैंपस के अंदर हुई थी और पुलिस इसकी गहन जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद मोनोजीत मिश्रा दक्षिण कोलकाता के कई इलाकों में गया था। रासबिहारी, देशप्रिय पार्क, गरियाहाट, फर्न रोड और बालीगंज स्टेशन रोड में भटकते हुए उसने अपने परिचितों से संपर्क करने की कोशिश की। मोबाइल टावर डेटा से पता चला कि वह पुलिस स्टेशन के पास भी गया था। एक जांच अधिकारी ने बताया कि 26 जून को मोनोजीत ने देशप्रिय पार्क में एक प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात की, लेकिन उसने मामले की गंभीरता को देखते हुए मदद करने से इनकार कर दिया। उसने पीछे हट जाने की सलाह दी थी। पुलिस अधिकारी ने यह भी बताया कि तीनों आरोपियों ने घटना के बाद गार्ड के कमरे में शराब पी थी। उन्होंने सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को इस घटना के बारे में चुप रहने के लिए कहा था। इसके बाद, तीनों उसी रात ईएम बायपास पर एक ढाबे में गए और रात का खाना खाया था। वे वहां से अगली सुबह अपने घर लौट गए। कोलकाता पुलिस इस मामले में और सबूत जुटाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए मोबाइल डेटा और अन्य सुरागों की जांच की जा रही है।

### बरसात के दिनों में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड; श्रीनगर में 70 साल बाद इतना तापमान

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में शनिवार को 7 दशकों में जुलाई का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। श्रीनगर में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस मौसम के दौरान औसत तापमान से 7.8 डिग्री अधिक है। यह तापमान शहर में अब तक का तीसरा सबसे अधिक तापमान है और 1953 के बाद से सबसे अधिक है। श्रीनगर में अब तक का सबसे अधिक तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस है, जो 10 जुलाई, 1946 को दर्ज किया गया था। इसके अलावा, वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविरों में से एक पहलगाम में पर्यटक रिसॉर्ट में सबसे गर्म जुलाई का दिन रहा। यहां तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पिछला रिकॉर्ड 31.5 डिग्री सेल्सियस था, जो पिछले साल 21 जुलाई को दर्ज किया गया था। कश्मीर में जून से ही भीषण गर्मी पड़ रही है और लगातार चल रही लू ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। स्वतंत्र मौसम पूर्वानुमानकर्ता फैजान आरिफ ने कहा कि घाटी में गर्मी ने कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। उन्होंने असामान्य रूप से भीषण गर्मी को देखते हुए कहा, श्रीनगर में आज सामान्य दिन की तुलना में 6.7 डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान दर्ज किया गया। पर्यटन स्थलों में पहलगाम में सर्वकालिक रिकॉर्ड तोड़ते हुए अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 2006 के बाद से सबसे अधिक है। कश्मीर के प्रवेश द्वार शहर काजीगुंड में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो जुलाई महीने में अब तक का दूसरा सबसे अधिक तापमान है। कोकरनाग के अन्य पहाड़ी रिसॉर्ट में 34.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो शहर के इतिहास में जुलाई महीने का दूसरा सबसे अधिक तापमान है। उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग के पहाड़ी रिसॉर्ट में दिन का तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 24 घंटों में केंद्र शासित प्रदेश में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया है।

# खेत देखने निकले, गलती से पाकिस्तान चले गए अमृतपाल सिंह; मोदी सरकार से परिवार की गुहार

**फिरोजपुर , एजेंसी।**
करीब एक पखवाड़े पहले अनजाने में सीमा पार करके पाकिस्तानी क्षेत्र में चले गए फिरोजपुर के 23-वर्षीय किसान अमृतपाल सिंह के परिवार ने शनिवार को विदेश मंत्रालय से आग्रह किया कि वह जल्द से जल्द उसकी (सिंह की) सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करे। पंजाब में फिरोजपुर जिले के 'खैरे के उत्तर' गांव निवासी अमृतपाल सिंह 21 जून को भारत-पाकिस्तान सीमा पर लापता हो गए थे। वह सीमा सुरक्षा बल की निगरानी में सीमा चौकी (बीओपी) राणा के पास बाड़ के पार स्थित अपने खेत की देखभाल करने गए थे।

सिंह शाम पांच बजे गेट बंद होने के निर्धारित समय से पहले वापस नहीं लौटे। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को बाद में पाकिस्तानी सीमा की ओर जाते हुए पैरों के निशान मिले, जिससे अनजाने में सीमा पार करने की आशंका बढ़ गई। बीएसएफ ने पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ तीन से चार 'फ्लैग मीटिंग' की। हालांकि,



पाकिस्तानी पक्ष ने शुरुआत में किसी अज्ञात व्यक्ति के देखे जाने से इनकार किया।

पाकिस्तानी रेंजर्स ने 27 जून को बीएसएफ अधिकारियों को जानकारी दी कि सिंह स्थानीय पुलिस की हिरासत में हैं। अमृतपाल के पिता जुगराज सिंह ने जिला अधिकारियों से आग्रह किया कि राज्य सरकार को उनके बेटे की वापसी सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले पर चर्चा करनी चाहिए। अमृतपाल सिंह शादीशुदा हैं और उसकी तीन महीने की बेटी है। उनके पास सीमा पर बाड़ के पार भारतीय सीमा में करीब 8.5 एकड़ कृषि भूमि है। पिता ने बताया कि वह दोपहर को अपनी बाइक पर सवार होकर गए थे, लेकिन शाम को वापस नहीं लौटे। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने अंधेरा होने से पहले भी दोबारा गेट खोला, लेकिन वह नहीं लौटे। गर्मियों के महीनों में किसानों को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे के बीच बीएसएफ की सख्त निगरानी में कांटेदार तार की बाड़ और अंतरराष्ट्रीय सीमा के बीच की भूमि तक जाने की अनुमति दी जाती है। फाजिल्का, फिरोजपुर, गुरदासपुर, पठानकोट, अमृतसर और तरनतारन सहित सीमावर्ती जिलों के कई किसानों की कृषि भूमि इस क्षेत्र में है, जिसे 'जीरो लाइन' के रूप में जाना जाता है।

## देवता को भोग लगाने के लिए चाहिए थे पैसे, 12 साल के बेटे को बंधुआ मजदूरी के लिए 20000 में सौंप दिया

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। एक बाप ने अपने बेटे को पैसे के लिए बंधुआ मजदूर के रूप में रिश्तेदार को सौंप दिया। दरअसल, बाप को गांव में एक देवता को भोग लगाने के लिए पैसों की जरूरत थी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि 12 साल के एक लड़के को उसके पिता ने बंधुआ मजदूरी के लिए 20000 रुपये में 10 महीने के लिए एक रिश्तेदार को सौंप दिया था। हालांकि लड़का भागने में सफल रहा और उसे बूंदी रेलवे स्टेशन से बचा लिया गया। उसके पिता अपने गांव में एक देवता को भोग लगाना चाहते थे। इस चाइल्डलाइन 1098 के जिला समन्वयक रामनारायण गुर्जर ने के लिए उन्हें 20000-25000 रुपए की जरूरत थी। इसलिए उन्होंने लड़के को अपने रिश्तेदार को सौंप दिया, जो बूंदी में पॉप आर्ट मूर्तियां बनाता था।बताया कि बूंदी चाइल्डलाइन को गुरुवार को जयपुर कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि बूंदी रेलवे स्टेशन पर एक लड़का बैठा है। वह उदयपुर जाना चाहता था। उन्होंने बताया कि वे और काउंसलर मंजीत मौके पर पहुंचे और लड़के को बचाया। उसे बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सामने पेश किया गया। बूंदी सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष सीमा पोद्दार ने बताया कि 21 जून को बच्चे को बूंदी लाया गया था। सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक उससे काम करवाया जाता था। उन्होंने बताया कि लड़का वहां काम नहीं करना चाहता था। चूंकि उसके पिता ने पैसे ले लिए थे, इसलिए वह घर नहीं लौट सका। गुरुवार को लड़के ने भागने का फैसला किया और बूंदी रेलवे स्टेशन पहुंच गया। उसने एक अजनबी से मदद मांगी और अपनी मां को फोन किया। बच्चे को बचाने में मानव तस्करी विरोधी इकाई, श्रम विभाग और चाइल्डलाइन की एक टास्कफोर्स को शामिल किया गया। रिश्तेदार के खिलाफ बीएनएस, किशोर न्याय और बाल श्रम कानूनों की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

## कुलेसरा पुस्ता पर 2 किमी हिस्से में चौड़ा होगा डीएससी रोड, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का क्या प्लान

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) रोड को हिंडन कुलेसरा पुस्ता से सूरजपुर की तरफ लगभग दो किलोमीटर हिस्से में चौड़ा किया जाएगा। सड़क के दोनों तरफ चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। इससे लोगों को जाम से राहत मिलेगी। डीएससी मार्ग पर सुबह-शाम के समय ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के साथ दादरी को सीधे जोड़ने का मुख्य मार्ग होने की वजह से दिन रात वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। इस मार्ग पर कुलेसरा और हल्दौनी में मार्केट होने की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यस्त घंटों में जाम लग जाता है। सड़क के किनारे अतिक्रमण भी हो रखा है। इसको देखते हुए ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ने इस हिस्से में सड़क को चौड़ा करने की कार्ययोजना तैयार की है। ग्रेटर



नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम ने बताया कि हिंडन (कुलेसरा पुस्ता) से सूरजपुर की तरफ कच्ची सड़क तक मुख्य मार्ग को दोनों तरफ चौड़ा करने का कार्य किया जाएगा। योजना के मुताबिक, जमीन की उपलब्धता के आधार पर एक से दो मीटर तक चौड़ा किया जाना है, ताकि आवागमन सुगम हो सके। वरिष्ठ प्रबंधक ने बताया कि सर्विस मार्ग की मरम्मत कर उसे भी सही किया जाएगा। जल निकासी के लिए उन स्थानों पर नाली का निर्माण किया जाएगा, जहां पर अभी यह सुविधा नहीं है। विकास कार्यों को लेकर जारी की गई निविदा की प्रक्रिया पूरी कर एक माह बाद काम शुरू करा दिया जाएगा। इन विकास कार्यों पर लगभग 8.15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश बढ़ने और शहर का विस्तार होने से शहर में ट्रैफिक का दबाव बढ़ रहा है। भविष्य में लोगों को जाम की समस्या से न जूझना पड़े, इसके लिए सभी प्रमुख सड़कों को चिह्नित कर उन्हें चौड़ा करने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। प्राधिकरण के अधिकारी का कहना है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान सेवा शुरू होने का समय नजदीक आ गया है। ट्रैफिक के दबाव वाली सड़कों को जाम मुक्त करने का प्रयास है। वरिष्ठ प्रबंधक के अनुसार कुलेसरा और हल्दौनी क्षेत्र में मुख्य मार्ग को चौड़ा करने के साथ सूरजपुर और तिलपता में सड़क का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इन कार्यों के पूरा हो जाने के बाद इस साल के अंत तक डीएससी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। एनजी रवि कुमार, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, डीएससी मार्ग को कुलेसरा और हल्दौनी क्षेत्र में चौड़ा करने की तैयारी है। इस काम के लिए कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं। 130 मीटर चौड़ी सड़क को चौड़ा करने का काम भी तेज कर दिया गया है। सड़कें चौड़ी होने से जाम से राहत मिलेगी।

## कोलंबियाई सीनेटर और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की गोली मारकर हत्या करने का कथित मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**कोलंबियाई , एजेंसी।**
कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने बताया कि एक रूढ़िवादी कोलंबियाई सीनेटर और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की गोली मारकर हत्या करने के कथित मास्टरमाइंड को हमले के लगभग एक महीने बाद शनिवार को हिरासत में ले लिया गया। राष्ट्रीय पुलिस निदेशक मेजर जनरल कार्लोस फर्नांडो ट्रियाना ने संवाददाताओं को बताया एल्डर जोस आर्टेगा हर्नांडेज़, उर्फ़ चिपी या कोस्टेनो को राजधानी बोगोटा के उत्तर-पश्चिमी हिस्से के एक इलाके से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने पहले उस पर और अन्य संदिग्धों पर बोगोटा पार्क के पास होने का आरोप लगाया था, जहां सात जून को दिनदहाड़े मिगुएल उरीबे टर्बे को गोली मारी गई थी। अक्टूबर



में 2026 के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के इरादे की घोषणा करने वाले उरीबे गहन देखभाल में हैं और उनकी कई सर्जरी हो चुकी हैं। अपनी सीनेट सीट से वह राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के सबसे मुखर आलोचकों में से एक बन गए थे।

## डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में चूक, गोल्फ क्लब के ऊपर आया विमान; एफ-16 ने खदेड़ दिया

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में भारी चूक की घटना सामने आई है। अमेरिकी वायु रक्षा एजेंसी नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने शनिवार को एक नागरिक विमान को एफ-16 फाइटर जेट की मदद से इंटरसेप्ट किया। यह विमान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेडमिंस्टर स्थित गोल्फ क्लब के ऊपर से उड़ान भर रहा था, जो कि उस समय अस्थायी नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया था। नोराद के मुताबिक, यह दिन भर में पांचवीं ऐसी घुसपैठ थी।

इंटरसेप्ट के दौरान एफ-16 ने हेडबट रणनीति अपनाई, जिसमें लड़ाकू विमान नागरिक विमान के आगे उड़ता है ताकि उसकी ओर ध्यान आकर्षित हो सके। इसके बाद विमान को सुरक्षित रूप से वर्जित हवाई क्षेत्र से बाहर निकाल दिया गया।

आपको बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप इन दिनों छुट्टियां मनाने के लिए न्यू जर्सी में हैं। उनकी मौजूदगी के चलते यह हवाई क्षेत्र अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया गया था। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि इस घटना से ट्रंप की सुरक्षा या कार्यक्रम पर कोई असर नहीं पड़ा।

इससे पहले मार्च महीने में भी फ्लोरिडा में उनके निवास मार-ए-लागो के ऊपर नो-फ्लाई जोन का उल्लंघन हुआ था। तब भी एफ-16 विमानों को भेजा गया था और फ्लेयर छोड़कर




नागरिक विमान को चेतावनी दी गई थी। नोराद ने बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है और सभी पायलटों से आग्रह किया है कि वे उड़ान भरने से पहले नोटिस टू एयरमेन और ञ्जस्नक्र टेम्परेरी फ्लाइट रेस्ट्रिक्शन की जानकारी अवश्य लें। कमांडर जनरल ग्रेगरी गिलॉट ने कहा, ञ्जस्नक्रनियमों का पालन आवश्यक है ताकि विमानन सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रपति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जनवरी 2025 से अब तक ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें नागरिक विमानों ने जानबूझकर या अनजाने में नो-फ्लाई जोन का उल्लंघन किया है।

## 1 अगस्त से 100 देशों पर लगेगा ट्रंप का नया टैरिफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका 1 अगस्त, 2025 से लगभग 100 देशों से आयात पर 10 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लगाएगा। इसे अधिकारी ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी के व्यापक रीसेट के रूप में देख रहे हैं। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने इस कदम की पुष्टि की, यह संकेत देते हुए कि बेसलाइन टैरिफ व्यापक रूप से लागू होगा - यहां तक कि उन देशों पर भी जो वर्तमान में वाशिंगटन के साथ बातचीत कर रहे हैं। बेसेन्ट ने ब्लूमबर्ग टेलीविजन से कहा, हम देखेंगे कि राष्ट्रपति बातचीत करने वालों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहते हैं, क्या वे इस बात से खुश हैं कि वे सद्भावना से बातचीत कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम लगभग 100 देशों को देखेंगे जिन्हें न्यूनतम 10 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ मिलेगा और हम वहीं से आगे बढ़ेंगे। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने 12 देशों को इसे लें या छोड़ दें ढांचे के तहत नए टैरिफ स्तरों का विवरण देने वाले पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। औपचारिक प्रस्ताव सोमवार को भेजे जाने की उम्मीद है। हालांकि उन्होंने शामिल देशों के नाम बताने से इनकार कर दिया, लेकिन कथित तौर पर सूची में भारत, जापान और यूरोपीय संघ के सदस्य शामिल हैं। प्रशासन का कहना है कि टैरिफ अमेरिकी निर्यात के लिए अधिक अनुकूल व्यापार शर्तों को आगे बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। लेकिन नीति की व्यापक पहुंच - दुनिया के लगभग आधे देशों को लक्षित करना - दशकों में सबसे आक्रामक व्यापार पुनर्संरेखण में से एक है। भारत को विशेष रूप से तत्काल आवश्यकता का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत टैरिफ के अस्थायी अमेरिकी निलंबन की अवधि 9 जुलाई को समाप्त हो रही है।

## इजरायल से युद्ध के बाद पहली बार दिखे अली खामनेई, कहां छिपे थे ईरान के सुप्रीम लीडर?

**तेहरान , एजेंसी।** इजरायल से युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई शनिवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखे हैं। वह आशूरा से जुड़े एक शोक समारोह में शामिल हुए। खामेनेई के सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आने से नेतृत्व पर सवाल उठने लगे थे।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, ईरानी राज्य टेलीविजन ने अशूरा के मौके पर आयोजित एक बड़े धार्मिक कार्यक्रम की फुटेज प्रसारित की, जिसमें खामेनेई काले पारंपरिक वस्त्रों में कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करते दिखाई दिए। उपस्थित लोगों ने 'लब्बैक या हुसैन' के नारे लगाए और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

यह सार्वजनिक उपस्थिति 13 जून को शुरू हुई जंग के बाद पहली बार है, जब खामेनेई किसी जनसमूह के बीच नजर आए। इस दौरान उन्होंने कोई प्रत्यक्ष बयान नहीं दिया था और ना ही किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखे ते। उन्होंने रिकॉर्डेड वीडियो संदेशों के जरिए ही जनता से संवाद किया था। ईरानी अधिकारियों ने पहले कहा था कि खामेनेई की गैर-मौजूदगी सुरक्षा कारणों से थी। युद्ध के पहले कुछ दिनों में जब इजरायली हवाई हमले अपने चरम पर थे, तब उनकी सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए उन्हें सार्वजनिक उपस्थिति से दूर कर दिया गया। विपक्ष और अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों के बीच यह चर्चा जोरों पर थी कि खामेनेई किसी बंकर या सुरक्षित स्थान पर हैं। हालांकि, ईरानी प्रशासन ने बार-बार यह स्पष्ट किया कि वे स्वस्थ और नियंत्रण में हैं।

# जिनपिंग से छीने गए राष्ट्रपति के अधिकार? चीन के आर्मी जनरल ने क्या बड़ा खेल कर दिया

**बीजिंग, एजेंसी।**
ऐसा दावा किया जा रहा है कि जिनपिंग को अपनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जनरलों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। क्या जिनपिंग के गायब होने के पीछे क्या उनके ही आर्मी के जनरल्स हैं।

मई के आखिर से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अचानक सार्वजनिक रूप से गायब हो जाने से चीन के अंदर और बाहर दोनों जगह अटकलों का दौर शुरू हो गया है। सरकारी मीडिया, सार्वजनिक कार्यक्रमों और कूटनीतिक कार्यक्रमों से उनकी लंबे समय तक अनुपस्थिति ने उनके स्वास्थ्य, अधिकार और यहां तक ??कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के भीतर सत्ता संघर्ष या तख्तापलट की संभावना को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसा दावा किया जा रहा है कि जिनपिंग को अपनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जनरलों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। क्या जिनपिंग के गायब होने के पीछे क्या उनके ही आर्मी के जनरल्स हैं। एक उल्लेखनीय बदलाव में, चीन के सरकारी मीडिया आमतौर पर शी जिनपिंग की कवरेज से भरा रहता



है। राष्ट्रपति पर अपनी रिपोर्टिंग में उल्लेखनीय कमी की है। विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के हाई-प्रोफाइल दौरे अब निचले स्तर के पार्टी अधिकारियों द्वारा संभाले जा रहे हैं, इस कदम ने अफवाहों को और हवा दी है। यह पहले ही पुष्टि हो चुकी है कि शी ब्राजील में होने वाले आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे, जो ब्लॉक में चीन की अग्रणी भूमिका को देखते हुए एक असामान्य कदम है। ऐसे मामलों में लोगों की नज़रों से ओझल होना ऐतिहासिक रूप से चीन में सत्ता परिवर्तन या राजनीतिक उथल-पुथल के साथ हुआ है, जिससे पर्यवेक्षक यह पूछने पर मजबूर हो जाते हैं- क्या कोई बड़ी राजनीतिक घोषणा या बदलाव होने वाला है? अक्सर एक मजबूत और सत्तावादी नेता के रूप में चित्रित किए जाने वाले शी ने हाल के वर्षों में पार्टी के नियमों को फिर से लिखकर, सैन्य अधिकारियों को हटाकर और असहमति को शांत करके सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। हालांकि, चीनी सैन्य प्रतिष्ठान के भीतर, विशेष रूप से पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के भीतर आंतरिक घर्षण के संकेत बढ़ रहे हैं। जून की शुरुआत में बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के साथ एक बैठक के दौरान, पर्यवेक्षकों ने शी की बॉडी लैंग्वेज में एक असामान्य बदलाव देखा - वे शांत दिखाई दिए, उनकी सुरक्षा व्यवस्था कम हो गई, और रेड-कार्पेट ट्रीटमेंट कम हो गया। इसके तुरंत बाद, उनके पिता की समाधि की आधिकारिक स्थिति को चुपचाप रद्द कर दिया गया - जो शी के कम होते प्रतीकात्मक अधिकार का एक और संभावित संकेत है। पद छोड़ना पड़ता है, तो पीएलए के जनरल झांग यूक्सिया नेतृत्व के लिए एक प्रमुख दावेदार के रूप में उभर रहे हैं। झांग, जो कथित तौर पर शी की नीतियों के खिलाफ मुखर हो रहे हैं, माना जाता है कि उन्हें पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ का समर्थन प्राप्त है। सेना के साथ उनके घनिष्ठ संबंध और सीसीपी के भीतर बढ़ते प्रभाव उन्हें सत्ता परिवर्तन की स्थिति में संभावित उत्तराधिकारी बनाते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129